CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29⁰ C
न्यूनतम : 17⁰ C

मुरादाबाद, शनिवार 4 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 228 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 | 15 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश पुलिस में जल्द पूरी होगी 81 हजार पदों पर भर्ती: योगी पेज 2



मुंबई के खिलाफ दिल्ली का लक्ष्य इतिहास बदलना खेल टाइम्स




ईरान-अमेरिका युद्ध से दुनिया में लगा महंगाई का तड़का सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट में ईरान-ओमान के साथ मिलकर करेगा खेल पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान के रेगिस्तान में ओले गिरे, सात जिलों में बारिश

**नई दिल्ली।** देशभर में गर्मी की शुरुआत के बाद मौसम ने फिर करवट ली है। राजस्थान के रेगिस्तानी जिलों जैसलमेर और बीकानेर में शुक्रवार को ओले गिरे। जयपुर समेत सात जिलों में बारिश हुई। चूरू में धूल भरी आंधी चली। पंजाब के साथ ही चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में भी मौसम बदला। मोहाली, पठानकोट और बठिंडा के कुछ इलाकों में बारिश हुई। उत्तर प्रदेश में वाराणसी समेत कई जिलों में तेज धूल भरी आंधी के बाद बारिश हुई। प्रयागराज और जौनपुर सहित सात जिलों में तेज हवा चली और बारिश हुई। चित्रकूट में बिजली गिरने से 2 और ललितपुर में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली में भी शुक्रवार सुबह धूलभरी आंधी चली।

### चुनाव के लिए मतदान के दिन सवेतन अवकाश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनावों और उपचुनाव के दिन सभी पात्र कर्मचारियों के लिए सवेतन अवकाश अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है। आयोग के अनुसार विधानसभा चुनाव के घोषित कार्यक्रम के तहत असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव तथा गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा के 8 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराए जा रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, असम, केरल, पुड्डुचेरी, गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल 2026 को मतदान होगा।

### पश्चिम बंगाल में मालदा हिंसा का मुख्य आरोपी अरेस्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा में एसआईआर से जुड़े न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में मुख्य आरोपी समेत 35 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के 48 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी मोफक्करुल इस्लाम को बागडोगरा एयरपोर्ट से पकड़ा। वह बेंगलुरु भागने की फिराक में था। इस्लाम कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील है। वह 2011 में एआईएमआईएम का उम्मीदवार रह चुका है। मोफक्करुल पर आरोप है कि मालदा के सुजापुर में 1 अप्रैल को एसआईआर में नाम कटने के विरोध प्रदर्शन में भड़काऊ भाषण दिया। इससे लोग भड़क गए और हजारों लोगों ने कलियाचक के बीडीओ ऑफिस को घेर लिया।

### फ्लाइट में 60 प्रतिशत सीटें मुफ्त देने के फैसले पर रोक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एयरलाइंस को फ्लाइट में 60 फीसदी सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क के चुनने देने वाले निर्देश को अस्थायी रूप से रोक दिया है। यह नियम 20 अप्रैल से लागू होना था, लेकिन अब इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 15 दिन पहले 18 मार्च को कहा था कि डीजीसीए को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी फ्लाइट में सीट चयन के लिए न्यूनतम 60 फीसदी सीटें बिना चार्ज उपलब्ध कराई जाएं।

# ईरान ने जिंदा पकड़ा अमेरिकी पायलट!, एक और एफ-15 विमान गिराने का दावा

तेहरान, वार्ता

**ईरान और अमेरिका** के बीच बढ़ता तनाव कम होने का नाम ही नहीं ले रहा हैं। दोनों देश अपने-अपने हिसाब के कई बड़े दावे कर रहे हैं। कभी अमेरिका कहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। वहीं, इन सबके बीच ईरान की ओर से भी बड़ा दावा किया गया है।

ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा है कि उसकी सेना ने एक और अमेरिकी एफ-15ई स्टील्थ लड़ाकू विमान को मार गिराया है। ईरानी सेना ने शुक्रवार को दो उन्नत अमेरिकी लड़ाकू विमानों को मार गिराने की बात कही है। जिनमें दूसरा एफ-35 विमान भी शामिल है। एजेंसी ने विमान के मलबे की



■ **व्हाइट हाउस ने मामले को लेकर साधी चुप्पी**

तस्वीरें भी जारी की हैं और कहा है कि यह विमान अमेरिका के लेकनहीथ स्क्वाड्रन का था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि विमान पूरी तरह तबाह हो गया और पायलट के बचने की संभावना बहुत कम है। ईरान के सरकारी टीवी से जुड़े एक स्थानीय चैनल ने दावा किया है कि दक्षिण-पश्चिमी ईरान में एक अमेरिकी लड़ाकू विमान का पायलट पैराशूट के जरिये बाहर निकल गया। चैनल ने लोगों से अपील की कि यदि कोई पायलट को जिंदा पकड़कर पुलिस को सौंपता है, तो उसे इनाम दिया जाएगा। एजेंसी के मुताबिक, अमेरिका ने ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और सी-130 विमान से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पायलट की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस दावे पर अभी तक अमेरिका की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है और मामले की पुष्टि नहीं हो सकी है। ईरान का दावा है कि पिछले 24 घंटों में यह दूसरा एफ-15ई विमान है, जिसे मार गिराया गया है। इससे पहले 2 अप्रैल और 23 मार्च को भी ऐसे ही दावे किए गए थे। ईरान लगातार कह रहा है कि उसने अमेरिकी आधुनिक लड़ाकू विमानों को निशाना बनाया है और उन्हें गिराया है। आईआरजीसी ने इन हमलों की पुष्टि की है। एक बयान में आईआरजीसी ने कहा कि उसकी नव विकसित हवाई रक्षा प्रणालियों ने मध्य ईरान में एक स्टील्थ एफ-35 लड़ाकू विमान को सफलतापूर्वक निशाना बनाकर मार गिराया है। आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिकी वायुसेना के लेकनहीथ स्क्वाड्रन से संबंधित यह विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया और पायलट के बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।

आईआरजीसी ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली के पूर्ण विनाश के बारे में ट्रम्प के दावे को झूठा दावा बताया है। इस बयान में ईरान के एकीकृत हवाई रक्षा नेटवर्क की निरंतर प्रभावशीलता पर जोर देते हुए कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के झूठे दावे के बाद, कुछ ही क्षण पहले केशम द्वीप के दक्षिण में आईआरजीसी नौसेना की आधुनिक उन्नत हवाई रक्षा प्रणाली ने शत्रु के उन्नत लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। ईरानी मीडिया के अनुसार, यह कार्रवाई अमेरिकी सेना के लिए हाल ही में बड़ा झटका है। युद्ध की शुरुआत के बाद से, ईरान ने दो एफ-35, एक एफ-18, दो एफ-16 और चार एफ-15 सहित कई उन्नत अमेरिकी विमानों को मार गिराया है।

### ईरान के हमले में अमेरिकी रडार को नुकसान

**वाशिंगटन।** ईरान के सऊदी अरब में प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर किए गए हमले में अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) के एक रडार एएन/टीपीवाई-2 को नुकसान पहुंचा है। सीएनएन ने सैटेलाइट चित्र का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। यह रडार, प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर कई चलने वाले ट्रेलरों के बीच बंटा हुआ है, अभी खुले में है। एंटीना जला हुआ लगता है और उसका एक बड़ा हिस्सा गायब है। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान समेत ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने जवाब में इजरायली इलाके और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया, जिसमें बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब शामिल हैं।

# ट्रम्प सरकार में उथल-पुथल

## 24 घंटे के दौरान निकाले गए आर्मी चीफ और अटॉर्नी जनरल

**वाशिंगटन।** अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को हटाए जाने के बाद अब ट्रम्प सरकार में कुछ और बड़े अफसरों को निकाले जाने की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी वेबसाइट द अटलांटिक की रिपोर्ट के मुताबिक अगला नंबर एफबीआई चीफ काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का हो सकता है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने आर्मी चीफ जनरल रैंडी जार्ज को तुरंत रिटायर होने का आदेश दिया।

व्हाइट हाउस के प्लान से जुड़े कई लोगों ने बताया कि और भी अधिकारियों को हटाने पर चर्चा चल रही है। इसमें आर्मी सेक्रेटरी डेनियल ड्रिस्काल और लेबर सेक्रेटरी लोरी चावेज-डीरेमर का नाम भी शामिल है। ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में बड़े अधिकारियों को हटाने से बचते रहे थे। उन्हें लगता था कि ऐसा करना डेमोक्रेट्स और मीडिया के सामने झुकना होगा। पिछले कुछ महीनों तक यह आदेश था कि मिडटर्म चुनाव से पहले किसी कैबिनेट अधिकारी को नहीं हटाया जाएगा, लेकिन ईरान युद्ध के बाद ट्रम्प की लोकप्रियता घटने से स्थिति बदल गई है। ईरान से जंग के बीच अमेरिकी सरकार में तेजी से प्रशासनिक बदलाव हो रहे हैं। सबसे पहले होमलैंड सिक्योरिटी चीफ क्रिस्टी नोएम को बेदखल किए जाने से इसकी शुरुआत हुई। उन्हें किस वजह से हटाया गया इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई वजह नहीं बताई गई है। कुछ समय से उनकी काम करने की शैली और फैसलों पर सवाल उठ रहे थे। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की जिम्मेदारी होती है कि देश को अंदर और बाहर से आने वाले खतरों से सुरक्षित रखा जाए। उनकी राजनीतिक छवि भी विवादों में रही, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ रहा था। आलोचकों का कहना था कि वे ज्यादा राजनीतिक बयानबाजी कर रही हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने से पहले ही साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम को होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का चीफ बनाने के लिए नामित कर दिया था। व्हाइट हाउस के एक करीबी ने द अटलांटिक से कहा कि क्रिस्टी नोएम को हटाने पर जो प्रतिक्रिया मिली, उससे ट्रम्प को हिम्मत मिली और उन्होंने बॉन्डी को हटाने का फैसला आगे बढ़ाया। माना जा रहा है कि पैम बॉन्डी ने एपस्टीन मामले को ठीक से नहीं संभाला। दरअसल, एपस्टीन मामले से जुड़ी सच्चाई सामने लाने की मांग लंबे समय से हो रही थी, खासकर 'क्लाइंट लिस्ट' को लेकर, जिसमें यह बताया जाता है कि किन-किन प्रभावशाली लोगों का उससे संबंध था। एपस्टीन पर आरोप था कि वह नाबालिग लड़कियों का शोषण करता था और एक बड़ा नेटवर्क चलाता था, जिसमें ताकतवर और अमीर लोग शामिल हो सकते थे। इसी वजह से लोग यह जानना चाहते हैं कि उस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल था। इसी दबाव में बॉन्डी ने कुछ लोगों को व्हाइट हाउस बुलाया और उन्हें एपस्टीन फाइल्स फेज 1 नाम का फोल्डर दिया। फोल्डर देने के बाद मामला उल्टा बॉन्डी के लिए परेशानी बन गया। दरअसल उम्मीद थी कि कोई बड़ी जानकारी या खुलासा सामने आएगा, लेकिन जब लोगों ने उन्हें देखा, तो पता चला कि उनमें कोई नई या चौंकाने वाली जानकारी नहीं थी।

■ **काश पटेल-तुलसी गबार्ड को भी हटाने की चर्चा**



### रैंडी जॉर्ज समय से एक साल पहले जबरन निकाले गए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज को भी तुरंत रिटायर होने का आदेश दिया गया है। सूत्रों ने दावा किया है कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यह आदेश दिया। रैंडी का पद साल 2027 में समाप्त होने वाला था। उनके जाने के बाद वाइस चीफ ऑफ स्टाफ जनरल क्रिस्टोफर लॉ नेव कार्यवाहक आर्मी चीफ की जिम्मेदारी संभालेंगे। ला नेव पहले हेगसेथ के सहायक रह चुके हैं। इस पूरे मामले में आधिकारिक तौर पर कोई वजह नहीं दी गई है। पेंटागन ने सिर्फ इतना कहा कि वह रिटायर हो रहे हैं और उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया,लेकिन जो संकेत मिलते हैं, उनसे लगता है कि यह फैसला व्यक्तिगत गलती की वजह से नहीं, बल्कि बड़े स्तर पर हो रहे बदलाव का हिस्सा है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ अपने पद संभालने के बाद कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को हटा या बदल चुके हैं। यानी सेना के टॉप लेवल पर नई टीम बनाई जा रही है। एक और बात यह है कि रैंडी जॉर्ज को पिछली सरकार के समय नियुक्त किया गया था।

# तारागिरी युद्धपोत भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल

## रक्षा मंत्री ने कहा: मजबूत व सक्षम नौसेना समय की जरूरत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मजबूत और सक्षम नौसेना को समय की जरूरत बताते हुए कहा है कि भारतीय नौसेना महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों, 'चोक प्वॉइंट्स' और राष्ट्रीय हितों से जुड़े डिजिटल ढांचों की सुरक्षा कर रही है, जिससे भारत जिम्मेदार समुद्री शक्ति के रूप में पहचान बना रहा है।

प्रोजेक्ट 17 ए श्रेणी के चौथे अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस तारागिरी को शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में श्री सिंह की उपस्थिति में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। आधुनिक नौसैनिक जहाज निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण यह नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट, लगभग 6,670 टन के वजन के साथ, युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के सहयोग से ब ह ु - भ ू मि क ा अभियानों के लिए निर्मित किया गया है। यह उन्नत स्टील्थ तकनीक का उपयोग करता है, जिससे इसकी रडार पहचान क्षमता काफी कम हो जाती है और इसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में घातक बढ़त मिलती है। पचहत्तर प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री और कम समय में निर्मित आईएनएस तारागिरी भारत की जहाज निर्माण क्षमता और मजबूत सार्वजनिक- निजी सहयोग का उदाहरण है। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में आईएनएस तारागिरी को केवल एक युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और सशक्त नौसैनिक शक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जहाज उच्च गति से संचालित हो सकता है और लंबे समय तक समुद्र में तैनात रह सकता है। इसमें ऐसे तंत्र लगे हैं जो दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हैं, अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत जवाब दे सकते हैं। इसमें आधुनिक रडार, सोनार और ब्रह्मोस जैसी मिसाइल प्रणालियां तथा सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगी हैं, जो इसकी क्षमता को और बढ़ाती हैं।

**तारागिरी केवल एक युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और सशक्त नौसैनिक शक्ति का प्रतीक: राजनाथ सिंह**



# हम अकेले जिसने होर्मुज में अपने नाविक खोए: भारत

## भारतीय विदेश सचिव ने कहा: इस संकट का समाधान बातचीत से ही संभव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक बड़ी ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। बैठक में विक्रम मिसरी ने कहा कि होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक होर्मुज स्ट्रेट संकट में अब तक 3 भारतीय नाविक मारे जा चुके हैं, ये सभी विदेशी जहाजों पर काम कर रहे थे। भारत ने कहा कि इस पूरे संकट का हल सिर्फ बातचीत और शांति से ही निकल सकता है। भारत ने सभी देशों से अपील की कि तनाव कम करें और आपसी बातचीत के जरिये रास्ता निकालें। वहीं भारत के लिए आ रहा ईरानी कच्चे तेल का टैंकर अचानक अपना रास्ता बदलकर चीन की




ओर मुड़ गया। यह टैंकर करीब 7 साल बाद भारत पहुंचने वाला पहला ईरानी तेल जहाज था और गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा हुआ था। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक जहाज पिछले तीन दिनों से भारत की ओर बढ़ रहा था, लेकिन गुजरात के पास पहुंचने से ठीक पहले उसने अपना रास्ता बदल दिया और अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसके पीछे पेमेंट से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। केपलर के लीड रिसर्च एनालिस्ट सुमित रितोलिया के मुताबिक, पहले सप्लायर्स 30 से 60 दिन का क्रेडिट देते थे, लेकिन अब वे एडवांस या तुरंत भुगतान की मांग कर रहे हैं। इसी वजह से डील अटक गई और टैंकर ने रूट बदल लिया। हालांकि, जहाज का एआईएस (ट्रैकिंग सिस्टम) डेस्टिनेशन कभी भी बदला जा सकता है। अगर पेमेंट से जुड़े मुद्दे सुलझ जाते हैं, तो टैंकर दोबारा भारत की ओर भी आ सकता है। वाडिनार पोर्ट पर नायरा एनर्जी की करीब 20 मिलियन टन क्षमता वाली रिफाइनरी है, जहां इस टैंकर के पहुंचने की संभावना थी। गौरतलब है कि 2018 तक भारत ईरान से बड़ी मात्रा में सस्ता तेल खरीदता था। उस समय भारत रोजाना करीब 5.18 लाख बैरल ईरानी तेल आयात करता था, जो कुल आयात का लगभग 11.5 प्रतिशत था। लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत ने ईरान से तेल खरीदना बंद कर दिया और अन्य देशों से सप्लाई बढ़ा दी।

■ **ऑनलाइन बैठक में 60 देश हुए शामिल**
■ **भारत आने वाला ईरानी तेल टैंकर चीन मुड़ा, गुजरात के पास बदला रूट, पेमेंट विवाद की आशंका**

# एमसीडी और एएसआई के रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने राष्ट्रीय राजधानी में दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

पहला मामला 31 मार्च को दर्ज किया गया था, जिसमें शाहदरा नॉर्थ जोन में तैनात एक बेलदार पर आरोप है कि उसने एक व्यक्ति के घर को न गिराने के बदले 80,000 रुपये की रिश्वत मांगी। एक अप्रैल को सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को 5,000 रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि वह अपने लिए 5,000 रुपये और एक जूनियर इंजीनियर के लिए 70,000 रुपये मांग रहा था। इसके बाद जूनियर इंजीनियर की भूमिका भी सामने आने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरे मामले में, सीबीआई ने नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर सब-सर्कल में तैनात एएसआई के एक संरक्षण सहायक और एक मॉन्यूमेंट अटेंडेंट को गिरफ्तार किया। आरोप है कि मॉन्यूमेंट अटेंडेंट ने संरक्षण सहायक की ओर से 3.50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी, ताकि 24 मार्च को जारी नोटिस वापस लिया जा सके और काम जारी रखने की अनुमति दी जा सके।

■ **अधिकारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया**

# लोकतंत्र में 'राजा' शब्द का कोई स्थान नहीं : विवेक सेन



## भाजपा नेताओं पर साधा निशाना, जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सांसद प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य विवेक सेन ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक तीखा संदेश जारी करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था और प्रशासनिक प्रक्रिया को लेकर कई सवाल उठाए हैं।

विवेक सेन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लोकतंत्र में 'राजा' जैसे शब्द का कोई स्थान नहीं है और न ही बिजनौर जनपद में कोई राजा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति जनप्रतिनिधि भी है, तो उसे किसी भी जांच स्थल-विशेषकर विवादित स्थान पर पहुंचने का अधिकार नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि एक पूर्व जनप्रतिनिधि द्वारा विवादित स्थल और विपक्षी की निजी संपत्ति पर पहुंचकर जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की कोशिश की गई, जो पूरी तरह अनुचित है। विवेक सेन ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर ऐसे हस्तक्षेप का अधिकार किसने दिया?

उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच प्रक्रिया पूरी तरह कार्यपालिका के अधीन होती है, जबकि अंतिम निर्णय लेने का अधिकार न्यायपालिका के पास होता है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक व्यक्ति द्वारा इस प्रक्रिया में दखल देना लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध है।

विवेक सेन ने अपने बयान में भाजपा और उसके नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि क्या भाजपा नेता कार्यपालिका और न्यायपालिका से भी ऊपर हैं?

इसके साथ ही उन्होंने एक अन्य पोस्ट में आरोप लगाया कि भाजपा के नेता 2027 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए जनपद का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धामपुर कांड के बाद अब बिजनौर कांड इसका ताजा उदाहरण बनता जा रहा है।

विवेक सेन के इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल में हलचल तेज हो गई है और विभिन्न दलों के नेताओं की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

## क्रिसेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित बास्टा रोड स्थित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। अभिभावकों ने भी बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और विद्यालय प्रबंधन का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के मैनेजर एवं मुस्लिम फंड के सेक्रेटरी हसीनुद्दीन, वाइस मैनेजर मरगूब अहमद, प्रिंसिपल नदीम बख्त तथा एकेडमिक हेड शाहजाद खान उपस्थित रहे। गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें आगे भी इसी प्रकार मेहनत एवं अनुशासन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

अपने संबोधन में हसीनुद्दीन ने कहा कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है, जो समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। हमारे विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देना है।

वाइस मैनेजर मरगूब अहमद ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते रहने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी।

विद्यालय के प्रिंसिपल नदीम बख्त ने इस शानदार परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है। एकेडमिक हेड शाहजाद खान ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच आवश्यक है। विद्यालय परिवार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### प्रभु ईसा मसीह को याद किया



**कालागढ़।** गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसाई धर्म के अनुयायियों ने क्रूस का रास्ता कादराबाद से भिक्कावाला चर्च तक निकला। ईसाई धर्म के लोगों ने उपवास रखकर कड़वा जल पीने के पश्चात प्रार्थना कर प्रभु ईसा मसीह को याद किया। इस दिन ईसाई धर्म के अनुयायी उपवास रखकर पूरे दिन प्रार्थना में मगन रहते हैं। इस मौके पर फादर फ्लिप, फादर जोशी, सिस्टर रोस, सिस्टर करुणा, सिस्टर लिलियन, मास्टर सुरेश, रविंद्र लूसी, श्रद्धा, पीटर, एंथोनी, जेवियर, मनोज पॉल, सागर, हर्ष, नीरज, राजेश, मदन, पिंटू, सागर, कोलविन, सुनील, सुरेश आदि लोग क्रूस रैली में शामिल हुए।

### महापंचायत के लिए रवाना हुए किसान



**बिजनौर।** दिव्यांशु हत्याकांड में आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी न होने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यकर्ता देहरादून में आयोजित महापंचायत के लिए रवाना हुए। महापंचायत को संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत संबोधित करेंगे। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, मोनू प्रधान, रजनी सलावत, यीशु राणा, विनीत कुमार, याकूब, नितिन, अशोक कुमार, कल्याण सिंह, विकास कुमार, मुनेंद्र सिंह काकरान, अरुण कुमार, कोमन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी देहरादून के लिए रवाना हुए।

### आभा फाउंडेशन बना सहारा




**चांदपुर।** अग्रणी सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन द्वारा सराहनीय सामाजिक कार्य किया गया। संस्था द्वारा ग्राम पीपली जट निवासी बुजुर्ग विधवा मुन्नी देवी अपनी बेटी की शादी को लेकर आर्थिक परेशानियों से जूझ रही थीं। उनकी बेटी की शादी 19 अप्रैल होनी तय है। सीमित साधनों के कारण शादी की तैयारियां करना उनके लिए मुश्किल हो रहा था। ऐसे वक्त में उन्होंने अभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह से मदद की गुहार लगाई। स्थिति को समझते हुए संस्थापिका आभा सिंह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत सहायता प्रदान की। यह जानकारी देते हुए फादरसन पब्लिक स्कूल के प्रवक्ता यतिन शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से 15 हजार रुपए कीमत का एक फ्रिज और 11 हजार रुपए कीमत की एक वॉशिंग मशीन बेटी की शादी के लिए दी गई। ताकि विवाह अच्छे से संपन्न हो सके और ससुराल में उसे किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### शीतला माता मंदिर पर विशाल भंडारा



**नगीना।** श्री बालाजी सत्संग मंडल द्वारा शीतला माता मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। चांदपुर वाले गुरुजी संदीप जैन के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में पुजारी पंडित अजय तिवारी ने संकट मोचन हवन संपन्न कराया। जिसमें सुमित अग्रवाल व अमित गुप्ता ने सपत्नीक यजमान की भूमिका निभाई। इस मौके पर झालू की मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ व भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए। कन्या पूजन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विशाल त्यागी, डा. मुकुल गुप्ता, विकास मित्तल सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## श्री बालाजी मंदिर में यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन, उमड़ा जनसैलाब



**बिजनौर।** नजीबाबाद मार्ग स्थित साहित्य विहार कॉलोनी में श्री बालाजी मंदिर पर आध्यात्मिक उत्साह और श्रद्धा का संगम देखने को मिला। गुरुजी 108 अजय दास महाराज के सानिध्य में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। यज्ञ से हुई दिन की शुरुआत कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह आठ बजे विधि-विधान के साथ यज्ञ-हवन से हुआ। मंत्रोच्चार और आहुतियों के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। गुरुजी अजय दास महाराज ने विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ संपन्न कराया। महा विशाल भंडारा और छप्पन भोग यज्ञ की पूर्णाहूति के पश्चात मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही भगवान को छप्पन भोग लगाया गया, जिसे बाद में सभी भक्तों के बीच वितरित किया गया। समिति का समर्पण कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री बालाजी सेवा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष योगदान रहा। समिति के सदस्यों ने पूरी निष्ठा के साथ तन-मन-धन से सेवा कर व्यवस्थाएं संभालीं।

# पुलिस के खौफ पर भारी पड़ रही दबंगई

## कासमपुर गढ़ी में बुलेट के पटाखों का आतंक, राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** इन दिनों बुलेट बाइक से तेज आवाज निक.ालने वाले हुड़दंगियों का आतंक चरम पर है। सड़कों पर तेज रफ्तार के साथ कानफोडू आवाजें निक.ालने वाले इन बुलट सवारों ने राहगीरों और स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। स्थिति यह है कि अब लोगों को पुराने सख्त अधिकारियों की याद सताने लगी है। वह दरोगा दिनेश सिंह का दौर याद कर रहे है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पूर्व में तैनात रहे दरोगा दिनेश सिंह के समय इन हुड़दंगियों में पुलिस का भारी खौफ था। उस दौरान साइलेंसर से पटाखे की आवाज आते ही तत्काल सख्त कार्रवाई की जाती थी। लोग बताते हैं कि दिनेश सिंह के कार्यकाल में बुलेट से शोर करने वालों पर पुलिस की ऐसी नजर रहती थी कि युवक साइलेंसर बदलवाने या घर से बाहर निकलने में भी कतराते थे। लेकिन वर्तमान में पुलिस के ढीले रवैये के कारण इन युवकों के हौसले बुलंद हैं। राहगीरों और बुजुर्गों के लिए बढ़ी मुसीबत सड़कों पर अचानक होने वाले इन धमाकों से न केवल राहगीर चौंक जाते हैं, बल्कि हृदय रोगियों और बुजुर्गों के लिए यह जानलेवा साबित हो रहा है। तेज आवाज के कारण कई बार दुपहिया वाहन चालक संतुलन खो देते हैं, जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जानबूझकर पटाखे छोड़े जाते हैं। युवकों में न तो चालान का डर है और न ही पुलिस प्रशासन का।




### प्रदूषण और शोर

ध्वनि प्रदूषण के मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कासमपुर गढ़ी की जनता अब प्रशासन से यह सवाल पूछ रही है कि क्या उन्हें फिर से वहीं पुराना सख्ती वाला दौर देखने को मिलेगा। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि अभियान चलाकर ऐसे साइलेंसरों को जब्त किया जाए और हुड़दंगियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम हो सके।

# वार्षिक उत्सव 'मंथन' के दूसरे दिन तकनीकी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में वार्षिक उत्सव 'मंथन' 2026 के दूसरे दिन तकनीकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बिजनौर के निदेशक डा. नीलेंद्र बादल, संस्थान के मैनिजिंग डायरेक्टर सन्नी देशवाल, निदेशक डा. नितिन अग्रवाल, निदेशक डा. हितेश कुमार, रजिस्ट्रार विपिन कुमार, चीफ प्रोक्टर विनीत कुमार, डीन एकेडमिक डा. जीशान अहमद, तकनीकी प्रतियोगिता के कोआर्डिनेटर डा. सैयद ततहिर अब्बास नक्वी एवं मोहिंद्र सिंह व सभी विभाग अध्यक्ष डा. आशुतोष कंसल, विमल कुमार, सैयद हैदर एवं उज्जवल पाठक आदि उपस्थित रहे। डा. नीलेंद्र बादल द्वारा विजयी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं ट्राफी देकर पुरुस्कृत किया गया।

तकनीकी कार्यक्रम में प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में 33 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान पर अशर आलम, चमन अंजुम आरवीआईटी व द्वितीय स्थान पर नौशबा परवीन आरवीआईटी से रही।

क्विज प्रतियोगिता में 172 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर आशिया गुलनाज आरवीआईटी, द्वितीय स्थान पर तनिषा, विवके विश्वविद्यालय से रहे। कोड ब्रेकर प्रतियोगिता में 130 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर आरवीआईटी से कार्तिक गर्ग और द्वितीय स्थान पर वीरा कॉलेज से कशिश रानी रही। रोबो कार रेस प्रतियोगिता में 13 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर दिव्यांश त्यागी, मौहम्मद अरशान, कुनाल एवं विवेक टीम रहे और द्वितीय स्थान पर शगुन, काशिम, लवकुश एवं साक्षी टीम रहे। प्रथम एवं द्वितीय स्थान पाने वाली दोनों टीमें आरवीआईटी की हैं। निर्माण प्रतियोगिता में 23 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर आरवीआईटी कालेज से दीपक कुमार, अर्जुन सिंह एवं ऋतिक कुमार रहे और द्वितीय स्थान पर विवके कालेज से अर्जिश मलिक, इनाया और तरूण राज रहे। प्रोजेक्ट एक्जीबिशन प्रतियोगिता में 19 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर प्रिया भारती एवं द्वितीय स्थान पर पारस, तेज प्रताप, पिंटू आरवीआईटी कालेज रहे। स्पीच प्रतियोगिता में 35 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर वंशिका वर्मा एसवीएमआईसी, नजीबाबाद एवं द्वितीय स्थान पर सवी पांडेय आरवीआईटी बिजनौर रहे।



आर्ट गैलेरी प्रतियोगिता में 40 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। ए. एफ. आर्ट इंस्टीट्यूट से दिव्यांशु राजपूत प्रथम स्थान पर एवं द्वितीय स्थान पर आरवीआईटी कालेज से अलनिदा, काजल चौधरी रही। कार्यक्रम के प्रथम दिन से चल रहे खेल कूद प्रतियोगिताओं में बास्केट बॉल का फाइनल मैच नजीबाबाद वारियरस और सेन्टमेरी स्कूल नगीना के बीच हुआ, जिसमें प्रथम स्थान नजीबाबाद वारियरस व द्वितीय स्थान पर सेन्टमेरी स्कूल नगीना की टीम रही। बैडमिंटन सिंगल (महिला) में अनुश्का राजपूत काशीपुर स्टेडियम विजयी रहीं और रनरअप अयूषी काला नेहरू स्टेडियम बिजनौर रहीं। बैडमिंटन सिंगल (पुरुष) में अंश गौर मुरादाबाद से विजयी रहे और व्यांकुश सिंह बिजनौर रनरअप रहे। वालीबॉल का फाइनल मैच रॉयल कास्टल क्लब बिजनौर व गडाना क्लब के बीच हुआ। जिसमें विजेता रॉयल कास्टल क्लब बिजनौर रहा और रनरअप गडाना क्लब रहा। क्रिकेट, डिवेट व बैडमिंटन डबल की प्रतियोगिताएं चल रही है इनका परिणाम कल (आज) को घोषित किया जाएगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ मंथन 2026 का समापन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध गायक एमसी स्क्वायर अपने प्रदर्शन से कार्यक्रम के समापन की शाम को रोमांचक बनाएंगे।

# दिल्ली-एनसीआर में चार व पांच को बारिश

## तेज हवाओं ने बिगाड़ा मौसम, धूल भरी आंधी से लोग रहे परेशान

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह धूल भरी तेज आंधी चलने के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। तेज हवाओं की वजह से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया और चारों तरफ धूल ही धूल नजर आई।

मौसम विभाग ने 3, 4 और 5 अप्रैल को बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान तेज हवाएं भी चलेंगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। इसे लेकर आईएमडी ने अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा है कि ये बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। आज दिल्ली का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार 4 अप्रैल को दिल्ली में दोपहर के समय बिजली कड़कने और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान और शाम के समय बारिश के आसार हैं। मौसम में यह बदलाव 8 अप्रैल तक जारी रह सकता है। आईएमडी के अनुसार ईरान के पास सक्रिय हो रहे नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है, जिस कारण यूपी के कई जिलो में तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। वहीं कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। हवा 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है, जिस कारण तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। आईएमडी के अनुसार आज बिहार में मौसम साफ रहेगा, लेकिन 5 अप्रैल के बाद आंधी, बारिश और बिजली गिरने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज बिहार में बारिश के आसार नहीं हैं। राज्य में 5 से 7 अप्रैल के बीच मौसम में बदलाव होगा। एमपी के कई जिलों में कल बारिश के साथ ओले भी गिरे थे। मौसम विभाग ने कहा कि है राज्य के कई जिलों में 5 अप्रैल तक बारिश होने और ओले गिरने के आसार है। आज भी बादल छाए रहने और बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं राजस्थान में भी तेज आंधी के साथ बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के मौसम में यह बदलाव 8 अप्रैल तक जारी रहेगा, जिस कारण तापमान में गिरावट होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।



## गांधी को है हार का शतक लगाने की जल्दी : मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि उन्हें अपनी हार का शतक लगाने की जल्दबाजी है, असम में भारतीय जनता पार्टी की जीत उनकी इस ख्वाहिश जरूर पूरा करेगी। श्री गांधी द्वारा असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सरमा पर की गई टिप्पणी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। श्री मौर्य ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री पर ओछी टिप्पणी कर गांधी ने साबित कर दिया है कि उनका सांसद के तौर पर पांच बार और एक बार लोकसभा में विपक्ष के नेता का अनुभव कुंठा से लबालब है।

उत्तर रेलवे

**Tender Notice- 1RT-TELE-BAGSCANR, SNT-SigLC-Interlocking, SNT-RTSIG-PRI-GCT,05-SNTRT1-Sig-SSDAC-MSDAC 01-TELE-Six-shed Date. 02.04.2026**

Sr. Divisional Signal and Telecom engineer/Moradabad for and on behalf of President of India invites Open tenders through E-Tendering system for the following works:-

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 1RT-TELE-BAGSCANR-MB25-26 वन टाइम रिपेयरिंग ऑफ़ बैगेज स्कैनर एट बरेली एंड हरिद्वार रेलवे स्टेशन. | 1338825.45 | 26800.00 | Nil | 27.04.2026 15:00 बजे |
| 2 | SNT-SigLC-InterlockingA इंटरलॉकिंग ऑफ अलसीगेट टीयूवी 20000 इन दा सैक्शन ऑफ एडीएसटी/अचआरआई आफ मुरादाबाद डीविजन | 109279559.62 | 2185600.00 | Nil | 27.04.2026 15:00 बजे |
| 3 | SNT-RTSIG-PRI-GCT-2024-25 पथरी कॉमन यूजर ट्रैफिक फेसिलिटि एट पथरी इन सी/डब्लू कानकार जीसीटी | 22672808.01 | 263400.00 | Nil | 27.04.2026 15:00 बजे |
| 4 | 05-SNTRT1-Sig-SSDAC-MSDAC परोविजिन ऑफ एसएसडीएसी/अमएसडीएसी इन सीए-बीई सैक्शन ऑफ एमबी डीविजन | 14552199.59 | 222800.00 | Nil | 27.04.2026 15:00 बजे |
| 5 | SNTRT1-AMC-Medha-EI-MB कमफ्रेनसीव मेन्टीनेंनस कानटेक्ट आफ इलेक्टानिक इनटरलाकिंग रिस्टम ऑफ मेघा मेक फॉर आ पीरियड ऑफ 3 ईयरस ओवर एमबी डीविजन | 52403264.64 | 1048100.00 | Nil | 27.04.2026 15:00 बजे |
| 6 | SNT-Sig-Road-Signal-MB परोविजिन ऑफ रोड सिगनल एट इनटरलोक्ड गेटस ओवर एमबी डीविजन | 29031282.32 | 580600.00 | Nil | 27.04.2026 15:00 बजे |
| 7 | 28-Sig-Repairing-Fire-Alarm रिपेयरिंग ऑफ फॉल्ट फायर डिटेक्शन सिस्टम & अलारम सिस्टम इन वेरियस स्टेशनस ओवर मुरादाबाद डीविजन | 2692574.5 | 53900.00 | Nil | 27.04.2026 15:00 बजे |
| 8 | 01-TELE-Six-shed-MB-2025 प्रोविजन/उपग्रेडेशन ऑफ इन्फ्रास्ट्रक्चर फेशिलीटीज मोनिटरिंग मेकनिज्म FOIS/TMS एट सिक्स गुड्स शेड ऑवर मुरादाबाद डिवीजन (रामपुर, अमरोहा, बुलंदशहर, हापुड़, हरदोई, रोज़ा) | 17377677.35 | 347600.00 | Nil | 27.04.2026 15:00 बजे |

Note :- Complete details of tender can be seen at www.ireps.gov.in. 1124/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पूर्व सांसद भारतेन्द्र के करीबी ने कहा कि
# बिजनौर भाजपा जिलाध्यक्ष नपुंसक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह के करीबी सोशल मीडिया पर आपा खो रहे हैं। तालिब बंधुओं से कुछ नेताओं की चल रही व्यक्तिगत लड़ाई में अब राजा समर्थक जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र बॉबी सहित अन्य नेताओं को लपेटे में ले रहे है। पूर्व सांसद के पीए रहे उनके बेहद करीबी संजय त्यागी ने तो भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र बॉबी को नपुंसक तक कह दिया है। उन्होंने बकायदा सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। इस पोस्ट के सामने आने के बाद से पूर्व सांसद की जबरदस्त किरकिरी हो रही है।

गौरतलब है कि पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रॉबिन चौधरी एवं कारोबारी खालिद व उनके पुत्र का गाड़ी को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले में रॉबिन चौधरी की तरफ से उनके विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने खालिद व उनके पुत्र को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। इसके बाद पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह ने इसे व्यक्तिगत मुद्दा बना लिया। वह कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मिले। जिसके बाद प्रशासन ने तालिब बंधुओं की आरा मशीनें व स्टोन क्रेशर पर गाज गिराई। उनकी कॉलोनियों के खिलाफ भी कार्यवाही की गई। परिवार के शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त कर दिए गए। दूसरे कारोबारों पर जीएसटी विभाग से कार्यवाही कराई गई। तालिब बंधुओं का जितना नुकसान हो सकता था, वह कराया गया। जिला प्रशासन को भी कई बार तालिब बंधुओं के प्रकरण में की गई कार्यवाही को लेकर सार्वजनिक रूप से बयान जारी करना पड़ा। यह प्रशासन के ऊपर दबाव का ही नतीजा था। लेकिन पूर्व सांसद भारतेन्द्र इसके बावजूद खामोश नहीं हुए। पूर्व सांसद अधिकारियों के साथ तालिब बंधुओं की चांदपुर रोड स्थित आरा मशीन पर दो दिन पूर्व पहुंच गए थे। जिसके बाद वहां पर बखेड़ा खड़ा हो गया था। मौहल्ला चाहशीरीं निवासी आबिद पुत्र मौहम्मद ताहिर के चोट भी लगी थी। उन्होंने कहा था कि इससे अच्छा है हमें गोली मार दो। परेशान आबिद उनकी गाड़ी के सामने लेट गया था। इसके बाद घटनाक्रम आगे बढ़ता चला गया। तालिब, खालिद व आबिद अपने परिवार के साथ थाने पहुंच गए थे। यहां पर तालिब बंधुओं ने सार्वजनिक रूप से मीडिया के सामने आरोप लगाया कि पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र उनसे पांच करोड़ रुपए मांग रहे हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा था कि आखिरकार जब विवाद चल रहा है, तो भारतेन्द्र अपने समर्थकों के साथ वहां पर क्यों आए थे। पूर्व सांसद भारतेन्द्र का कहना था कि अधिकारियों ने उन्हें बुलाया था। जबकि अधिकारी इस बात से मना कर रहे थे। अधिकारियों का कहना था कि उन्होंने पूर्व सांसद को मौके पर नहीं बुलाया था। वह जांच करने के लिए गए थे। लेकिन तालिब बंधुओं पर पूर्व सांसद भारतेन्द्र एक बार फिर भारी पड़ गए और उनके समर्थक तुषार मलिक के द्वारा तालिब बंधुओं सहित 10-12 अज्ञात के विरूद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरीर में कहा गया कि जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग की गई। लेकिन मौके की वीडियो एवं वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों से इसकी पुष्टि नहीं होती है। मौके पर पुलिस पहुंच गई थी। अगर फायरिंग होती, तो उसी दौरान पुष्टि होती और पुलिस हथियार बरामद करती। वीडियो में देखा जा रहा है कि खालिद बंधु अपने ऊपर गोली चलाने के लिए कहते हुए कारबाईन पकड़ रहे थे। पुलिस ने तीनों भाईयों का कल चालान कर दिया था। न्यायालय ने उन्हें जमानत नहीं दी थी। जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था।

इस बीच पूर्व सांसद के पीए रहे एवं करीबी संजय त्यागी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर भाजपा में ही विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा है कि एक बात समझने की है एक भी बयान भाजपा जिला अध्यक्ष और कुछ भाजपा नेताओं का नहीं आया राजा साहब के पक्ष में। लकवा मार गया जवान को इनकी या फिर चोर-चोर मोसेरे भाई वाली कहावत सच साबित हुई आज। समाजवादी पार्टी के नेता एक माफिया के समर्थन में निरंतर पोस्ट और बयान कर रहे हैं। नपुंसक हो गए क्या पैसे का जूता लगा खोपड़ी पर और जवान को लकवा मार गया। इस पोस्ट के सामने आते ही आलोचनाओं का दौर शुरू हो गया है। पुष्पराज कमल कह रहे है कि राजा का वजीर अगर मूर्ख है, तो क्या राजा भी मूर्ख कहलाया जाएगा। एक अन्य पोस्ट में कहा गया है कि मैं एक बात साफ शब्दों में बता दू कि इस लड़ाई में पार्टी के जिला अध्यक्ष के बारे में एक शब्द भी गलत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर कार्यकर्ता का मान-सम्मान है। अब देखना यह है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता इस तरह की पोस्ट पर क्या निर्णय लेते हैं। लेकिन इतना साफ है कि पूर्व सांसद के समर्थक अन्य पार्टी नेताओं के खिलाफ अच्छे विचार नहीं रखते हैं।



Sanjay Tyagi
27m ·

एक बात समझने की है एक भी बयान भाजपा जिलाध्यक्ष और कुछ भाजपा नेताओं का नहीं आया राजा साहब के पक्ष में,लकवा मार गया ज़बान को इनकी या फिर चोर चोर मौसेरे भाई वाली कहावत सच साबित हुई आज। समाजवादी पार्टी के नेता एक माफिया के सर्मथन में निरंतर पोस्ट और बयान कर रहे हैं। नंपुसक हो गये क्या पैसे का जूता लगा खोपड़ी पर और ज़बान को लकवा मार गया।

18 15 comments



Pushpraj Kamal
38m ·





# तालिब बंधु प्रकरण में उत्पीड़न की हदें पार: हैनरीता राजीव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने तालिब बंधु प्रकरण में सत्ता की हनक और तानाशाही की आलोचना करते हुए कहा कि उत्पीड़न की हदें पार कर दी गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने बयान जारी कर कहा कि बिजनौर में रसूख के दम पर जिस तरह की तानाशाही चलाई जा रही है, वह अब बर्दाश्त के बाहर है। तालिब प्रकरण में उत्पीड़न की सारी हदें पार कर दी गई हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा के पूर्व सांसद आखिर किस हैसियत से विवादित स्थान पर जाकर लोगों को उकसाने का काम कर रहे थे। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या अब पूर्व जनप्रतिनिधियों का दायित्व क्षेत्र में शांति बहाल करना नहीं रह गया है या विवाद खड़ा करना रह गया है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र नहीं, बल्कि भाजपा का लाठीतंत्र है। उन्होंने कहा कि जब पूर्व सांसद स्वयं माहौल बिगाड़ने का काम कर रहे हो, तो आम जनता न्याय की उम्मीद किससे करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन को याद रखना चाहिए कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन उनके अन्याय का हिसाब जनता जरूर मांगती है।

### सत्ता की हनक व तानाशाही की आलोचना

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरिता राजीव सिंह ने मांग करते हुए कहा कि तालिब बंधु प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए। खालिद व तालिब बंधुओं को तुरंत न्याय मिले। सत्ता के दबाव में बेगुनाहों का उत्पीड़न तत्काल बंद किया जाए।

## एक नजर

### हादसे में मासूम की मौत



**खारी।** स्थानीय लख्खुवाला तालाब के निकट बीती देर शाम स्थानीय निवासी शादाब अहमद अब्बासी अपने बच्चों को साथ लेकर बाइक द्वारा होटल से रोटी लेने गया था। वह अपने बेटे शीफान व बेटी इनाया को बाइक पर बैठा कर रोटी लेने लगा था। इतनी ही देर में शीफान (साढ़े तीन वर्ष) बाइक से उतर कर रोड क्रास करने लगा। अचानक झालू की तरफ से कार आई और शीफान को जोर की टक्कर मार दी। शीफान के सिर व चेहरे पर गुम चोटें आई और वहीं पर गिर कर बेहोश हो गया। उसकी मौके पर मौत हो गयी। यह खबर सुनकर परिजन व स्थानीय निवासी गमजदा हो गए।

### बढ़ापुर में काली सिंह अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना बढ़ापुर में ग्राम बहेड़ी निवासी कासिम पुत्र मौहम्मद युसूफ ने तहरीर दी थी कि अभियुक्तगण राजवीर सिंह पुत्र जीत सिंह, काली सिंह पुत्र बघेल सिंह निवासीगण ग्राम मधपुरी एवं रणजीत सिंह पुत्र भरतू सिंह निवासी ग्राम सरदारपुर छायली के द्वारा जंगली जानवरों को मारने के लिए बारूद के गोले बना कर जंगल में दबा कर रखे गए थे। जिससे वादी का पुत्र गोला फटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 44/26 धारा 125 बीएनएस व धारा 5 आयुद्ध अधिनियम में पंजीकृत किया था। पुलिस ने काली सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

### बयानबाजी से नहीं चलेगा काम



**बिजनौर।** भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद इरफान मंसूरी ने तालिब बंधु प्रकरण में कहा कि अखबारों में सिर्फ बयानबाजी से काम नहीं चलेगा। जिले के सभी सियासी दलों ओर सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर तालिब बंधुओं की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सियासी दलों के कुछ नेता अखबारी बयान देकर समझते है कि उनके हिस्से का काम हो गया है, लेकिन इससे काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि सियासी लोगों को अपने-अपने दलों से ऊपर उठ कर जुल्म के खिलाफ एकजुट होकर तालिब के बंधुओं के समर्थन में आना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ नेता जनपद का माहौल खराब करना चाहते है। अवाम इनके झांसे में न आकर जनपद में भाईचारा बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि सरकारें बदलती रहती है और हम सबको यही पर रहना है। एक-दूसरे के सुख-दुख में काम आना है। हमें यह याद रखना चाहिए कि नेता अपनी सियासी रोटी संकते हैं और नुकसान जनता का होता है। इसीलिए हमें प्यार मुहब्बत से रहना है।

# नगीना में मजदूरों की हालत सुधारने के लिए नहीं कोई गंभीर

### काष्ठ कला उद्योग का बुरा हाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना की पहचान काष्ठ कला उद्योग को लेकर है। लेकिन यहां पर काम कर रहे मजदूरों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए गंभीरता के साथ कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

काष्ठ कला उद्योग को लेकर आये दिन बयानबाजी होती है। कारोबारियों के फोटो और उनके बयान विभिन्न समाचार पत्रों में छपते हैं। कई बार उनकी समाजसेवा की भी चर्चा की जाती है। लेकिन मजदूरों व उनके परिवारों की खस्ता हालत को कोई नहीं देखता है। काष्ठ कला उद्योग में लगे मजदूरों को कितना वेतन दिया जाता है, यह जानने का प्रयास भी न तो अधिकारी करते है और न ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा इस बारे में गंभीरता के साथ कोई पहल की जाती है। यहां पर श्रम कानूनों का पालन हो रहा है या नहीं, इस बारे में भी हकीकत सामने नहीं आती है। संबंधित विभाग के द्वारा मजदूरों व उनके परिवारों के बीच जा कर जमीनी हकीकत जानने का कोई प्रयास नहीं किया जाता है। ऊपर से ऐसा दिखाया जाता है कि सब कुछ सही चल रहा है। श्रम कानूनों का पूरी तरह से पालन हो रहा है और मजदूरों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। लेकिन हालात इसके उल्टा दिखाई देते है। मजदूरों के कल्याण के लिए क्या योजनाएं चलाई जा रही है और उन्हें कितनी मजदूरी दी जा रही है, इस बारे में न तो बताया जा रहा है और न ही हकीकत सामने लाई जा रही है। मजदूरों व उनके परिवारों के स्वास्थ्य की जांच के लिए कोई शिविर नहीं लगाया जा रहा है। मजदूरों के स्वास्थ्य के लिए बीमा कराया गया है या नहीं इस बारे में भी बताया नहीं जा रहा है। मजदूरों के बच्चों की शिक्षा के लिए क्या व्यवस्था की गई है और उनका भविष्य संवारने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे है, इसकी भी जानकारी नहीं मिल पाती है। अधिकारी नगीना के कुछ उद्यमियों से ही जानकारी लेकर बताने की कोशिश करते है कि सब कुछ सही है। न तो काष्ठ कला के कारखानों में अचानक जाकर सच्चाई जानने की कोशिश की जाती है और न ही अधिकारी मजदूरों के परिवारों के बीच पहुंचते हैं।

आम नागरिक का मानना है कि मजदूरों की हालत सुधारने के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाने चाहिए और जमीनी हकीकत सामने आनी चाहिए।

# खेत पर काम कर रही युवती की सर्पदंश से मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम खासपुरा निवासी एक सब्जी विक्रेता की 19 वर्षीय पुत्री की सांप के काटने से मौत हो गई।।

ग्राम खासपुरा निवासी संजू ने बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे स्थित छजुपुरा सादात के पास एक पेट्रोल पंप के निकट खेत सब्जी की बुवाई के लिए ठेके पर लिया हुआ है। वह खेत पर झोपड़ी बनाकर परिवार सहित रहकर सब्जी की देखभाल करता है।बताया जाता है कि आज उसकी 19 वर्षीय पुत्री खेत में सब्जी काट रही थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर सांप पर पड़ गया, जिससे सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसते ही युवती चीख पड़ी। आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवती की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# तालिब बंधुओं को नहीं मिली जमानत

## सात अप्रैल को सुनवाई, विवेचक जेल में लेंगे बयान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** तालिब बंधुओं को आज भी जमानत नहीं मिली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नरेन्द्र कुमार पंचम ने सात अप्रैल तक का रिमांड स्वीकृत करते हुए विवेचक को जेल में जाकर तालिब बंधुओं के बयान अंकित किए जाने की अनुमति देते हुए समुचित एवं त्वरित विवेचना किए जाने के आदेश दिए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार इस मामले में आज मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नरेन्द्र कुमार पंचम के न्यायालय में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों ने अपने तर्क रखे। न्यायालय के द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि उपरोक्त मामले में वर्णित विवेचक उप निरीक्षक सुभाषचन्द्र, थाना कोतवाली शहर व्यक्तिगत रूप से एवं अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब जरिये वी.सी. व अधिवक्ता न्यायालय के समक्ष उपस्थित है। विवेचक सुभाषचन्द्र की ओर से उपरोक्त मामले के संबंध में एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए कथन किया गया है कि उक्त मामले की विवेचना उनके द्वारा सम्पादित की जा रही है। न्यायालय द्वारा उक्त मामले के सम्बंध में दो अप्रैल को आदेश पारित कर वर्णित घटना में प्रयुक्त हथियार एवं कारतूस को बरामद करने का आदेश दिया था। न्यायालय के उपरोक्त आदेश के अनुपालन में विवेचक को अभियुक्तगण खालिद, आबिद व तालिब का जेल में जाकर बयान अंकित कर हथियार व कारतूस की बरामदगी करना है। विवेचक ने इसके लिए अनुमति मांगी। साथ ही अभियुक्त खालिद, आबिद एवं तालिब का अग्रिम न्यायिक रिमाण्ड स्वीकृत करने की गुहार लगाई। ताकि पुलिस कस्टडी रिमाण्ड के लिए आगे की कार्यवाही की जा सके।

न्यायालय ने कहा कि विवेचक व अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत किए गए उपरोक्त प्रार्थना पत्र पर अभियुक्त पक्ष की ओर से आपत्ति प्रस्तुत करते हुए कथन किया गया है कि उक्त मामले में एफआईआईआर एक अप्रैल को पंजीकृत कराई गई है। जिसमें विवेचक द्वारा अभियुक्तगण को दो अप्रैल को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर एक दिन का न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। विवेचक द्वारा उक्त मामले में दो अप्रैल से अभी तक कोई अग्रिम कार्यवाही नहीं की गई है। अभियुक्तगण खालिद आबिद एवं तालिब के द्वारा वादी के साथ तमंचे से फायर कर जान से मारने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया गया है। अभियुक्तगण मौके से नहीं भागे। उक्त घटना में अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब को भी चोटें आई थी, जिसकी एफआईआर लिखाने स्वयं उक्त अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब थाने गए थे। घटना के समय गोली चलाकर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है, जबकि किसी हथियार या कारतूस की कोई बरामदगी नहीं हुई है। उक्त मामले में वर्णित मात्र अभियुक्त खालिद के द्वारा ही तमंचा चलाये जाने का आरोप है, तो सभी अभियुक्तगण का रिमाण्ड धारा 109 (1) बीएनएस के अन्तर्गत नहीं किया जा सकता है। अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब का अलग-अलग दायित्व निर्धारित होना चाहिए, जो कि उक्त मामले में नहीं किया गया है। उपरोक्त परिस्थितियों में अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब का उपरोक्त मामले के संबंध में अग्रिम न्यायिक रिमाण्ड स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है। उन्होंने अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब का अग्रिम न्यायिक रिमाण्ड निरस्त करने का अनुरोध किया। लेकिन न्यायालय ने कहा कि सुनने और प्रपत्रों के सम्यक परिशीलन से यह स्पष्ट है कि उक्त मामले के संबंध में वादी मुकदमा तुषार मलिक के द्वारा थाना कोतवाली शहर पर एक अप्रैल को प्रस्तुत किए गए एक शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर उक्त अभियुक्तगण खालिद, आबिद, तालिब एवं अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध उपरोक्त एफआईआर धारा 109(1), 132, 191(2), 351 (2), 352 बी.एन.एस. के अन्तर्गत वर्णित अपराध के संबंध में पंजीकृत कराते हुए उक्त अभियुक्त खालिद के विरूद्ध पूर्व से पंजीकृत हत्या के प्रयास से सम्बन्धित मुकदमे में गवाह होने, उक्त मुकदमे में फैसला करने के लिए अपनी आरा मशीन पर बुलाने, फैसला करने हेतु 20 लाख रुपए देने की बात रखने, उक्त आरा मशीन पूर्व से सील होने के बावजूद भी चालू रखने के बारे में पूछे जाने पर उक्त अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब के द्वारा वादी के साथ गाली-गलौच करने और जान से मारने की नीयत से तमंचा निकाल कर गोली चला देने, जिसमें वादी बाल-बाल बच जाने, घटनास्थल पर कुंवर भारतेन्द्र सिंह एवं जिले के अन्य अधिकारीगण आ जाने, जिन्हें देख कर उक्त अभियुक्तगण के द्वारा गिड़गिड़ाने, आरा मशीन की सील गलती से तोड़ देने की बात कहने, पुनः उक्त अभियुक्तगण के द्वारा वादी मुकदमा व कुंवर भारतेन्द्र सिंह के साथ भी गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने, मौके पर मौजूद पुलिस गार्ड से उसकी कार्बाइन छीनने का प्रयास करने और लोगों को इकट्ठा कर भीड़ के रूप में बलवा करने और हत्या कराने का प्रयास करने सम्बंधी आरोप लगाए गए है। अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब को कल दो अप्रैल को न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया गया। विवेचक व अभियुक्त पक्ष को सुनने के उपरान्त न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब का एक दिन का न्यायिक रिमाण्ड स्वीकृत करते हुए उक्त मामले से सम्बंधित हथियार व कारतूस बरामद किए जाने हेतु आदेशित किया गया। विवेचक के द्वारा उपरोक्त प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त मामले से सम्बंधित हथियार व कारतूस बरामद किए जाने हेतु उक्त अभियुक्तगण का जेल में जाकर बयान अंकित किए जाने की अनुमति प्रदान किए जाने की याचना की गई है। जिस पर अभियुक्त पक्ष की ओर से मुख्य आपत्ति प्रस्तुत करते हुए कथन किया गया है कि अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब की मौके से कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और न ही घटना में प्रयुक्त कोई हथियार या कारतूस बरामद हुआ है। मामले में विवेचक द्वारा विवेचना में कल से आज तक कोई प्रोग्रेस नहीं की गई है और यदि तमंचा चलाने का आरोप मात्र एक अभियुक्त खालिद पर है, तो धारा 109 (1) बीएनएस का रिमाण्ड सभी अभियुक्तगण के सम्बंध में स्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए। उक्त के संबंध में पत्रावली के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से वादी पर फायर करने संबंधी आरोप है। उक्त मामले में कल दो अप्रैल को उक्त अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब का न्यायिक रिमाण्ड स्वीकृत होने के उपरान्त विवेचक द्वारा उक्त मामले से संबंधित तीन साक्षीगण तुषार मलिक, चश्मदीद गवाह सुधांशु एवं नरेन्द्र सिंह के बयान अंकित किए गए है। जिस कारण यह नहीं माना जा सकता कि विवेचक द्वारा उक्त मामले से सम्बंधित विवेचना में कोई प्रोग्रेस नहीं की गई है। जहां तक प्रश्न इस बात का है कि उक्त अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब का अलग-अलग दायित्व व आरोप निर्धारित करते हुए अग्रिम न्यायिक रिमाण्ड स्वीकार किया जाना चाहिए, तो इस संबंध में इस न्यायालय का मत यह है कि चूंकि इस समय उक्त मामले में विवेचना अभी प्रचलित है। तमामी विवेचना के उपरान्त ही अभियुक्तगण का दायित्व व आरोप अलग-अलग रूप से निर्धारित किया जा सकता है। चूंकि उक्त विवेचना के गुण-दोष के आधार पर निस्तारण हेतु उक्त अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब का बयान अंकित किया जाना आवश्यक है। न्यायालय ने कहा कि उपरोक्त मामले से समस्त तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अभियुक्तगण खालिद, आबिद एवं तालिब का सात अप्रैल तक अग्रिम न्यायिक रिमाण्ड स्वीकार करते हुए जेल पर जाकर नियमानुसार बयान अंकित किए जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। विवेचक उक्त मामले के सम्बंध में समुचित एवं त्वरित विवेचना किया जाना सुनिश्चित करें।

# अलग-अलग स्थान पर आग लगने की घटनाओं से लोगों में मची अफरा-तफरी

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन में क्लासिक रेजिडेंसी सोसायटी के तीसरे फ्लोर के एक फ्लैट में शुक्रवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। फ्लैट के मालिक और उनका परिवार घर पर नहीं था, जिससे बड़ी घटना टल गई। दमकल विभाग की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन पूरा फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग इतनी भीषण थी कि उसे काबू में करने में दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने बताया कि आग की लपटें बहुत तेज थीं और धुआं आसपास के फ्लैट्स तक फैल गया था।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
‘शाह टाइम्स’
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# भाजपा बिगाड़ रही माहौल: अनुज

## शांति व भाईचारा बनाए रखने का सभी से आह्वान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा नेता अनुज मलिक ने शांति व भाईचारे पर जोर देते हुए कहा कि तालिब प्रकरण में भाजपा नेता माहौल बिगाड़ने की साजिश रच रहे है। लेकिन आम जनता उनकी साजिशों को कामयाब नहीं होने देगी और न ही इन नेताओं को कोई राजनीतिक फायदा पहुंचेगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह अपने निवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि हम गंगा के किनारे रहते है और शांत स्वभाव व भाईचारा हमारी पहचान है। हम एक दूसरे के काम आते है। उन्होंने कहा कि बिजनौर महात्मा विदुर की धरती है। जहां सदियों से अमन चैन और भाईचारे की परम्परा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर खराब नहीं होने दिया जाएगा।

सपा नेता अनुज मलिक ने पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि वह एक सामान्य विवाद को राजनीतिक रंग देकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद को तालिब बंधुओं की आरा मशीन पर नहीं जाना चाहिए था।

उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि इससे यदि माहौल खराब हो जाता, तो कौन जिम्मेदार होता। उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरे मामले को अनावश्यक रूप से तूल दिया गया है। अनुज मलिक ने कहा कि प्रशासन अपना काम कर रहा है और उसे बिना किसी दबाव कार्य करने देना चाहिए।

पत्रकार वार्ता में मौजूद जाट समाज के लोगों ने एक स्वर में कहा कि वह जनपद के सदियों पुराने भाईचारे को टूटने नहीं देंगे और किसी भी तरह की विभाजनकारी राजनीति का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि भाईचारा व शांति हमारी पहचान है। व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए विवाद खड़े नहीं करने चाहिए।

इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेत्री प्रभा चौधरी, सत्यपाल सिंह, कमलेश भुईयार, मुबश्शिर मानू, अहमद खिजर आदि कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

# पति व ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए नवविवाहिता ने पति, सास-ससुर और अन्य परिजनों के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला तकिया गढ़ी पूर्वी निवासी प्रीति अरोड़ा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह रवि अरोड़ा के साथ हुआ था। शादी में मायके वालों ने लगभग 20 लाख रुपए खर्च किए थे। जिसमें फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, एक बाइक और भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर दिए गए थे।

आरोप है कि इस दान-दहेज से ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ समय बाद ही पति रवि अरोड़ा, सास संगीता उर्फ बबी, ससुर ललित अरोड़ा और देवर वंश अरोड़ा ने अतिरिक्त दहेज में ब्रेजा कार और पांच लाख रुपए नकद की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर पीड़िता को शारीरिक और मान. सिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।

पीड़िता का आरोप है कि उसका मोबाइल फोन छीन लिया गया ताकि वह अपने मायके वालों को अपनी आपबीती न बता सके। आरोप है कि आरोपियों ने प्रीति के साथ मारपीट की और उसे केवल पहने हुए कपड़ों में घर से बाहर निकाल दिया। उसे धमकी दी गई कि अगर वह बिना कार और पैसे के वापस आई, तो उसे जान से मार दिया जाएगा।

इस मामले में पति रवि अरोड़ा, सास संगीता, ससुर ललित, देवर वंश के साथ-साथ बबली मेहता, चंद्र मेहता और वर्षा को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए (दहेज उत्पीड़न) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एक नजर

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू



**रेहड़।** ग्राम दहलावाला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह जागरूकता रैली निकाली गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि घरों के आसपास नालियों और गड्ढों में पानी जमा न होने दें। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। इसके अतिरिक्त, पानी की टंकियों और खाने-पीने की वस्तुओं को ढककर रखने की सलाह दी गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने यह भी कहा कि यदि परिवार में कोई सदस्य खांसी, जुकाम या बुखार से पीड़ित है, तो तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें। रैली में राजबाला, बीना और सुनीता सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### बारूद के गोले बनाने वाला गिरफ्तार



**बिजनौर।** बढ़ापुर थाना पुलिस ने बारूद के गोले बनाकर जंगल में दबाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामला 29 मार्च को सामने आया था, जब एक बच्चे का पैर बारूद के गोले पर पड़ने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। ग्राम बहेड़ी निवासी कासिम पुत्र मौहम्मद यूसुफ ने बढ़ापुर थाने में दी तहरीर में बताया था कि काली सिंह ने जंगली जानवरों को मारने के उद्देश्य से जंगल में बारूद के गोले दबाए थे। इसी दौरान उनके बेटे का पैर एक गोले पर पड़ गया, जिससे धमाका हुआ और वह घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं, मुकदमा अपराध संख्या 44/26 धारा 125 बीएनएस और धारा 5 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। आज बढ़ापुर पुलिस टीम ने अभियुक्त काली सिंह पुत्र बघेल सिंह, निवासी ग्राम मदपुरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक ललित मोहन शर्मा, हेड कांस्टेबल आशीष कुमार और कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल थे।

### मंडावर में अभिषेक गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना मंडावर में आज वादिनी ने तहरीर दी थी कि ग्राम जहांगीरपुर निवासी अभिषेक पुत्र ओमपाल उनकी पुत्री को भगा कर अपने साथ ले गया। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 95/2026 धारा 137 (2) बीएनएस में अभिषेक के विरूद्ध पंजीकृत किया था। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया। साथ ही अभिषेक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पंजाबी महादेव मंदिर में भंडारा



**नगीना।** मौहल्ला सैय्यद बाड़ा स्थित श्री पंजाबी महादेव मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष व लिटिल फ्लावर स्कूल के प्रबंधक गोरखनाथ खन्ना की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर राजकुमार सेठी, राजकुमार मुठरेजा, प्रेम कुमार सचदेवा, हरमीत सिंह मल्होत्रा, प्रकाश डांगा, घनश्याम मूर्तिजा, सोहन सचदेवा, चरणदीप सचदेवा, सतीश बब्बर, मनीष सेठी और तिलकराज सहित अनेक सेवादारों ने व्यवस्था संभालने में सहयोग दिया। भंडारे में स्थानीय भक्तों के साथ-साथ दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### सहायिकाओं को बांटे स्मार्टफोन



**कोतवाली देहात।** विकास खंड कोतवाली देहात में चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र और स्मार्टफोन वितरित किए गए। बढ़ापुर विधायक सुशांत सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान भारत के भविष्य को संवारने और सरकार के विजन को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर दिया कि यदि नवजात शिशु और उसकी मां स्वस्थ हैं, तो भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को कुपोषण से निक. ालकर उन्हें सही पोषण प्रदान करना हमारा कर्त्तव्य है। इसी से हमारा देश विकसित भारत बन सकेगा। इस मौके पर एसडीएम नगीना विजय शंकर, सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल चौबे, बीडीओ ज्योति चौधरी, ब्लॉक प्रमुख तृप्ति विकास राजपूत, सीडीपीओ अभिषेक सिंह और आंगनबाड़ी संगठन की जिला अध्यक्ष वेदलता शर्मा सहित कई अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# किशोरी को घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म का प्रयास

## आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम में किशोरी को घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म के प्रयास का गंभीर मामला सामने आया है।

पीड़ित पक्ष ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष को दी तहरीर में बताया कि आज उसकी 16 वर्षीय पुत्री अपने दादा के घर खाना बनाने जा रही थी। इसी दौरान उनके पड़ोसी एक युवक ने उसे अकेली देख जबरन अपने घर में खींच लिया और बंधक बनाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। इस दौरान किशोरी के कपड़े भी फट गए तथा उसे चोटें आई। किशोरी के पिता ने बताया कि जब वह काफी देर तक घर नहीं पहुंची, तो उसकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान पता चला कि पड़ौसी युवक ने उसे अपने घर में बंधक बना रखा है। स्थानीय लोगों के साथ जब वह आरोपी के घर पहुंचे, तो आरोपी व उसके परिजनों ने किशोरी को घर के पिछले दरवाजे से बाहर निकाल दिया। किशोरी बदहवास हालत में अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपित मौहम्मद एजाज पुत्र आबिदउल्ला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# बार काउंसिल उ.प्र. ने राजेन्द्र सहित तीन को भेजा नोटिस

## बार काउंसिल ऑफ उ.प्र. के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ के आदेश के बावजूद चुनाव कराने का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बार काउंसिल ऑफ उ.प्र. के सचिव ने एल्डर्स कमेटी के सदस्य नरेन्द्र सिंह, चुनाव अधिकारी राजेन्द्र सिंह टिकैत एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसो. एण्ड लाइब्रेरी के कथित अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार को जिला जज व जिलाधिकारी के माध्यम से नोटिस प्रेषित कर धारा 35 अधिवक्ता अधिनियम के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के लिए एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के सचिव ने आज नरेन्द्र सिंह एड., राजेन्द्र सिंह टिकैत एवं राजेन्द्र कुमार एड., को यह नोटिस भेजा है। नोटिस की प्रतिलिपि प्रत्याशीगण शेर सिंह, इसरार अहमद, गुलसिताब, कोमल सिंह, तेज सिंह, प्रीति चौहान, नीतिन कुमार, विकास कुमार नारायण को भी भेजी गई है। जिसके साथ बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ के द्वारा जारी आदेश भी संलग्न है। जिसमें कहा गया है कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी के कतिपय सदस्य अधिवक्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित पत्र एक अप्रैल को जरिए ई-मेल कार्यालय बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को प्रेषित किया गया, जिसके माध्यम से शिकायत की गई है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश अनुसार एल्डर्स कमेटी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी द्वारा बार संघ का वार्षिक चुनाव वर्ष 2026-27 में कराने की तैयारी की जा रही थी कि सुबह लगभग 7.55 बजे राजेन्द्र कुमार अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ बार हाल में जबरदस्ती घुस गए और कहा कि मेरे 10 आदमी अंदर रहेंगे। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ने मना किया, तो उन्हें धमकाया फिर जबरदस्ती बैलेट पेपर अपने कब्जे में ले लिए। जिस पर चेयरमैन ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत ने चुनाव निष्पक्ष तथा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नहीं हो पाने के कारण स्थगित कर उच्च न्यायालय व बार काउंसिल उत्तर प्रदेश को सूचित कर वहां से प्राप्त आदेशानुसार आगे कार्यवाही करने को कहा था। बार काउंसिल उत्तर प्रदेश ने चुनाव को अवैध घोषित कर दिया। इस सूचना के बाद भी अवैध रूप से चुनाव कराए गए एवं इस अवैध प्रक्रिया में राजेन्द्र सिंह टिकैत एक अवैध चुनाव अधिकारी बने। इस अवैध चुनाव प्रक्रिया से नाराज प्रत्याशी शेर सिंह, इसरार अहमद, गुलसिताब, कोमल सिंह, तेज सिंह, प्रीति चौहान, नितिन कुमार, विकास नारायण यादव आदि प्रत्याशियों ने बहिष्कार कर चुनाव में भाग नहीं लिया। उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा पारित आद. ेश 31 मार्च की अवहेलना करते हुए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी का चुनाव अवैध रूप से प्रत्याशियों की मंशा के विपरीत राजेन्द्र सिंह टिकैत, चुनाव अधिकारी द्वारा सम्पन्न कराया गया। बार संघ के कतिपय अधिवक्ताओं से वार्ता करने पर नरेन्द्र सिंह, सदस्य एल्डर्स कमेटी का भी नाम इस अवैध चुनाव सम्पन्न करवाने में प्रकाश में आया है। यह भी ज्ञात हुआ कि इस चुनाव में अवैध रूप से राजेन्द्र कुमार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। अत: नरेन्द्र सिंह एड., सदस्य एल्डर्स कमेटी, राजेन्द्र सिंह टिकैत, चुनाव अधिकारी एवं राजेन्द्र कुमार एड. को निर्देशित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के समक्ष एक सप्ताह के भीतर उपस्थित होकर इस आशय का स्पष्टीकरण दें कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा पारित आदेश 31 मार्च की अवहेलना करने एवं उपरोक्त अवैध चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अंतर्गत धारा 35 अधिवक्ता अधिनियम प्रचलित की जाए।

दूसरी तरफ स्थानीय स्तर पर जारी एक प्रेस नोट में कहा गया कि आज बार एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें पूर्व अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी के साथ-साथ नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं नई कार्यकारिणी के सदस्य व सभी अधिवक्तागण उपस्थित रहे। बैठक में आगामी शपथ समारोह के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की रूपरेखा, समय-सारणी, मुख्य अतिथियों के स्वागत, मंच संचालन एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्णय लिए गए। सभी सदस्यों व अधिवक्ताओं ने मिलकर कार्यक्रम को सफल एवं गरिमामय बनाने हेतु अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पूर्व कार्यकारिणी द्वारा अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए गए। वहीं नई कार्यकारिणी ने उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ आगामी दायित्वों को निभाने का विश्वास व्यक्त किया। बैठक में पारस्परिक सहयोग, एकता एवं पेशे की गरिमा को बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

### नाबालिग को अश्लील वीडियो दिखाने का आरोपी हिरासत में

**झालू/हल्दौर।** निकटवर्ती ग्राम खारी में एक नाबालिग लड़की को अश्लील वीडियो दिखाने की घटना सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

पीड़िता ने घटना की सूचना अपने तहेरे भाई को दी। इसके बाद पीड़िता के भाई और मां ने अन्य परिजनों के साथ मिलकर पुलिस को मामले से अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा पीड़िता के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और पूरे मामले की गहन जांच जारी है। अधिका. रियों का कहना है कि दोषी को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रेलवे स्टेशन पर चौकी न होने से बढ़ा डर

**नगीना।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्थाओं के चलते यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। स्टेशन के पुनर्निर्माण के दौरान प्लेटफार्म नंबर एक से जीआरपी चौकी हटाकर दूर जर्जर कॉलोनी में शिफ्ट कर दी गई है। जिससे सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। रेलवे पुलिस की तमाम सख्तियों के बावजूद यात्रियों के निकास द्वार पर बाइक और ई-रिक्शा चालकों द्वारा अवैध रूप से पार्किंग करने से ट्रेनों से उतरने वाले यात्रियों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि आज सुबह जीआरपी प्रभारी ने सादे कपड़ों में औचक निरीक्षण किया और रास्ते में खड़ी आधा दर्जन बाइकों के मोबाइल से चालान काटे। रेलवे पुलिस का स्टाफ कम होने के कारण प्लेटफार्म पर पुलिस की अनुपस्थिति में यात्रियों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## बार व बेंच, लोगों को न्याय दिलाने के लिए गंभीर रहे: न्यायमूर्ति फैज आलम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बार एसोसिएशन नजीबाबाद का कोटद्वार मार्ग स्थित एक बैंकेट हॉल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मौहम्मद फैज आलम खान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि बार व बेंच को अपने संबंध आपस में मधुर रखते हुए वादकारियों को जल्द से जल्द न्याय दिलाने चाहिए। उन्होंने कहा कि वादकारी इंसाफ व न्याय मिलने की आस को लेकर इंसाफ के मंदिर तक पहुंचता है, जब उसे समय से इंसाफ व न्याय नहीं मिलता तो उसे मायूसी हाथ लगती है। उन्होंने बार व बेंच से दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रामीणों की भावनाओं को सम्मान देकर समय से न्याय दिलाने के प्रति गंभीर रहने की सलाह दी। न्यायमूर्ति ने बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष कसीम अहमद व महामंत्री नदीम अहमद सहित उनकी टीम को बधाई दी। पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार ने टीम को शपथ ग्रहण कराई। विजय शर्मा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में में जिला जज संजय कुमार, अपर जिला जज राम अवतार यादव, एडीजे पास्को पीके शुक्ला, सीजेएम बिजनौर नरेंद्र कुमार, सिविल जज जूनियर डिवीजन एकलव्य सरोज, मौअज्जम खां, अजय गोयल, शमीम अहमद, निसार अहमद, जावेद कमर सिद्दीकी, अब्दुल वफा, अब्दुल गफ्फार, राजेंद्र सिंह, इसरार अहमद, खुर्शीद आलम सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र में प्रजा ही राजा : हुमांयू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष हुमायूं बेग ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा खालिद तालिब बंधु प्रकरण में जिस तरह से भाजपा पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह द्वारा सिर्फ अपने राजनीतिक फायदे के लिए आपसी सौहार्द को खतरे में डाला जा रहा है, ये बिजनौर के लिए ठीक नहीं है।

हुमायूं बेग ने कहा तालिब खालिद बंधुओं पर जुल्म की सारी इंतहा पार हो गई। तालिब बंधु यदि अवैध तरीके से आरा मशीन चला भी रहे थे, तो उसके लिए प्रशास. निक व्यवस्था है, वो उनके खिलाफ कार्यवाही करेंगे। पूर्व सांसद किस हैसियत से घटना स्थल पर गए थे। पूर्व सांसद का कहना है कि खुद एडीएम ने उन्हें वहां बुलाया था। ये खुद में बहुत गंभीर बात है कि क्या एडीएम को घटित परिस्थितियों का पूर्वानुमान नहीं था? यह भी एक जांच का विषय है?

दरअसल भाजपा ने देश व प्रदेश में एक ट्रेंड स्थापित किया है जो जितनी सांप्रदायिक राजनीति करेगा उसका राजनैतिक भविष्य उतना ही उज्जवल होगा। तो क्या प्रदेश की बाकी 402 विधानसभा सीटों पर भी जनता पर जुल्म ज्यादती करने वालों को आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव के टिकट में प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसा इस प्रकरण में साफ तौर पर दिख रहा है कि कैसे बिजनौर के अमनो अमान को खतरे में डाल कर मजलूनमों, कमजोरों अल्पसंखकों, दलितों पिछड़ों व किसानों पर अत्याचार करके खुद के विधायक बनने का सपना देखा जा रहा है। लेकिन ऐसी मानसिकता के लोग भूल गए हैं कि यह लोकतंत्र है। यहां राजा के और प्रजा के वोट की कीमत एक समान है और प्रजा ही लोकतंत्र में राजा होती है।

## आंगनबाड़ी सहायिकाओं को विधायक ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**अफजलगढ़।** कासमपुर गढ़ी ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र और स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में विधायक सुशांत सिंह ने अपने संबोधन में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें देश और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# संसद में गूंजा आदमखोर गुलदार का आतंक



## कुंवरानी रुचि वीरा ने उठाया मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने बिजनौर जनपद में बढ़ते आदमखोर गुलदार के आतंक का मुद्दा संसद में जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि जनपद में लगातार हो रहे गुलदार के हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग भय के साए में जीवन यापन करने को मजबूर हैं।

सांसद ने संसद में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 से अब तक बिजनौर में गुलदार के हमलों में 30 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। हाल ही में बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम चौहड़वाला की क्रांति देवी की गुलदार के हमले में मौत हो गई। इसके अलावा ग्राम जमुनावाला में भी एक महिला को गुलदार ने अपना शिकार बनाया।

रुचि वीरा ने कहा कि लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाए, प्रभावित गांवों में पिंजरे लगाए जाएं और ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी बढ़ाई जाए। सांसद ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता बढ़ाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि गुलदार के हमलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को कम से कम 25 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाना चाहिए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। सांसद के इस मुद्दे को संसद में उठाने के बाद क्षेत्रीय लोगों को उम्मीद है कि अब इस समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, शेरकोट ( बिजनौर )**

पत्रांक: /न.पा.प.शेर./2026-27

दिनांक:-02.04.2026

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा भवन स्वामियों/क्रेतागणों तथा अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भूमि/भवन सं. 336/1 मौहल्ला शेखान शेरकोट (बिजनौर) द्वारा उक्त भूमि/भवन पर नाम दर्ज करने के संबंध में इस कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्र संलग्न साक्ष्यों/पंजीकृत बैनामों के आधार पर श्री मौ. दानिश पुत्र शराफत हुसैन निवासी मौहल्ला खुराड़ा, कस्बा शेरकोट, बिजनौर के नाम दर्ज/ परिवर्तन की कार्यवाही कर विभाग में विचाराधीन है। संबंधित एवं विक्रेतागणों को नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (बी) के अन्तर्गत नोटिस भेजी जा चुकी है। अगर किसी आपत्तिकर्ता को आपत्ति हो तो सम्पूर्ण अभिलेखों/ साक्ष्यों सहित प्रकाशित होने के दिनांक से 01 माह के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति इस कार्यालय को प्रेषित करें, अन्यथा सनियम कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सुहैल अहमद नाफरमाबरदार है। जो कि गलत कार्यों में लिप्त रहता है। सुहैल अहमद के गलत संगत में पड़ने के कारण उसके तमाम कार्यों से तंग आकर खूब सोच समझ कर स्वस्थ मस्तिष्क व स्थिर बुद्धि की दशा में सुहैल अहमद को मैंने अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का सुहैल अहमद से कोई संबंध व वास्ता नहीं रह गया है। सुहैल अहमद के किसी भी लेन-देन व उसके किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। मैं व मेरे परिवार के हर सदस्य ने सुहैल अहमद से पूर्ण रूप से संबंध विच्छेद कर लिया है। सुहैल अहमद से किसी भी प्रकार का कोई भी मतलब व वास्ता नहीं रह गया है। **तसलीम पुत्र मौ. यासीन निवासी मौ. पतियापाड़ा, कस्बा व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।**

# 20 फीट नीचे खेत में गिरी कार

## हरियाणा से उत्तराखंड जा रहे थे यात्री, सात घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम मानियावाला स्थित बनैली नदी पुल के तटबंध मोड़ पर एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 20 फीट नीचे खेत में गिरकर पलट गई, जिसमें बैठे चालक सहित सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया।



हरियाणा प्रदेश के जनपद रोहतक से रामनगर (उत्तराखंड) जा रही एक अर्टिका कार आज प्रात: मानियावाला स्थित बनैली नदी पुल के तटबंध के तीव्र मोड़ पर अनियंत्रित होकर लगभग 20 फीट नीचे खेत में जाकर पलट गई। कार को सोनू (32 वर्ष) पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम चरणवास थाना कलानौर जनपद हिसार (हरियाणा) चल रहा था।

कार में खेमचंद (40 वर्ष) पुत्र श्रीराम, जगदीश (40 वर्ष) पुत्र धनीराम, योगेश (17 वर्ष) पुत्र प्रेम प्रकाश, दयाल (55 वर्ष) पुत्र श्रीराम, गिरधारी (50 वर्ष) पुत्र धर्मराज, आनंद (52 वर्ष) पुत्र धनीराम निवासी ग्राम मिताल घाट जनपद नैनीताल (उत्तराखंड) सवार थे। यात्रियों के मुताबिक मोड़ तीव्र होने के कारण चालक कर पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेतों में जाकर पलट गई। कार में सवार सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों ने राहत कार्य कर सभी यात्रियों को कार से बाहर निकाला तथा 108 एंबुलेंस को सूचना देकर घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां गंभीर अवस्था देखते हुए चालक सोनू को चिकित्सक द्वारा हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। यात्री खेमचंद के मुताबिक उन्होंने हिसार के एक होटल द्वारा कार बुक किया था, जबकि कार में हरियाणा सरकार की एक पट्टिका लगी हुई थी। सूचना मिलने पर विवेकानंद चौकी प्रभारी मनवीर सिंह व मुख्य आरक्षी प्रशांत कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर किसान मौहम्मद असलम सिद्दीकी के ट्रैक्टर द्वारा कार को सीधा कर खेत से बाहर निकालकर पुलिस चौकी पर खड़ा कर दिया। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। खेत स्वामी मौहम्मद फारूक की गेहूं की फसल बर्बाद हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

## अभय प्रताप का जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मटौरा दुर्गा निवासी अभय प्रताप सिंह ने उ.प्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) की प्रतिष्ठित परीक्षा में प्रदेश भर में तीसरी रैंक हासिल करने पर इस उपलब्धि पर गांव में उनका जोरदार स्वागत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार अभय प्रताप सिंह की इस सफलता का जश्न मनाने के लिए उनके आवास पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा रहा। इस दौरान कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शोभित त्यागी और भाजपा भटियाना मंडल अध्यक्ष हिमांशु पाराशर के अलावा नहटौर के प्रतिष्ठित व्यापारी काके जैन शामिल थे। इन अतिथियों ने अभय प्रताप सिंह को अंग वस्त्र पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने कहा कि अभय प्रताप ने न केवल अपने गांव और जनपद का नाम रोशन किया है, बल्कि प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर यह साबित किया है कि दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अभय को क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ा प्रेरणास्रोत बताया। नेताओं ने अभय के माता-पिता और परिवारजनों को भी इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई दी।

## आग से बचाव के प्रति जागरुक किया



**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अग्निशमन दल ने छात्रों को आग से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। धामपुर से आए अग्निशमन निरीक्षक दीपक चौधरी ने विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों और बचाव के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रसोई घर के गैस सिलेंडर में आग लगने या अन्य स्थानों पर लगने वाली आग से निपटने के लिए तैयार करना था। निरीक्षक चौधरी ने विभिन्न प्रकार की आग पर नियंत्रण पाने के व्यावहारिक तरीके बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए। यदि आग गैस सिलेंडर में लगी हो, तो उसे अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर), गीले कपड़े या पानी के तेज बहाव से नियंत्रित किया जा सकता है। इसके साथ ही, उन्होंने 112 नंबर डायल कर तुरंत अग्निशमन दल को सूचित करने की सलाह दी। ऐसा करने से आग से होने वाली जान-माल की हानि को कम किया जा सकता है और उसे फैलने से रोका जा सकता है। इस मौके पर कक्षा छह से कक्षा 12 तक के विद्यार्थी, सभी शिक्षक और प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# जनगणना तैयारियों पर बैठक

## जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, उपनिदेशक कृषि डा. घनश्याम सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी धर्मवीर सिंह, सभी तहसीलदार बीडीओ एवं अधिशासी अधिकारी नगर निकाय मौजूद थे।




डीएम जसजीत कौर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जनगणना के अंतर्गत जो एचएलबी बनाए गए हैं, उनकी आबादी का मुआयना कर लें और कोई भी एचएलबी मानक से अधिक आबादी पर नहीं बननी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है, उनका जियो टैग कार्य पूर्ण कर, पोर्टल पर उनकी मैपिंग करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर कर्मचारियों की संख्या कम है, दूसरे स्थान से उनकी कमी को पूरा करें और जो सूचनाएं जिले में प्रेषित की जा रही है, उन्हें निर्धारित फॉर्मेट्स पर पूर्ण सूचनाओं के साथ भेजें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि एचएलबी पर जो भी बैच बनाया जाए, आवश्यकता के अनुसार उन पर एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त करें और ट्रेनिंग की गुणवत्ता की निगरानी भी करना सुनिश्चित करें ताकि कार्य के दौरान में किसी भी प्रकार की असु. विधा न होने पाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अध्यापकों एवं महिला कर्मचारियों की जनगणना में ड्यूटी उन्हीं के कार्य क्षेत्र के आसपास लगाई जाए। उन्होंने बताया कि प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की 31 मार्च तक नियुक्ति की जा चुकी है। सीएमएस पोर्टल पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए पांच अप्रैल, 2026 को यूजर आईडी, उनके प्रशिक्षण के लिए सीएमएस पोर्टल पर बैच बनाना तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को एचएलबी का आवंटन किया जाएगा।

# घटिया सामग्री से बना नाला चैनल टूटा

## ठेकेदार की कार्यशैली पर उठे सवाल, मरम्मत न होने पर हादसों का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मौहल्ला शेखान में नगर पालिका द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया गया नाला चैनल निर्माण कार्य अब विवादों में आ गया है।



नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने के कारण चैनल मात्र दो महीने में ही क्षतिग्रस्त हो गया। मौहल्ले वालों के अनुसार चैनल टूटे हुए करीब डेढ़ से दो माह का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। टूटा हुआ चैनल सड़क पर खुला पड़ा होने से आए दिन दोपहिया वाहन चालक उसमें गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं ई-रिक्शा चालक और छोटे वाहन भी उसमें फंसकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। जिससे नागरिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री लगाई गई है। नागरिकों का आरोप है कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता नियंत्रण पर ध्यान नहीं दिया गया और जल्दबाजी में कार्य पूरा कर दिया गया। जिसका परिणाम अब नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। रात के समय टूटा हुआ चैनल राहगीरों के लिए और अधिक खतरनाक साबित हो रहा है। जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष फैसला वारसी एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल से मांग की है कि मामले की जांच कराकर दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा जल्द से जल्द चैनल की मरम्मत कराई जाए।

## हनुमान जयंती पर भण्डारा




**हल्दौर।** स्थानीय पोखर बाजार स्थित जमुनादास धर्मशाला मंदिर में श्री बालाजी मंडल के सौजन्य से हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां सभी ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया। धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत पंडित धर्मवीर शर्मा के सानिध्य में विधि-विधानपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ हुई। मुख्य यजमान एवं कमेटी अध्यक्ष रमेश चौहान ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। अनुष्ठान के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें देर तक प्रसाद वितरण चलता रहा। कार्यक्रम में करन चौहान, राजन चौहान, पुनीत चौहान, सुरेंद्र चौहान, महीपाल सिंह, डा. संदीप दुबे एवं डा. प्रदीप दुबे सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## हनुमान चालीसा पाठ व भजन-कीर्तन



**धामपुर।** श्रीमद् हनुमत सेवा समिति व बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज ध्यान केंद्र के संयोजन में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव की तीन दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला के दूसरे दिन बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज ध्यान केंद्र पर संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ व भजन-कीर्तन कर बाबा बजरंग बली को सवा कुंतल लड्डू का भोग लगाया गया। इस भव्य कार्यक्रम में नगर व आस-पास बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इस मौके पर नगर के प्रबुद्धजन अभय गोयल, संजीव अग्रवाल, अमित माहेश्वरी, मनोज कात्यायन पत्रकार, सुमित शर्मा पत्रकार, मुनीश उपाध्याय पत्रकार, डा. जितेंद्र कौशिक, अमित माहेश्वरी, महंत पीयूष अग्रवाल, विजय जैन, संयम जैन, प्रतिभा अग्रवाल, मुकेश चौहान एडीजीसी, दुष्यंत चौहान, डा. संजय भटनागर, डा. कुशाग्र सक्सेना, गौरव शर्मा, अजय अग्रवाल पिंटू, नमन जैन, मनीष गर्ग, डा. करिश्मा सक्सेना, मिथलेश शर्मा आदि को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामदास महाराज, सुभाष चंद्र कौशिक, पं. पवन कौशिक, पंकज भटनागर, मंयक अग्रवाल, आयुष राज वर्मा, तरुण शर्मा शास्त्री, नीरज कुमार, यतेंद्र शर्मा एड., कपिल तुली, रजत सक्सेना, मेघराज सिंह प्रजापति, महेंद्र सिंह, मेघराज सिंह, डा. एके वर्मा, अनिल चौधरी, पंकज वर्मा, चेतन सैनी, डा. ईश्वर चंद शर्मा, नितिन भटनागर, महंत विजय प्रकाश वर्मा, प्रदीप शर्मा, पं. गौरव कृष्ण भारद्वाज, पं. विकास वशिष्ठ, चौधरी अभिजीत सिंह, कुलवंत सिंह पंवार, महावीर सिंह, पुनीत रघुवंशी, हिमांशु गुप्ता, सक्षम गुप्ता, कार्तिक तुली, सार्थक चौधरी, सोम. वती देवी, नमिता वर्मा, रीना वर्मा, प्रियंका तुली, अनीता भटनागर, बबीता सक्सेना, पलक अग्रवाल, मिथलेश शर्मा, शशि दुआ, गौरी वर्मा, रानी देवी, रजनी गुप्ता, मुन्नी देवी, शीतल पंवार, अक्षिता सिंह, दिव्यांशी सिंह, अराध्या भटनागर, पीहू गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।

# वार्षिक उत्सव मंथन 2026 का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरवी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में वार्षिक उत्सव 'मंथन' 2026 का शुभारंभ किया गया।



### 600 से ज्यादा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया

सर्वप्रथम मंथन समारोह में क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया गया। जिसमें 14 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया। पहला मैच नवाब क्लब टीम एवं आरवीआईटी हॉस्टल टीम के बीच कराया गया। जिसमें नवाब क्लब टीम विजयी रही। दूसरा मैच आदर्श-11 टीम एवं वीरा इंडीयंस टीम के बीच कराया गया। इसमे आर्दश-11 टीम विजयी रही। तीसरा मैच फजलपुर-11 टीम एवं स्योहारा टीम के बीच हुआ जिसमें फजलपुर टीम विजय रही। चौथा मैच एक्टिव क्रिकेट क्लब टीम एवं बिजनौर जियान्ट्स टीम के बीच हुआ इसमें एक्टिव क्रिकेट क्लब टीम विजय रही। अभी प्रतियोगिता जारी है।

400 मीटर की दौड़ में 18 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से प्रिंस कुमार, गहलौत कॉलेज हलदौर से प्रथम स्थान व शनि कुमार विवेक यूनिर्वसिटी बिजनौर से दूसरे स्थान पर रहे। खो-खो में छह टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच एग्रीकल्चर क्लब टीम-बी एवं जूनियर हाई स्कूल पाहूली के बीच हुआ। इसमें एग्रीकल्चर क्लब टीम-बी बिजयी रही। दूसरा मैच आरवीआईटी एवं वीरा कॉलेज के बीच हुआ इसमें आरवीआईटी की टीम विजयी रही। तीसरा मैच एग्रीकल्चर क्लब टीम-ए एवं आरवीआईटी हॉस्टल के बीच हुआ इसमें एग्रीकल्चर क्लब टीम-ए विजयी रही। फाइनल मैच एग्रीकल्चर क्लब टीम-ए व एग्रीकल्चर क्लब टीम-बी के बीच हुआ। इसमें एग्रीकल्चर क्लब टीम-बी प्रथम स्थान पर रही और रनरअप एग्रीकल्चर क्लब टीम-ए रही। कबड्डी में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें पहला मैच नहटौर बुल्स एवं सॉई इंटरनेशनल हल्दौर टीम के बीच हुआ इसमें नहटौर बुल्स टीम विजयी रही। दूसरा मैच मेरठ टीम एवं आरवीआईटी स्टार टीम के बीच के हुआ इसमें मेरठ टीम विजयी रही। तीसरा मैच बिजनौर स्टेडियम एवं जलालपुर टीम के बीच हुआ। इसमें बिजनौर स्टेडियम विजयी रही। चौथा मैच आरवीआईटी एवं वीकेआईटी के बीच हुआ। इसमें आरवीआईटी टीम विजयी रही। फाइनल मैच बिजनौर स्टेडियम व नहटौर बुल्स के बीच हुआ। इसमें बिजनौर स्टेडियम विजयी रही। टेबल टैनिस पुरूष प्रतियोगिता में 24 प्रतिभागियो ने प्रतिभाग किया। इमसें मनीश कुमार एचजीओसी टीटी अकेडमी ने प्रथम स्थान और देवांश कपूर डीपीएस बिजनौर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। टेबल टैनिस महिला प्रतियोगिता में 11 प्रतिभागियो ने प्रतिभाग किया। इसमें प्रेरणा वर्धमान कॉलेज बिजनौर से प्रथम स्थान पर और सुनैना सीडीआईसी हल्दौर दूसरे स्थान पर रहीं।

चैस में 56 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान स्पर्श कुमार मॉडन ऐरा स्कूल बिजनौर व द्वितीय स्थान जयन्तराम बजरंग क्रिसजयंती स्कूल ने प्राप्त किया।

बैडमिंटन सिंगल पुरुष प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन डबल पुरुष प्रतियोगिता में 14 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन सिंगल महिला प्रतियोगिता में छह प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन डबल महिला प्रतियोगिता में चार प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। अभी प्रतियोगिता जारी है।

बास्केट बॉल में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच नजीबाबाद वारियरस एवं सेंट मेरी स्कूल नगीना टीम के बीच चल रहा है।

वालीबॉल मैच में 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें पहला मैच वीरा कालेज एवं आरईसी चांदपुर टीम के बीच हुआ जिसमें आरईसी चॉदपुर टीम विजयी रही। दूसरा अकोन्दा एवं विवके कॉलेज टीम के बीच हुआ जिसमें अकोन्दा टीम विजयी रही।

तीसरा मैच आरवीआईटी कालेज एवं एचएमआई नेहटौर टीम के बीच हुआ। इसमें एचएमआई नहटौर टीम विजयी रही।

## एक नजर

### धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव



**धामपुर।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर मुख्य बाजार में हनुमान जी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मंदिर के स्वामित्व महंत डॉ. अमित गिरी महाराज तथा छोटे महंत आदित्य गिरी, जतिन गिरी ने मुख्य यजमान दीपक चौहान, मृदुलेश चौहान, रितेश मेहरोत्रा, हरीश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, नितिन सैनी अन्य भक्तगणों के द्वारा हनुमान जी का सिंदूरी स्वर्ण चोला अर्पण कराया गया। हनुमान जी महाराज को मोतियों की माला सुगंधित पुष्पों की माला से सुशोभित किया गया। महिला भक्तों ने अपने भजनों के माध्यम से मंदिर का माहौल भक्तिमय कर दिया। महंत अमित गिरी व महंतआदित्य गिरी तथा जतिन गिरी ने सभी यजमानों के द्वारा आरती संपन्न कराई। इसके पश्चात हरीश अग्रवाल व सुमित अग्रवाल के द्वारा 51 किलो के लड्डू का भोग लगाया गया। रात्रि में जतिन गिरी तथा आदित्य गिरी के द्वारा 56 भोग व बाबा को केक का भोग लगाया गया और सभी भक्तों प्रसाद वितरण किया गया। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में रात्रि 11:00 बजे तक दूर दराज से आए भक्तों की दर्शन व पूजन करने के लिए अपार भीड़ लगी रही। इस अवसर पर मंदिर की पुजारन पूनम गिरी, आकाश जोशी, स्नेहा गिरी, संगीता जोशी, समता जोशी, शुभम जोशी, आयुषी शर्मा, आशा देवी, पूर्वी जोशी, प्रभा देवी, कंचन, सुधा, डॉ. एनपी सिंह, डॉ. दीप सौरभ सिंह, डॉ. आरपी भारद्वाज, दीपक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष संजय माधव सैनी, ज्वेलर्स उदित जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, विनीत कौशिक उपाध्यक्ष, रजनीश गोस्वामी आदि अनेक श्रद्धालुओं गण उपस्थित रहे।

### महिला को भगाने का आरोपी गिरफ्तार



**नांगल सोती।** नांगल क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 30 मार्च को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी को गांव ही शाहनवाज बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पत्नी उसका तीन वर्ष का पुत्र भी साथ ले गई है। मामला अलग-अलग समुदाय का होना के चलते पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया, तुरंत पुलिस टीम बनाकर आरोपी की तलाश शुरू दी। दरोगा उपेंद्र सिंह, आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी ऋषि अत्री की टीम ने आरोपी शाहनवाज को मौहल्ला ब्रह्मपुरी, महदूद रावली थाना सिडकुल हरिद्वार से महिला और उसके बच्चे सहित पकड़ लिया। पुलिस ने बरामद महिला को उसके बयान दर्ज कराने के कोर्ट में भेज दिया। वहीं आरोपी का संबंधित मुकदमे में चालान कर दिया।

### मामूली विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** स्थानीय मौहल्ला कोटरा निवासी फैसल पुत्र मिर्जा खुर्शीद ने बताया कि एक अप्रैल की शाम करीब सात बजे वह अपने चचेरे भाई फैज आलम के साथ घर से जा रहा था। इसी दौरान जामा मस्जिद के सामने रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि कलीम खान निवासी सराय काले खां दिल्ली, नबील अहमद, मोइन खान और अजीम खान ने स्टोन क्रेशर को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और बेल्ट से मारपीट की। पीड़ित फैसल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### महंत डा. अमित गिरी सम्मानित



**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति के संरक्षक डा. जितेंद्र कौशिक व निर्मला कौशिक, संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, शिवेंद्र कौशिक, सारिका कौशिक, श्रीनिका कौशिक द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर महंत डा. अमित गिरी को सनातन सारथी सम्मान पत्र भेंट कर व पटका पहनाकर सम्मानित किया। डा. जितेन्द्र कौशिक ने बताया किडा. अमित गिरी आरएसएम महाविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता है तथा श्री बाला जी मंदिर के मंहत भी है। उनके द्वारा शिक्षा की अलख जगाते हुए समाज में एक नवीन प्रकाश फैलाया जा रहा है। जैसे कि अंधकार में दीप रोशनी फैलता है। साथ ही वे युवाओं को आगे बढ़ाते हुए सनातन संस्कृति को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए बहुत से धार्मिक कार्य जैसे घर-घर सुंदर कांड, माता की चौकी, रामायण आदि बहुत से सुंदर कार्य कर रहे है। जिससे जन-जन में धर्म की ज्योत जगाई जा सके।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया



**धामपुर।** खातियान स्थित, शिव मंदिर मैढ सभा (सुनारो वाले मंदिर) में हनुमान जन्म उत्सव पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर आयुष राज वर्मा, सतीश वर्मा, नरेश वर्मा, सूर्यकांत वर्मा तथा डा. शंकर भारद्वाज द्वारा संयुक्त रूप से विधि-विधान से चोला चढ़ाया गया तथा महिलाओं द्वारा मनका पाठ, हनुमान चालीसा, राम स्तुति तथा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाओं ने हनुमान जी के भक्ति पूर्ण भजनों का गायन करके मंदिर परिसर को भक्ति मय बना दिया। कमलेश वर्मा द्वारा 'यह उत्सव बजरंग बाला का, लाल लंगोटे वाले का'' 'सब प्रेम से बोलो, मिलकर बोलो जय बाबा की। इस मौके पर दीपमाला वर्मा, सुमन वर्मा, कमलेश वर्मा, चाहत वर्मा, स्वाति वर्मा, उमा वर्मा, नमीता वर्मा, निशा वर्मा, ममता वर्मा, सोनी वर्मा, कंचन वर्मा, तनु वर्मा, पायल वर्मा, सरोज वर्मा, रुक्मणी वर्मा, शशि वर्मा आदि उपस्थित रही।

# महंगाई: बच्चों के स्कूल के प्लास्टिक सामान के दाम बढ़े

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नया शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही जहां अभिभावक बच्चों के एडमिशन और किताबों के खर्च से जूझ रहे हैं, वहीं अब स्कूलों में बच्चों के उपयोग के सामान पर भी महंगाई का साया नजर आ रहा है। पेंसिल बॉक्स, टिफिन, पानी की बोतल और स्कूल बैग के दामों में बढ़ोतरी से अभिभावकों का बजट और बिगड़ गया है।

**बढ़ी कीमतों ने बढ़ाई अभिभावकों की मुश्किलें**

व्यापारियों के अनुसार खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण प्लास्टिक के कच्चे माल यानी दानों की कीमतों में इजाफा हुआ है। चूंकि अधिकतर स्कूली सामान प्लास्टिक से ही बनता है, इसलिए इसका सीधा असर बाजार में देखने को मिल रहा है। जो पेंसिल बॉक्स पहले 30 से 100 रुपये का था, वह अब 40 से 120 रुपये में बिक रहा है। स्कूल बैग करीब 10 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। अभिभावकों के लिए यह अतिरिक्त खर्च चिंता का कारण बन गया है। खासकर जिनके एक से अधिक बच्चे हैं, उनके लिए यह स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। कारोबारियों का कहना है कि यदि कच्चे माल की कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं तो आने वाले समय में स्कूली सामान और महंगा हो सकता है। नए सत्र में बच्चों के स्कूली सामान पर बढ़ी कीमतों ने अभिभावकों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। महंगाई का असर अब हर छोटे-बड़े खर्च पर साफ दिखाई दे रहा है। संजीव कुमार दुकानदार ने बताया कि प्लास्टिक के दाम बढ़ने से सभी सामान की लागत बढ़ गई है। हमें भी मजबूरी में कीमत बढ़ानी पड़ी है। ग्राहक कीमत सुनकर थोड़ा झिझक रहे हैं, लेकिन जरूरत होने के कारण खरीदारी कर ही रहे हैं। हर्षित दुकानदार ने बताया कि इस बार लगभग सभी स्कूली सामान 10 फीसदी तक महंगे हुए हैं। खासकर पेंसिल बॉक्स और पानी की बोतलों में ज्यादा असर देखने को मिल रहा है। स्टॉक भी महंगे दाम पर आ रहा है।



सम्भल। गुड फ्राइडे पर चर्च में प्रार्थना सभा में भाग लेते मसीह समाज के लोग।

# स्मार्ट मीटर की बढ़ती जा रही उपभोक्ताओं की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर बबराला व गुन्नौर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं ने गंभीर समस्याएं उठाई हैं।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि नए मीटर लगने के बाद बिजली बिल में बढ़ोतरी हो रही है और मीटर तेज चल रहे हैं। इसको लेकर उपभोक्ताओं ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की है। उपभोक्ताओ का कहना है कि आईडी के साथ पिछले 12 महीनों का मासिक बिजली उपयोग (यूनिट) और बिल राशि का तुलनात्मक चार्ट तैयार कर देखा

**विगत 12 महीनों का मासिक उपयोग बिल राशि व तुलनात्मक चार्ट तैयार कर देखा जाए कि पूर्व में कितना अब कितना आ रहा है बिल**

जाये कि पहले बिल कितना था अब स्मार्ट मीटर लगने के बाद वह कितना आ रहा। निहाल, कल्लू, दिलीप ने कहा कि स्मार्ट मीटर बिल अधिक निकाल रहे हैं। इसके साथ ही, अन्य समस्याओं का भी समाधान किया जाये।

## मंदिरों में हुआ सुंदरकांड

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर के स्टेशन रोड स्थित संतोषी माता श्रीबाँकेबिहारी मंदिर पर भगवान श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव, हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। भक्तों ने जय श्री राम जय हनुमान के गगन भेदी जयकारों से वातावरण भक्ति मय कर दिया। मंदिर के पुजारी पण्डित श्याम बिहारी ने अंजनी पुत्र श्री बालाजी हनुमान जी का नवीन वस्त्र्स आभूषण पहना कर भव्य दिव्य श्रृंगार किया तत्पश्चात श्री हनुमान चालीसा एवं श्री हनुमान जी की आरती उतारकर पूजा अर्चना की।

# यीशू का क्रूसीय बलिदान ऐतिहासिक घटना नहीं अनन्त संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर दिए गए बलिदान की स्मृति में, लेंट (चालीस दिन के उपवास) के अंतिम दिन पवित्र गुड फ्राइडे पर अत्यंत भावगर्भित एवं आत्मिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

डिवाइन फेट फैलोशिप ग्लोबल मैथेडिस्ट चर्च बहजोई में आयोजित प्रार्थना सभा दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रभु यीशु के क्रूस पर कहे गए सात वचनों पर गहन चिंतन किया गया, जिसने सम्पूर्ण सभागार को मौन, श्रृद्धा और आत्मविश्लेषण से भर दिया। इस दसैरान चर्च के प्रेसिडिंग एल्डर रेव्ह डा. राहुल उठवाल ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह का क्रूसीय बलिदान केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि एक अनन्त संदेश है प्रेम, क्षमा, सेवा और आत्मसमर्पण का। प्रभु यीशु ने क्रूस पर असीम पीड़ा सहते हुए भी कहा, हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि क्या कर रहे हैं, इस वचन पर डा. राहुल उठवाल ने चिंतन प्रस्तुत किया। जबकि दूसरा वचन षज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा अंजली द्वारा प्रस्तुत किया गया, तीसरा वचन हे नारी, देख यह तेरा पुत्र है पर पुनः डा. उठवाल ने विचार साझा किए। चौथा वचन हे मेरे परमेश्वर, तूने मुझे क्यों छोड़ दिया? खुशी मसीह द्वारा प्रस्तुत किया गया, पाँचवाँ वचन मैं प्यासा हूँ पर सैलीन मसीह ने आत्मिक भाव व्यक्त किए। छठा वचन पूरा हुआ आकांक्षा द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा अंतिम वचन हे पिता, मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूँ पर पादरी प्रवीन कुमार ने समर्पण के गहन अर्थ को स्पष्ट किया। अंत में राष्ट्र की शांति, एकता, प्रेम और उन्नति के लिए विशेष प्रार्थनाएँ की गईं। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक परंपरा रहा, बल्कि आत्मिक जागृति और प्रभु के प्रेम को अनुभव करने का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ। प्रार्थना सभा में चर्च परिवार के अनेक सदस्यों ने सहभागिता की, जिनमें प्रमुख रूप से कोमल, सामर्थ, कनक, अंजली, रोशनी, सारा, अर्जुन, मुस्कान, विनती, श्रृद्धा, शिफा, अमायरा, चुनमुन, बेबी रोबिनसन, आकांक्षा रोबिनसन, सैलीन मसीह, सीमा टॉड, पूजा, अमोस, खुशी, ममता, अर्णव, विजय पीटर सहित अन्य श्रृद्धालु उपस्थित रहे।

# भूमि पर जबरन कब्ज़ा करने का आरोप

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**गवाँ।** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव बरौरा निवासी नरोत्तम सिंह ने कहां कि कुछ दिन पहले उनकी निजी भूमि पर गांव के कुछ जबरन लोगों ने कब्जा कर उस पर पशुओं को चारा खिलाने वाली खुरली बना दी और चारा काटने वाली मशीन लगा दी जबकि गाटा संख्या 415, 413 व 412 पर न्यायालय गुन्नौर मे मामला विचाराधीन है सक्रिय दबंग गरीब व मजदूरो पर बेखौफ रूख जमा रहे है कार्यवाही को लेकर पीड़ित दर-दर भटक रहा है। जबकि आरोप है कि आरोपियों ने न केवल उसके साथ गाली गलौज की बल्कि अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया। पीड़ित ने इस मामले पर करीब तीन माह पहले एसडीएम गुन्नौर को शिकायत पत्र भी देकर न्याय की गुहार लगायी थी जिस पर हल्का लेखपाल ने पैमाइश कराकर उसके हवाले की। पीड़ित ने प्रशासन से न्याय के गुहार लगाई।

# बहमन के वार्षिक परीक्षाफल के मेधावी सम्मानित

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** बहमन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया जिसमें प्रथम स्थान द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जबकि पहली बार विद्यालय में एक ड्रीम बुक बनाने का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बहुत से छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने भविष्य को लेकर उन कल्पनाओं को एक पुस्तक के रूप में लिखित रूप में विद्यालय में जमा किया और इस ड्रीम बुक में अपने अपने उद्देश्यों का भी वर्णन किया। इस ड्रीम बुक में प्रथम स्थान पाने वाली कक्षा 7 की छात्रा जुनैन सैयदा को 10000, कक्षा 5 की छात्रा सुगरा हुसैन जैदी को द्वितीय स्थान पर 7000, कक्षा 9 की छात्रा आरजू को तृतीय स्थान पर 5000 का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार विद्यालय के प्रबंधक अली अकबर रतनसी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शिक्षावादी बसीर राजा काजमी साहब ने भी छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। परीक्षाफल वितरण में विद्यालय के प्रधानाचार्य शोभित कुमार रस्तोगी, उपप्रधानाचार्य मोहम्मद ओन नकवी ,प्रशासक असगर अली शाह, डायरेक्टर ताहिर उज जमा ,कोआर्डिनेटर कुमारी शबाना नाजमौजूद रहे जबकि कार्यक्रम का संचालन कुमारी नूरीन फरीदी ने किया। कक्षा यूकेजी में प्रथम स्थान उरूज, द्वितीय स्थान सगीर तृतीय स्थान अरीब, फर्स्ट क्लास में प्रथम स्थान अनहा फातिमा द्वितीय स्थान एलिजा तृतीय स्थान मोहम्मद अदनान सेकेंड क्लास में प्रथम स्थान माहिरा शाकिर, द्वितीय स्थान शुजा अब्बास, तृतीय स्थान हडिया नूर, कुलसुम अब्बास, क्लास थर्ड में प्रथम स्थान मोहम्मद हसन, द्वितीय स्थान मोहम्मद असद, तृतीय स्थान कनीज फातमा, क्लास पंचम में प्रथम स्थान निदा और सुगरा हुसैन जैदी, द्वितीय स्थान आले नवी और तालीम ןातमा तृतीय स्थान मोहम्मद अजहर और मरियम फातमा क्लास सिक्स में प्रथम स्थान बुशरा द्वितीय स्थान सिमरा महफूज तृतीय स्थान अलमास जहरा क्लास 8जी में प्रथम स्थान साफिया द्वितीय मिन्सा जहरा, सारा हाशिम क्लास नाइंथ में प्रथम स्थान इलमा और हसन मुज्तबा, द्वितीय स्थान रिजवा सैफी और मोहम्मद जैद और तीसरा स्थान बर्तूल सैयदा और मोहम्मद कासिम इन सभी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के द्वारा सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




सम्भल- बहमन पब्लिक स्कूल के वार्षिक परीक्षाफल में सम्मानित मेधावी।

## कहीं अभिभावकों का फूट न जाये लावा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी की सख्ती और एनसीईआरटी पुस्तकें हर हाल में स्कूलों में पढ़ाने के आदेशों का असर बेमाने साबित हो रहा है। जबकि स्कूलों की मनमानी पर अभिभावकों का गुस्सा अंदर ही अंदर लावा बनता जा रहा है। जो कभी भी फूटने की सम्भावना है।

नया शैक्षिक सत्र शुरू होते ही मोटा कमीशन ले रहे स्कूल संचालकों की मनमानी थम नहीं रही है। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें हर लाल में पढ़ाने के निर्देश दे रखे हैं जबकि फीस नियामक समिति की बैठक के बिना फीस में भी बढ़ोत्तरी करने पर सख्त कार्रवाई को चेताया जा चुका है लेकिन स्कूलों में चल रही मनमानी रूक नहीं रही है बल्कि लगातार बढ़ती जा रही है। नया पैर्टन बदलते हुए निर्धारित दुकानों से ही कोर्स को बिकवाया जा रहा है। जहां नौनिहालों का कोर्स पांच हज़ार तक में बेचा जा रहा है। अभिभावकों पर डाले जा रहे इस बोझ से उनके सब्र का घड़ा भरता जा रहा है। लावे के रूप में कभी भी फूटने की अशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# ई-रिक्शा पलटने से आधा दर्जन से अधिक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गंगा स्नान को जाते समय ई रिक्शा पलटने से कई लोग घायल हो गये। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जुनावई असदपुर मार्ग पर के दवथरा गांव में ई-रिक्शा पलट गया।श्रृद्वालु गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। ई-रिक्शा सड़क पर बने गडढे में पलट गया। ई-रिक्शा में आधा दर्जन से अधिक श्रृद्वालु सवार थे। जो पूर्णिमा के अवसर पर असदपुर गंगा घाट स्नान के लिए जा रहे थे। घटना के बाद सभी घायलों को बुलंदशहर के डिबाई स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज जारी है। जिनमे दो श्रृद्वालुओं की हालत गंभीर थी। ई-रिक्शा में सवार लोग लहरा नगला श्याम गांव निवासी सत्यवीर के साथ जा रहे थे घायलों में राम बेटी, चंद्रावती सत्यवती, पानवती, पुष्पा ललिता और ई-रिक्शा चालक सत्यवीर शामिल हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार राम बेटी और चंद्रावती की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को ग्राम प्रधान ने अस्पताल पहुंचाया। घटना के समय आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ई-रिक्शा के नीचे फंसे घायलों को बाहर निकाला ग्राम प्रधान ने निजी वाहन से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया ग्रामीणों ने पुलिस और स्थानीय प्रशासन को भी घटना की जानकारी दी।

## सड़क खस्ता हाल आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** प्रशासन से मांग ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क की मरम्मत कराई जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके उन्होंने कहा कि सड़क पर पानी जमा होने और गडढे के कारण राहगीरों और बच्चों की जान हमेशा खतरे में रहती है स्थानीय लोगों ने बताया कि गंगा स्नान जैसे धार्मिक अवसरों पर यातायात बढ़ जाता है और सड़क की खस्ता हालत दुर्घटनाओं की संभावना को बढ़ा देती है ग्रामीणों ने कहा कि यदि तुरंत मरम्मत कार्य नहीं किया गया तो आगे बड़े हादसे होने की आशंका बनी रहेगी।

## एक नज़र इधर भी

### कथा श्रवण को नि:शुल्क वाहन उपलब्ध कराएगा मंच

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच की बैठक में 4 अप्रैल से 8 अप्रैल तक बड़ा मैदान बहजोई में होने वाली श्री राम कथा में संभल से निशुल्क वाहन उपलब्ध करने का निर्णय लिया गया।

दुर्गा कालोनी के अमृत कूप मंदिर में आयोजित मंच की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि बहजोई के बड़े मैदान में निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर डा. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज की श्री राम कथा शनिवार 4 अप्रैल से बुधवार 8 अप्रैल तक प्रतिदिन 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक होगी। इस राम कथा आयोजन में हिंदू जागृति मंच की ओर से सम्भल से प्रतिदिन 2:00 बजे श्रृद्वालुओं भक्तों को नि:शुल्क वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। हिंदू जागृति युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष वैभव गुप्ता ने कहा कि संभल से जो भी राम भक्त श्री राम कथा श्रवण हेतु बहजोई जाएंगे, उनके लिए नि:शुल्क वाहन हिंदू जागृति मंच की ओर से उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश संगठन मंत्री अंकुश त्यागी ने कहा कि निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डा. स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महान संत हैं। उनका सम्भल में आगमन और राम कथा वाचन हम सबके लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया है कि जो भी भक्त प्रतिदिन कथा श्रवण हेतु आएंगे उन्हें स्वामी जी के चरण वंदन चरण स्पर्श का सौभाग्य प्राप्त करने की व्यवस्था भी की जाएगी।मंच के सभी सदस्यों से प्रतिदिन बहजोई पहुंचकर श्री राम कथा श्रवण कार्यक्रम में भाग लेने का आहवान किया। बैठक में राजेंद्र गुर्जर शोभा गर्ग, सुमन शर्मा, गंगा रस्तोगी, भरत मिश्रा, मनीष गर्ग, सुबोध गुप्ता, विकास वर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, श्याम शरण शर्मा, उमेश श्रीमाली, पंकज सांख्यधर, शलभ रस्तोगी आदि अनेक सदस्यों ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा ने की संचालन सुमन कुमार वर्मा ने किया।



सम्भल-कलक्ट्रेट सभागार में व्यापार बंधुओं की बैठक लेते जिलाधिकारी।

# जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण में गैस एजेंसी पर सबकुछ मिला सही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** जिलाधिकारी द्वारा ललतेश एच.पी. गैस बबराला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेसिया के साथ उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी संजीव कुमार पूर्ति निरीक्षक गुन्नौर एवं नकुल कुमार पूर्ति लिपिक गुन्नौर रहे। निरीक्षण के समय गैस एजेंसी पर योगेश कुमार गुप्ता गैस एजेन्सी स्वामी उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने मौके पर गैस एजेंसी के स्टॉक रजिस्टर की सघन जांच की। मिलान किये जाने पर स्टॉक सही पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा गैस एजेंसी स्वामी को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक लाभार्थी को गैस बुकिंग के उपरान्त नियमानुसार सम्बन्धित उपभोक्ता को एल.पी.जी. रिफिल उपलब्धा कराया जाये तथा अनावश्यक रूप से किसी भी उपभोक्ता को परेशान न किया जाये। इसके साथ ही गैस एजेंसी पर समस्याओं को लेकर आने वाले उपभोक्ताओं के साथ एजेंसी कर्मचारियों द्वारा शालीनता के साथ नम्रतापूर्वक व्यवाहर किया जाये तथा उनकी समस्याओ के निराकरण में किसी भी प्रकार की कौताही न बरती जाये। यदि इस प्रकार का कोई तथ्य संज्ञान में आता है तो सम्बन्धित के विरूद्व कठोर कार्यवाही की जायेगी। गैस एजेंसी स्वामी योगेश गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण में सभी स्टॉक सही पाया गया।उपभोकताओं को डिलीवरी सही समय से की जा रही है। गैस की कोई किल्लत नहीं है।

# रेहड़ी ठेला वालों से नगर पंचायत कर्मियों पर वसूली के आरोप

**दुकानदारों, रेहड़ी ठेला वालों ने विरोध प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**गवाँ।** जहां केन्द्र ओर प्रदेश सरकार रेहड़ी ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण कर रहे लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने को लोन आदि देकर उनके स्तर में चार चांद लगाने का प्रयास कर रही है वहीं नगर पंचायत कर्मी रेहड़ी ठेला वालों से अतिक्रमण बताकर पर्ची देकर वूसली कर रहे है। नगर पंचायत की टीम की वसूली से खफा लोगो ने प्रदर्शन कर रोष जताया और अवैध वसूली पर तत्काल लगाम लगाने की मांग की। आरोप है कि नगर पंचायत की टीम द्वारा कस्बे में लग रहे ठेला रेडी वालों पर अवैध अतिक्रमण बताकर पर्ची हस्तक्षेप कर सम्भल चौराहे के रेहड़ी ठेलार वाले और दुकानदारों से वसूली कर रहे हैं इसके विरोध में एकत्र दुकानदारों ने प्रदर्शन कर इस मामले की जांच करने की गुहार लगाई। बताया जाता है कि इससे पहले कभी इस प्रकार का कोई शुल्क देना नहीं पड़ता था,लेकिन इस बार नगर पंचायत कस्बा गवां में अवैध अतिक्रमण के तौर पर गरीब मजदूर ठेला रेडी वालों से हजारों की वसूली की जा रही है। इससे दुकानदारों में रोष व्याप्त है। बता दें कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में चेतावनी दी है कि प्रदेश में इस प्रकार का कोई मामला सामने नहीं आना चाहिए अगर मामला सामने आता है तो जांच कार्यवाही की जाएगी, लेकिन गवां नगर पंचायत टीम अपनी मनमानी पर उतारू है। लोगों का यह भी कहना है कि वसूली करने पहुंच रही नगर पंचायत की टीरम किसी से कुछ और किसी दूकानदार से कुछ रकम ली जा रही है। अलग-अलग वसूली पर भी दुकानदारों ने सवाल खड़े किए है। दुकानदारों का कहना है कि यदि अतिक्रमण के नाम पर कोइ वसूली की जा रही है तो उसके पहले मानक तय करें उसके बाद ही कोई वसूली की कार्रवाई की जाये। जबकि वसूली कार्यमें लगे कर्मचारी को लेकर भी सवाल खड़ा किया जा रहा है। दुकानदारों का आरोप है कि पर्ची पर किसी विभाग से सेवानिवृत व्यक्ति अपने हसताक्षर कर रहा है जबकि नगर पंचायत की ओर से किसी के हसताक्षर नहीं है। इससे भी वसूली पर संदेह होता है। प्रदर्शन करने वालों में कुवंरपाल रमेशानंद सतीश, मुनेश, प्रमोद, दयाराम, राजू रूपेश सुनील, सजल आदि शामिल रहे।

अभी सम्भल चौराहे पर अभियान चलाया गया है। अनूपशहर अडडे व मैन बाजार में भी अभियान चलाकर अतिक्रमण करने वालों से वसूली होगी। **ई ओ श्वेतांक सारस्वत**



गवां। रेहड़ी ठेला दुकानदारों से अवैध वसूली के आरोप पर विरोध प्रदर्शन करते।

# कैमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम में मंडल के ड्रग विभाग के अधिकारी होंगे शामिल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में केमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम 5 अप्रैल को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में मंडल भर के ड्रग विभाग के अधिकारी एवं केमिस्ट हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए केमिस्ट एसोसिएशन के अधिकारियों ने जिम्मेदारी सम्भाली।

नगर के तहसील रोड स्थित मेडिकल स्टोर पर केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि 5 अप्रैल को मुरादाबाद रोड पर स्थित डायमंड पैलेस में केमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को मंडल मुरादाबाद के डी एल ए तथा रामपुर बिजनौर मुरादाबाद सम्भल अमरोहा के ड्रग इंस्पेक्टर संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में ड्रग विभाग के अधिकारियों को केमिस्ट बंधुओ से तथा केमिस्ट बंधुओं को ड्रग विभाग के अधिकारियों से समस्याएं एवं उनका निस्तारण तथा अधिकारी गण का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में वक्ताओं ने हुए कहा कि मंडल भर के सभी अधिकारियों की उपस्थिति में केमिस्ट बंधुओं के साथ आयोजित किए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रम में सभी मेडिकल लाइसेंस धारक केमिस्ट भाग लेंगे। उन्होंने मंच, सज्जा, ध्वनि वर्धक,स्वागत, जलपान, भोजन, पुरस्कार, संबंधी सभी व्यवस्थाएं अपने साथी केमिस्ट बंधुओ को सौंपी। कार्य अध्यक्ष राहिल भारतीय ने केमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में केमिस्ट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को जी जान से जुटने का आहवान किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकुश त्यागी ने कहा कि तहसील सम्भल क्षेत्र के सभी लाइसेंस धारक केमिस्ट बंधुओं को आमंत्रित किया गया। है। कार्यक्रम में केमिस्ट की समस्याएं उनके कर्तव्य एवं अधिकार से परिचित कराते हुए उनकी सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए मंडलीय एवं जनपदीय अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इसलिए इस कार्यक्रम का नाम केमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम रखा गया है। बैठक में श्याम शरण शर्मा, अनिल कुमार अग्रवाल, योगेंद्र नाथ, शाहनवाज, नसीम, मंजर उल हक, अतुल त्यागी, भुशंकर वार्ष्णेय, आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता प्रियरत्न आर्य ने की और संचालन अजय कुमार शर्मा ने किया।



सम्भल-तहसील रोड स्थित मेडिकल स्टोर पर बैठक करते कैमिस्ट।

# जायरीनों को प्रशिक्षण कर हज यात्रियों से तैयार रहने का किया आहवान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हज कमेटी ऑफ उत्तर प्रदेश तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा गठित हज ई सुविधा केन्द्र, हज सेन्टर मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम', तेल मण्डी सम्भल में आज हज यात्रियों के लिए एक कैम्प का आयोजन किया गया।

कैम्प की शुरुआत मुकददस किताब की तिलावत से कारी सलमान अशरफी ने की। जबकि तकी अशरफ एडवोकेट ने नाते पाक पेश की। मुफ्ती आलम नूरी ने हज यात्रियों को हज के सफर के बारे में बताया, सब्र के साथ सारे अरकान अदा करने हैं, मक्का और मदीना शरीफ के बारे में जानकारी दी, वहाँ लोगों को आने वाली परेशानियों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि सभी लोग आराम से अरकान अदा करें, घबराएं नहीं और एक दूसरे की मदद करते रहें। उन्होने हज यात्रा में ले जाने वाले सामान और बैग के बारे में जानकारी दी। साथ ही एयरपोर्ट पर किस टाइम पहुँचना है और किस तरह जाँच होगी, सामान में क्या लेकर जाना है, एयरपोर्ट पर कौन से कागज हाथ में रखने हैं, हवाई जहाज में क्या ओर कैसे करना है, वहां उतर कर, और वहाँ से वापसी में सामान, बैग, एयरपोर्ट, हवाई जहाज, जमजम पानी और निकासी के बारे में विस्तार से समझाया।

## व्यापारी बंधुओं की समस्याओं का तत्काल किया जाए निस्तारण

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** व्यापार एवं उद्योग के समस्त विकास, निवेश तथा व्यापारिक/औद्योगिक गतिविधियों के सुचारू संचालन तथा समस्याओं के समाधान की दृष्टिगत जनपद के व्यापारिक/औद्योगिक संगठनों एवं व्यापारी तथा उद्योग बन्धुओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) प्रदीप वर्मा ने कहा कि व्यापार एवं उद्योग से संबंधित कोई भी समस्या जनपद में होती है तो व्यापार बंधु एवं उद्योग बंधु समस्या के प्रति अवगत कराएं। जिसका निस्तारण समय रहते हुए सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों के क्रम में उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधुओं की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधुओं की कोई भी समस्या होती है तो उसका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।तत्पश्चात जनपद स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली संचालित को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में ई-ऑफिस लागू करते हुए कार्यालय में शत प्रतिशत ई-ऑफिस के माध्यम से ही कार्य सुनिश्चित किया जाए। अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा छुट्टी की फाइल भी ई ऑफिस के माध्यम से चलेगी उसका विशेष ध्यान रखें।

## पारदर्शी ताबदला पॉलिसी लागू करे योगी सरकार

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आतिर हुसैन ने कहा कि कभी-कभी यह देखने में आता है कि कुछ राजनेता अपने क्षेत्र में तैनात एसपी एवं डीएम जैसे अधिकारियों को अपने निजी कार्यक्रमों में आमंत्रित करते हैं और स्वयं भी उनके निजी कार्यक्रमों में सम्मिलित होते हैं। यह विषय संवेदनशील है, क्योंकि किसी के निजी कार्यक्रम में जाना या न जाना उनका निजी विषय है, इसलिए इस पर उनका राजनीतिक टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वे आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों का सम्मान करते हैं, किंतु उनका स्पष्ट मानना है कि राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच व्यक्तिगत घनिष्ठता न्यूनतम होनी चाहिए। लोकतंत्र में दोनों की भूमिकाएँ स्पष्ट हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज स्थिति ऐसी बन गई है कि प्रशासनिक अधिकारियों के निजी कार्यक्रम/जैसे विवाह/भी राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन जाते हैं। आतिर हुसैन ने योगी सरकार से मांग की कि वह एक स्पष्ट और पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी लागू करे, जिसमें यह निर्धारित हो कि कोई भी अधिकारी एक ही स्थान पर अधिकतम कितने समय तक कार्य करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में कई अधिकारी वर्षों तक एक ही पद या क्षेत्र में कार्यरत रहते हैं, जिससे निष्पक्षता और पारदर्शिता प्रभावित होती है।

# शहर में आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक वाहन चालक पर हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के कोठीवाल नगर स्थित वार्ड नंबर 60 में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हो रही घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

ताजा मामले में एक वाहन चालक पर आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर उसे घायल कर दिया।जानकारी के अनुसार, युवक अपने वाहन से क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी अचानक एक आवारा कुत्ता उसकी ओर झपटा और दांतों से हमला कर दिया। हमले से युवक संतुलन खो बैठा और गिरकर घायल हो गया।

आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर किसी तरह कुत्ते को भगाया और घायल युवक को संभाला। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्ड में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे राहगीरों और खासकर बच्चों को हमेशा खतरा बना रहता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।

निवासियों ने नगर निगम प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान देने की मांग की है। उनका कहना है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने और उचित स्थान पर भेजने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, ताकि लोगों को इस डर से राहत मिल सके।फिलहाल, घायल युवक का उपचार कराया जा रहा है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं, स्थानीय लोग जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं।



# पुलिस ने अलग-अलग मामलों में किया दो का चालान



**कांठ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो का चालान किया है।

सलेमपुर गांव निवासी सोनू पुत्र सुखराम ने 17 मार्च को उसकी भैंस चोरी होने की एफआईआर दर्ज कराई थी और कहा था की भैंस की तलाश की तो जंगल में दो लोग भैंस ले जाते मिले जिनमें से एक भाग गया दूसरे को पकड़ लिया उसने अपना नाम नन्हे पुत्र शमीम निवासी सलेमपुर बताया उसे पुलिस के हवाले किया गया नन्हे के मुताबिक दूसरे साथी का नाम सुहेल था जिसे आज पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान किया है जबकि दूसरे मामले में मुस्तकीम पुत्र अशरफ अली निवासी काजीपुरा थाना डिलारी का भी पुलिस ने चालान किया है।

## एक नजर

### घर में लगी आग से झुलसे बेटे की मौत मां को गंभीर हालत में किया अस्पताल में भर्ती

**कांठ( शाह टाइम्स )।** छप्पर के घर में लगी आग से झुलस गए 2 साल के बेटे की मौत हो गई जबकि बेटे को बचाने के चक्कर में मां भी आग की चपेट में आ गई जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गांव हसनगढ़ी निवासी मोहम्मद इमरान के छप्पर के घर में दिन में ही अचानक आग लग गई इमरान का 2 साल का बेटा अफ्फान छप्पर के नीचे सोया हुआ था और उसकी मां शिफा बाहर काम कर रही थी। आग लगती देखकर उसके चार साल के बड़े बेटे ने मां को घटना से अवगत कराया। मां दौड़ कर जब तक वहां पहुंची तब तक 2 साल का बेटा आग से काफी झुलस गया लेकिन बेटे को बचाने के चक्कर में मां ने अपनी चिंता नहीं की और छप्पर के फूस को हटाकर बेटे को निकाल लाई जिससे दोनों बुरी तरह झुलस गए परिजन दोनों को लेकर मुरादाबाद अस्पताल पहुंचे लेकिन वहां से उन्हें दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया। बताया गया कि रास्ते में 2 साल के बेटे की मौत हो गई जबकि उसकी मां को दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रात को मृतक पुत्र को सुपुर्दे खाक भी कर दिया गया इस घटना से गांव में गम का माहौल है और लोग बुरी तरह से झुलस चुकी शिफा को बचाने के लिए दुआ कर रहे हैं।

### माहेश्वरी शिव मंदिर में बालाजी महाराज के जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय भजन कीर्तन आयोजित



**कांठ ( शाह टाइम्स )**माहेश्वरी शिव मन्दिर पट्टीवाला में आयोजित तीन दिवसीय बालाजी महाराज के जन्मोत्सव में शुक्रवार को संपूर्ण रामचरितमानस हरि कीर्तन का आयोजन किया गया, शनिवार को महाआरती, शाम को 56 भोग का वितरण, एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा स कार्यक्रम में मुख्य रूप से वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, अवधेश चंद माहेश्वरी सुबोध चौधरी, अमित लोहिया,कुंवरपाल सिंह बिश्नोई, अंकुश बिश्नोई ,आयुष चौधरी, अजय गुप्ता,आलोक शंकर वर्मा, अभिषेक लोहिया, मास्टर सोनू शर्मा, विभु बिश्नोई, पिकुल गुप्ता,ईना लोहिया, मोहिनी माहेश्वरी,नीतू माहेश्वरी, राकेश माहेश्वरी, प्रतीक माहेश्वरी, रुचिका बिश्नोई,प्रतिभा वर्मा, गीता चौधरी, आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित थे

### संकट मोचन महायज्ञ के बाद प्रभु इच्छा तक भण्डारा कर सुख-समृद्धि की कामना की

**मुरादाबाद।** श्री बाला जी महाराज भक्तजन सेवा समिति के तत्वाधान में श्री बाला जी महाराज का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ तीन दिन मनाते हुए आज संकट मोचन महायज्ञ के बाद प्रभु इच्छा तक भण्डारा करके समापन हुआ। कार्यक्रम घास मण्डी गंज स्थित जैन धर्मशाला में मना जिसमें पहले दिन कोर्ट रोड स्थित श्री बालाजी हठीले हनुमान मंदिर में बाबा का चोला एवं श्रंगार किया, दूसरे दिन 24वीं वार्षिक शोभायात्रा भव्य अखण्ड बाबा की जोत मेहंदीपुर बाला जी से आयी रही के साथ पीत वस्त्र पहनी 24 महिलाएं सिर पर कलश लिये। कलश यात्रा महानगर में निकाली जिसका पुष्प वर्षा करके तमाम समाजिक/धार्मिक/व्यापारी संगठनों ने भव्य स्वागत कर अपनापन दिखाया। गुरू राकेशानन्द गिरि त्रिशुलधारी ने भण्डारे का प्रभु इच्छा तक के लिये पूरी हलुआ काशीफल आलू से प्रारंभ कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिलाओं पुरूषों का विशेष सहयोग रहा जिसमें भावना गुप्ता, क्षमा अग्रवाल, साक्षी गुप्ता, अल्पना गुप्ता, अनिता, अतुल जौहरी, कपिल गुप्ता, कमल कांत सक्सेना, शशांक गुप्ता, संजय धमीजा, सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, अमित गुप्ता, शशांक यादव आदि मौजूद रहे।

### एसपी देहात ने किया थाना कांठ का अर्धवार्षिक निरीक्षण

**कांठ( शाह टाइम्स )** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने आज थाना कांड का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया उन्होंने थाने के अभिलेख मिशन शक्ति केंद्र महिला हेल्पडेस्क हवालात संपत्ति ग्रह भोजनालय बैरक कार्यालय एवं सीसीडीएनएस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्टर नंबर 8 के अध्यावधिक किए जाने व थाना परिसर में साफ सफाई रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभिलेख का रखरखाव उचित और सुरक्षित होना चाहिए इसके बाद थाने में ग्राम प्रहरी के साथ गोष्ठी आयोजित की गई और उन्हें सीटी टॉर्च रात्रि गस्त हेतु वितरित की गई और कहा कि अपने-अपने गांव में रात्रि ग्रस्त नियमित रूप से करें। बाद में उन्होंने नवनिर्मित सलेमपुर पुलिस चौकी का भ्रमण भी किया और उसके शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।



# नवागत सीओ सिविल लाइंस का व्यापारियों ने किया स्वागत



**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश द्वारा नवागत पुलिस क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस, आईपीएस अभिनव द्विवेदी का स्वागत किया गया। अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी और प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने उन्हें पटका, बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी, प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, उपाध्यक्ष टोनी सहगल, मोहित खन्ना और मूलचंद चौहान उपस्थित रहे। व्यापारियों ने नवागत सीओ को क्षेत्र में व्यापार और कानून व्यवस्था को लेकर आश्वस्त किया।

# श्री हनुमान जयंती पर मोहनी मंदिर में हवन पूजन का आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )** असीम आस्था और श्रद्धा का स्थान श्री मोनी वाला शिव मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गयास मंदिर प्रांगण में श्री हनुमान जी की 16 फुट ऊंची प्रतिमा पर जलाभिषेक किया गया विधिवत पूजा अर्चना के बाद महेश बिश्नोई एंड पार्टी ने सुंदरकांड का सुंदर आयोजन कियास श्री मोनी शिव मंदिर असीम आस्था और श्रद्धा का केंद्र है करीब 90 वर्ष पुराने इस मंदिर में शिवलिंग स्थापित है यहां अनेक मूर्तियां लगी हैं हजारों शिवभक्त यहां जलाभिषेक करते हैं सपूर्व विधायक स्वर्गीय रामकृष्ण माहेश्वरी ने मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए 16 फीट ऊंची श्री हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित कराई थी और इसकी विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी सइस मूर्ति पर आज तक किसी भी पंछी ने बीट तक नहीं करी है जबकि इसके आसपास



पेड़ों पर पंछी बैठे रहते हैं बताते हैं कि करीब 100 वर्ष पूर्व मंदिर के नजदीक रामगंगा नदी बहती थी और यहां मोनी बाबा तपस्या करते थे और लोगों की समस्याओं को दूर करते थे जिसकी वजह से यह केंद्र असीम आस्था और श्रद्धा में तब्दील हो गया यहां प्रतिवर्ष हनुमान महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। सनातन धर्म सभा के तत्वाधान में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गयास कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मुकेश माहेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान हनुमान जी की सच्चे मन से पूजा करने से सब दुख: दूर हो जाते हैं स इस अवसर पर राम प्रकाश अग्रवाल, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, राकेश चंद्र माहेश्वरी, दिनेश चंद माहेश्वरी, अभय माहेश्वरी, प्रमोद कुमार, डॉ अशोक चौहान, आर के कश्यप, सुभाष माहेश्वरी, हरिश्चंद्र अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल उर्फ मौनी बाबा, नवनीत बिश्नोई, राष्ट्रीय नन्द समाज के जिला अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, सौरभ अग्रवाल, राजपाल यादव आदि लोग मौजूद थे स आगंत.ुकों का आभार मुकेश माहेश्वरी ने व्यक्त किया।

# विधायक कमाल अख्तर ने जनसुनवाई कर कराया लोगों की समस्या का समाधान



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** समा.जवादी पार्टी कार्यालय पर आए क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि जनता की सेवा करना उनका कर्तव्य ही नहीं बल्कि संकल्प है और वह हमेशा अपने क्षेत्र की जनता के साथ खड़े रहे हैं आगे भी हर परिस्थिति में जनता के हितों की रक्षा करते रहेंगे उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। और इसमें किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफत कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनावी तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया और कहा कि घर-घर जाकर जनता से संपर्क करें और उनकी समस्याओं को सुने एवं पार्टी की नीतियों को उन तक पहुंच.ाने का काम करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को इस बार प्रदेश में ऐतिहासिक जीत हासिल करने का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव आबिद हुसैन डॉक्टर दानिश अंजार चौधरी मुजीब खान अतीक खान धर्मेंद्र सिंह पारुल चौहान पंकज अमजद अली ताहिर हुसैन सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ युवा व्यापारियों का प्रदर्शन

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' के नेतृत्व में निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में युवा व्यापारियों ने एक अनोखा और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों में भारी रोष देखने को मिला। प्रदर्शन के दौरान युवा व्यापारियों ने प्रतीकात्मक रूप से किताबों और कॉपियों को तराजू पर रखकर रुपये के साथ तौल किया। इस अनोखे तरीके से उन्होंने यह संदेश देने का प्रयास किया कि शिक्षा के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है और किताबों-कॉपियों को 'सोने के भाव' बेचा जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि निजी विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रहे हैं। स्कूलों द्वारा अभिभावकों को जबरन महंगी प्राइवेट किताबें, कॉपियां और निर्धारित दुकानों से ही स्कूल ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। इससे न केवल अभिभावकों पर अतिरिक्त खर्च का दबाव बढ़ रहा है, बल्कि स्थानीय व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' ने कहा कि कुछ विद्यालयों और बुक सेलर्स की मिलीभगत से कोर्स सामग्री में खुली लूट मची हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जिलाधिकारी द्वारा कार्रवाई करते हुए कुछ स्कूलों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था, इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि 40 से 50 प्रतिशत तक कमीशनखोरी की जा रही है और



अधिकांश विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबों को लागू नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कई विद्यालय अपनी स्वयं की कॉपियां छपवाकर निर्धारित दुकानों पर बेच रहे हैं। स्थिति यह है कि जो कॉपी बाजार में 10 रुपये की मिलती है, वही कॉपी 200 रुपये तक बेची जा रही है। यह पूरी तरह अनुचित है और शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र को व्यापार का माध्यम बनाकर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है। शुभम अग्रवाल ने भीइस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि विद्यालयों द्वारा तय दुकानों से ही सामग्री खरीदने का दबाव गलत है। इससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है और स्थानीय व्यापारियों के साथ अन्याय होता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। युवा व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की कि इस प्रकार की मनमानी पर तत्काल रोक लगाई जाए और अभिभावकों को राहत दी जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू', शुभम अग्रवाल, मयंक वार्ष्णेय 'चिंकल', अमित वार्ष्णेय कई युवा व्यापारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुट होकर इस मुद्दे पर आवाज बुलंद की।

# नर्सें हैल्थकेयर की दिल, आत्मा और फ्रेमवर्क: रिटायर्ड कर्नल बीनू शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएनएस इंडिया की सीईओ एंड लॉन स्टार की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर रिटायर्ड कर्नल बीनू शर्मा बोलीं, नर्से हैल्थकेयर की दिल, आत्मा और फ्रेमवर्क हैं। नर्सिंग स्टुडेंट्स को हमेशा अपने प्रोफेशन में क्रिटिकल थिंकिंग और इन्नोवेशन को शामिल. करना होगा। नर्सेज कोर्स में 90 प्रतिशत मार्क लाना आवश्यक नहीं है, बल्कि नर्सिंग स्टुडेंट्स को बेड साइड प्रैक्टिस में एक्सपर्ट होना जरूरी है। बिना बेड साइड प्रैक्टिस के आप अच्छी नर्स नहीं बन सकती हैं। नर्सिंग स्टुडेंट्स को हमेशा सीखते रहने की दरकार है। नर्सिंग वैल्यूज को अपने प्रोफेशन में शामिल करते रहें ताकि संभावित त्रुटियों को कम किया जा सके। शोध समय की दरकार है। इसीलिए टीचर्स, नर्सेज, क्रिटिकल नर्सेज डीन आदि को रिसर्च के प्रति संजीदा रहना होगा। हमारे सामने कठिन परिस्थितियां होती है, लेकिन हम पेशेंट केयर को सदैव समर्पित रहते हैं। कर्नल बिनु शर्मा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से प्रोस्पैक्ट एंड चौलेंजेज फॉर अर्ली एंड एडवांस हेल्थकेयर रिसर्चर्स पर दो दिनी कॉन्फ्रेंस- केयरकॉन-2.0 के शुभारम्भ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि कर्नल बिनु शर्मा, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के डीन नर्सिंग डॉ. अशोक कुमार विश्नोई बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डेंटल एंड एलाइड हैल्थ साइंसेज की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन, नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी. सुभाषिनी, प्राचार्या प्रो. एम. जेसलीन, प्रो. श्योली सेन, वाइस प्राचार्य प्रो. रामनिवास आदि मौजूद रहे। सभी अतिथियों को बुके, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कॉन्फ्रेंस के दौरान मेहमानों ने तीन पुस्तकों- एडवांस इन पब्लिक हैल्थ एंड मेडिकल रिसर्च, प्रोस्पैक्ट्स एंड चौलेंजेज फॉर अर्ली हैल्थ केयर रिसर्चर्स और प्रोस्पैक्ट्स एंड चौलेंजेज फॉर एडवांस्ड हैल्थ केयर रिसर्चर्स का विमोचन भी किया। इससे पूर्व नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी. सुभाषिनी ने कॉन्फ्रेंस की थीम प्रस्तुत की। कॉन्फ्रेंस में रिसर्चर्स की ओर से 30 रिसर्च पेपर्स भी प्रजेंट किए गए।



कॉन्फ्रेंस का संचालन प्रो. बसवराज मुधोल और प्रो. विजिमोल ने किया। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के डीन नर्सिंग डॉ. अशोक कुमार विश्नोई बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल- एसडीजी को अचीव करने का आहवान करते हुए बोले, हैल्थकेयर की मजबूती के लिए वैश्विक स्तर पर करीब 3 करोड़, जबकि भारत में 90 लाख नर्सेज की आवश्यकता है। जैसे-जैसे दुनिया में कोविड, ऐजिंग सरीखी दीगर हैल्थ प्रॉब्लम्स ने दस्तक दी, वैसे-वैसे हैल्थकेयर सेक्टर और एडवांस होता गया। नर्सिंग सेक्टर में रिसर्च को प्रमोट करने की प्रबल पैरोकारी करते हुए बोले, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ की ओर से जल्द ही यूपी के नर्सिंग कॉलेजेज को 25 करोड़ के रिसर्च फंड की व्यवस्था की जाएगी। जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी- नई दिल्ली के स्कूल ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड एलाइड हेल्थ की फाउंडर डीन प्रो. मंजु चुगानी ने स्टुडेंट्स से आहवान करते हुए कहा, नर्सिंग वैल्यूज को हमेशा जीवन में आत्मसात करते रहें। संग-संग अपॉच्यूनिटीज को हासिल करते हुए अपनी ग्रोथ करते रहें। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन बोले, किसी भी प्रोफेशन को उड़ान के लिए रिसर्च जरूरी है। शोध को परिभाषित करते हुए बोले, रिसर्च चेंज द डायरेक्शन इन करियर एंड सक्सेस ऑफ लाइफ। नर्सिंग सेवाओं में लव, कम्पैशन और केयर की जरूरत है। उन्होंने महावीर जयंती, हनुमान जयंती और गुड फ्राइडे को पॉवर के सिम्बल बताया। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन रिसर्च को डवलपमेंट का कोर बताते हुए बोलीं, यह रिसर्चर्स को न्यू आइडिया और न्यू इन्नोवेशन के लिए जागरूक करता है।

उन्होंने उम्मीद जताई, टीएमयू का इन्क्यूबेशन सेंटर सभी शोधकर्ताओं को शीड मनी प्रोजेक्ट, रिसर्च फंडिंग और इन्नोवेटिव सॉल्यूशन के लिए मील का पत्थर साबित होगा। नर्सिंग स्टुडेंट्स और स्टॉफ हैल्थकेयर का दिल हैं।

### साउथ कोरिया की डॉ. वासुकी बोलीं, एक्सटेंडेड रियलिटी तकनीक शिक्षा, स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग और रिसर्च के क्षेत्र में बेहद उपयोगी

**मुरादाबाद।** योनसी यूनिवर्सिटी- साउथ कोरिया के डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थकेयर मैनेजमेंट ग्रेजुएट स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की डॉ. वासुकी आर. ने एक्सटेंडेड रियलिटी वीआर एंड सिम्युलेशन इन रिसर्च, सिमबायोसिस कॉलेज ऑफ नर्सिंग पुणे की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. शीला उपेन्द्र ने एथिक्स, इक्विटी एंड गवर्नेंस ऑफ नेक्सट जनरेशन हैल्थकेयर इन्नोवेशन, टीएमयू में नर्सिंग कॉलेज के रिसर्च कॉर्डिनेटर प्रो. योगेश कुमार ने फ्यूचर ऑफ ग्लोबल हैल्थ डिलीवरी पर करीब एक घंटे तक पैनल डिस्कशन किया। पैनल डिस्कशन में गवर्मेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग-सिद्धपुर गुजरात के प्रोफेसर-कम-प्रिंसिपल डॉ. राकेश कुमार पाटीदार ने बतौर मोडरेटर की भूमिका निभाई। साउथ कोरिया की डॉ. वासुकी आर. ने कहा, एक्सटेंडेड रियलिटी एक आधुनिक तकनीक है, जिसमें वर्चुअल रियल्टी, आग्युमेंटेड रियल्टी और मिक्सड रियल्टी शामिल होती है। यह तकनीकी एक आभासी वातावरण में वास्तविक अनुभव प्रदान करती है। यह तकनीक विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग और रिसर्च के क्षेत्र में बेहद उपयोगी है। इसमें बिना किसी जोखिम के प्रयोग किए जा सकते हैं। साथ ही समय और लागत दोनों की बचत होती है। साथ ही बोलीं, सिम्युलेशन तकनीक शोध कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके माध्यम से वास्तविक परिस्थितियों का मॉडल तैयार किया जाता है।

डॉ. शीला उपेन्द्र ने बताया, आधुनिक स्वास्थ्य तकनीकों के विकास में नैतिक सिद्धांतों का पालन, रोगियों की गोपनीयता की सुरक्षा और डेटा की पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया, नई स्वास्थ्य सेवाओं और तकनीकों का लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से पहुँचे, जिससे स्वास्थ्य क्षेत्र में असमानताओं को कम किया जा सके। नवाचारों का सुरक्षित, जिम्मेदार और न्यायसंगत उपयोग से ये अधिक विश्वसनीय, समावेशी और वैश्विक स्तर पर लाभकारी बन सकते हैं। प्रो. योगेश कुमार ने बताया, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य को अधिक सुलभ, किफायती और तकनीक-आधारित बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। डिजिटल हेल्थ, टेलीमेडिसिन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दे रही हैं। इन नवाचारों के माध्यम से दूरदराज क्षेत्रों तक भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना संभव हो रहा है। निवारक देखभाल, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और स्वास्थ्य समानता को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। भविष्य में सहयोगात्मक प्रयासों, मजबूत नीतियों और उन्नत तकनीकों के समन्वय से वैश्विक स्वास्थ्य सेवाएं अधिक प्रभावी, समावेशी और टिकाऊ बनेंगी।

**PUBLIC NOTICE**

I, Saryu Dixit D/O Sanjeev Sharma R/O Durga Colony, Sambhal, Sambhal, Uttar Pradesh-244302, hereby undertake that I Saryu Dixit want to change gender as Male. I, Saryu Dixit henceforth be known as Saryu Dixit S/O Sanjeev Sharma. The above statement made by me is true and correct to the best of my knowledge and belief. If any legal issue arises in this regard at any stage, I, will be personally responsible for the same and the Department of Publication will not be liable for any consequences arising there from. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

## कालाबाजारी चरम पर, अधिकारी मौन गुटखा-सिगरेट के दाम दोगुने, आमजन परेशान

**ठाकुरद्वारा।** केंद्र सरकार द्वारा गुटखा, सिगरेट और पान मसाला पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाए जाने के बाद से ही काले बाजार का कारोबार चरम पर पहुंच गया है। व्यापारियों ने पुराने स्टॉक पर भी मनमाना मूल्य वसूलना शुरू कर दिया, लेकिन तब भी संबंधित अधिकारी अंजान बने रहे। किसी भी कालाबाजारी करने वाले व्यापारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। बतादे कि अब नई बिलिंग व्यवस्था लागू होने के बाद भी थोक व्यापारियों के हौसले कम नहीं हुए हैं। गोदामों में माल की भरमार होने के बावजूद व्यापारी रिटेलिंग के नाम पर बंद बोरियों को दोगुने-तिगुने मुनाफे पर बेच रहे हैं। पुराने स्टॉक को नए रेट पर बेचकर आम उपभोक्ताओं की जेबें काटी जा रहु है,व्यापारियों की इस मिलीभगत के बाद बाजार में पान मसाला, तम्बाकू और सिगरेट के रिटेल प्राइस में जबरदस्त इजाफा हुआ है। जिसके चलते इन उत्पादों का सेवन करने वाले आम लोगों को अधिक पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। एक ओर जहां सरकार ने एक्साइज ड्यूटी बढ़ाकर इनके सेवन को हतोत्साहित करने का दावा किया था, वहीं दूसरी ओर व्यापारी इसका फायदा उठाकर आम जनता पर बोझ बढ़ा रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे मामले में प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी पूरी तरह मौन हैं। व्यापारियों की ओर से हो रही इस खुले आम लूट के बावजूद अधिकारी धृतराष्ट्र बने बैठे हैं। न तो किसी दुकान पर छापेमारी की गई और न ही किसी कालाबाजारी करने वाले व्यापारी के खिलाफ शिकंजा कसा गया। नगर व देहात क्षेत्रवासियों का कहना है कि भाजपा सरकार के इस कार्यकाल में अब तक की सबसे बड़ी कालाबाजारी हो रही है। इसके बावजूद न तो सरकार का कोई तंत्र हिला और न ही अधिकारी जागे। आम जनता की मजबूरी का फायदा उठाकर व्यापारी मनमाना मुनाफा कमा रहे हैं और प्रशासन की आंखों में धूल झोंक रहे हैं।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही इन कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि जनता को इन कालाबाजारी करने वालो से निजात मिल सके।

## स्मार्ट मीटर व बिल गड़बड़ी से जनता परेशान पूर्व सभासद ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**ठाकुरद्वारा।** नगर क्षेत्र के एक वरिष्ठ नागरिक ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए माननीय मुख्यमंत्री से शिकायत की है। आरोप है कि बिल जमा होने के बावजूद बिना सूचना बिजली आपूर्ति काट दी गई, जिससे उन्हें मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा के पूर्व सभासद एवं भाजपा कार्यकर्ता राजेन्द्र चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि उन्होंने 22 मार्च 2026 को अपने विद्युत कनेक्शन संख्या 2195904000 का 2255 रुपये का बिल जमा कर दिया था। भुगतान के बाद उनके मोबाइल पर "नो पेंडिंग" का संदेश भी प्राप्त हुआ। इसके बावजूद 2 अप्रैल 2026 को बिना किसी पूर्व सूचना के उनके घर की बिजली काट दी गई। पीड़ित का कहना है कि इस घटना से उन्हें काफी मानसिक तनाव हुआ। बाद में उन्होंने मजबूरी में दोबारा अग्रिम भुगतान कर बिजली आपूर्ति चालू करवाई। उन्होंने आशंका जताई कि यदि भविष्य में इस तरह की घटनाएं होती रहीं तो उनके स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। राजेन्द्र चन्द्र पाण्डेय ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाए जाने और भविष्य में बिल जारी करने से पहले उपभोक्ता को सूचना देने की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की समस्या से अन्य उपभोक्ता भी जूझ रहे हैं और महंगाई के इस दौर में अनावश्यक बिलों का बोझ आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन रहा है।

## रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनावाला खालसा निवासी सलीम पुत्र नबाबजान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उनके घर के सामने याकूब शाह पुत्र स्व. अमानत शाह ग्राम समाज के रास्ते में पिलर लगा रहे थे। विरोध करने पर याकूब शाह ने गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की शुरू कर दी। शोर सुनकर पहुंचे सलीम के बड़े भाई मुनब्बर अली ने बीच-बचाव किया, लेकिन आरोप है कि शरीफ और सोनू समेत अन्य लोगों ने मुनब्बर अली को पकड़ लिया और उन पर चाकू व लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

किसी तरह जान बचाकर परिवार के लोग अपने पुराने घर में चले गए। पीड़ित का आरोप है कि करीब पांच मिनट बाद याकूब शाह, अनीश शाह, समीर उर्फ भूरा, छुन्नू और इरफान सहित अन्य लोग लाठी-डंडे और छुरी लेकर उनके घर में घुस आए और जान से मारने की नीयत से पूरे परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में मुनब्बर अली, फिरोज, अरसद, आरिफ, इकराम, जाफरान खातून और सोहेल घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को काबू में किया और घायलों को बचाया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने महिलाओं के साथ भी अभद्रता की और जाते समय जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र सिफाउद्दीन व पुत्रवधू श्रीमति हिना को गलत आचरण/ गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **नईमुद्दीन पुत्र जलालुउद्दीन निवासी ग्राम ढकिया जुम्मा थाना का कुंदरकी जिला मुरादाबाद। मोबाइल नंबर**-9555247858

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कटघर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दहेज हत्या के एक गंभीर मामले में थाना कटघर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीती 30 मार्च को फेजुल जमाल निवासी नई बस्ती पचपेड़ा, थाना कोतवाली, जनपद मुरादाबाद ने अपनी करीब 20 वर्षीय बहन की मौत को लेकर थाना कटघर में तहरीर दी थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बहन को ससुराल पक्ष द्वारा लगातार दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। प्रताड़ना इतनी बढ़ गई कि अंततः उसकी हत्या कर दी गई। तहरीर के आधार पर थाना कटघर में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और साक्ष्य जुटाए।विवेचना के दौरान पुलिस को पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर शुक्रवार को आरोपी पति अनस पुत्र अकरम निवासी करूला गली नंबर 1, साबुन फैक्ट्री क्षेत्र, थाना कटघर, को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में अन्य आरोपियों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है और जल्द ही उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने कहा है कि दहेज जैसे सामाजिक अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## भोजपुर में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भोजपुर।** भोजपुर पुलिस ने एक मामले में आरोपी राशिद पुत्र जाहिद निवासी ग्राम लालूवाला, थाना भोजपुर को गिरफ्तार किया है। वादिनी की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में आरोप है कि राशिद ने वादिनी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और सह-अभियुक्तों ने जान से मारने की धमकी दी थी।पुलिस ने विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार को आरोपी राशिद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।इस मामले में पुलिस ने बताया कि वादिनी की तहरीर पर थाना भोजपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर



### फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कवि माधव मिश्र एवं अध्यक्ष ब्रह्मचारी योगेश्वर स्वरूप ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन बृजेंद्र प्रसाद तिवारी ने किया।

मुख्य वक्ता माधव मिश्र ने कहा कि सैम मानेकशॉ ने 1965 व 1971 के युद्धों में अहम भूमिका निभाते हुए भारत को विजय दिलाई और वे देश के पहले फील्ड मार्शल बने। उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण व पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी वक्ताओं ने उनके जीवन व कार्यों पर प्रकाश डाला।

### पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, जान से मारने की धमकीय 7 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनावाला खालसा निवासी सारिफ पुत्र शाहिद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका भाई समीर काशीपुर में ट्रक मैकेनिक के कार्य के लिए जा रहा था, तभी गांव के ही मुनव्वर, फिरोज, सलीम, फैजान, अनवार, इमरान व शमीम समेत अन्य लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। इस हमले में समीर के सिर में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का कहना है कि इस मामले में पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन गांव के कुछ संभ्रांत लोगों के हस्तक्षेप से समझौता हो गया था। इसके बावजूद आरोपियों ने दोबारा झगड़ा कर धमकी दी कि यदि किसी प्रकार की शिकायत की गई तो पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा। सारिफ ने बताया कि उनका भाई रोजाना काशीपुर मजदूरी के लिए जाता है, जिससे उन्हें लगातार जान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि उनके या उनके भाई के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी आरोपियों की होगी। पुलिस ने मामले में सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तेंदुए की दहशत से सहमे ग्रामीण, पिंजरा लगाए जाने को लेकर डीएफओ से की मांग

**ठाकुरद्वारा।** ग्राम पंचायत दरियापुर में पिछले करीब आठ दिनों से तेंदुए की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ आबादी के आसपास कई बार देखा जा चुका है, जिससे लोगों में भय व्याप्त है। बताया गया कि तेंदुए ने ग्राम निवासी रिंकू पुत्र मलखान सिंह का पालतू कुत्ता उठा लिया, वहीं एक गाय के बछड़े को भी अपना शिकार बना चुका है। लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश के साथ-साथ डर भी बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे रोजाना अपने पशुओं की देखभाल और खेती-बाड़ी के कार्यों के लिए खेतों में जाते हैं, ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसी संबंध में भाजपा नेता ने प्रभागीय वनाधिकारी डीएफओ मुरादाबाद को पत्र देकर ग्राम दरियापुर में जल्द से जल्द पिंजरा लगवाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों ने वन विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि समय रहते कदम नहीं उठाया गया तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।

### टीईटी के विरोध में रैली दिल्ली में आज, हजारों शिक्षक लेंगे भाग

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता किए जाने के विरोध में



04 अप्रैल को दिल्ली की रामलीला मैदान में देश भर के शिक्षक एकत्र हो रहे हैं। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले लाखों शिक्षक एकजुट होकर अपनी ताकत का एहसास कराएंगे।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी करने की अनिवार्यता अन्यायपूर्ण है। जब यूपी में 27 जुलाई 2011 को टीईटी लागू किया गया है तो उसके पूर्व में नियुक्त शिक्षकों पर इसकी अनिवार्यता लागू करने से शिक्षकों में काफी आक्रोश है। मुरादाबाद जनपद के हजारों शिक्षक विशाल रैली में भाग लेने के लिए रामलीला मैदान दिल्ली में पहुंच रहे हैं।

## जलालपुर रोड पर तेंदुए की दहशत

**कुन्दरकी।** गुरुवार देर रात करीब 10 बजे कुंदरकी-जलालपुर मार्ग पर तेंदुए के दिखने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अचानक सड़क पर तेंदुआ नजर आने से राहगीरों और वाहन चालकों में डर फैल गया और लोगों ने तुरंत अपने वाहन रोक लिए। मिली जानकारी के अनुसार जलालपुर मार्ग स्थित कूलर घास फैक्ट्री के संचालक मोहम्मद इमरान अपनी फैक्ट्री की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे फैक्ट्री के पास पहुंचे, उन्होंने सड़क पर एक तेंदुए को टहलते देखा तेंदुआ सड़क पार कर जंगल की ओर चला गया, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली और अपनी करें वहां से निकाली गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई पैदल व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे कोई हादसा नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न हो।

## सिविल लाइन्स पुलिस की तत्परता से महिला का गुम बैग हुआ बरामद, 50 हजार रुपये सुरक्षित लौटाए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए एक महिला का गुम हुआ बैग बरामद कर उसे सुरक्षित वापस कर दिया। बैग में करीब 50,000 रुपये नकद के साथ अन्य कीमती सामान रखा हुआ था।जानकारी के अनुसार, हरियाणा निवासी एक महिला किसी कार्य से मुरादाबाद आई थीं।

वह मझोला क्षेत्र से फव्वारा तक जाने के लिए ऑटो में सवार हुई थीं। सुबह करीब 11:30 बजे वह जल्दबाजी में ऑटो से उतर गईं, लेकिन अपना बैग उसी में भूल गईं। कुछ समय बाद बैग का ध्यान आने पर महिला घबरा गईं और तुरंत थाना सिविल लाइन्स पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की। प्रभारी निरीक्षक स्वयं सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंचे और फुटेज के आधार पर संबंधित ऑटो की पहचान की। इसके बाद पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए ऑटो चालक का पता लगाया और उसे थाने बुलाया। पूछताछ के दौरान चालक के पास बैग मिला, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया।इसके बाद महिला को थाने बुलाकर उनका बैग सुपुर्द किया गया। बैग में रखी पूरी नकदी और अन्य सामान सुरक्षित मिलने पर महिला ने मुरादाबाद पुलिस की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने सामान का विशेष ध्यान रखें और किसी भी आपात स्थिति में यूपी-112 या नजदीकी थाने से तुरंत संपर्क करें।

# आईएफटीएम में ऑटिज्म जागरूकता वार्ता का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में दिव्यांग छात्रों एवं एसईडीजी प्रकोष्ठ द्वारा स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के सहयोग से "विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस" के अवसर पर ''जागरूकता स्वीकृति और समावेशन गतिविधियों को बढ़ावा देना'' की थीम पर विद्यार्थियों के साथ बातचीत और चर्चा हेतु एक ''ऑटिज्म जागरूकता वार्ता'' सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण कर किया। साथ ही उन्होंने ऑटिज्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं समाज में समावेशिता को अपनाने पर जोर भी दिया। इस दौरान ऑटिज्म जागरूकता वार्ता एवं चर्चा सत्र में विद्यार्थियों द्वारा भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में हुई प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले कुल 19 विद्यार्थियों में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी. (ऑनर्स), एग्रीकल्चर, छठवें सेमेस्टर के छात्र नितीश ने प्रथम, बी.एससी. (ऑनर्स), एग्रीकल्चर, चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों वतन ने द्वितीय एवं मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने अपने विषयगत् विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को इस विषय के प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन समाज में ऑटिज्म के प्रति जागरूकता, स्वीकृति एवं समावेशिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया।

स्कूल के शिक्षक डॉ. यश पाल सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए सत्र के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता एवं समावेशिता की भावना विकसित होगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल की शिक्षिका व आयोजन सचिव डॉ. आंचल सिंह की विशेष भूमिका रही। अंत में एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के कई शिक्षक व अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चंदौसी में गुड फ्राइडे की प्रार्थना सभा का आयोजन

**चंदौसी।** आज फव्वारा चौक चंदौसी स्थित मेथोडिस्ट चर्च में गुड फ्राइडे की प्रार्थना सभा का आयोजन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक किया गया। इस अवसर पर प्रभु ईसा मसीह द्वारा संसार के पापों के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान और मानव जगत के लिए उनके प्रेम को याद किया गया।प्रार्थना सभा में चंदौसी और मुरादाबाद से आए वक्ताओं ने अपने विचार रखे। पादरी आशुतोष सैमुअल, श्री जोन रवि, श्रीमती सोनिया मैकडॉनल, श्री विनय लाल, श्रीमती ड्रीमा लाल, श्री दीपक कंफर्ट और रेवरेन डेनियल मसीह ने प्रभु ईसा मसीह के अंतिम सात वचनों पर अपने विचार रखे।पादरी आशुतोष सैमुअल ने पहले वचन पर बोलते हुए कहा कि प्रभु ईसा मसीह ने अपने मारने वालों के लिए प्रार्थना की और कहा कि ष्हे पिता, उन्हें माफ कर दे, क्योंकि वे नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।ष्श्री जोन रवि ने दूसरे वचन पर बोलते हुए कहा कि प्रभु ईसा मसीह ने अपने साथ क्रूस पर लड़े गए चोर से कहा कि ष्आज तुम मेरे साथ परादीस में होगे।ष्श्रीमती सोनिया मैकडॉनल ने तीसरे वचन पर बोलते हुए कहा कि प्रभु ईसा मसीह ने अपनी माता मैरी से कहा कि ष्हे महिला, देखो, तुम्हारा पुत्र।ष्श्री विनय लाल ने चौथे वचन पर बोलते हुए कहा कि प्रभु ईसा मसीह ने कहा कि ष्मेरे भगवान, मेरे भगवान, तुमने मुझे क्यों छोड़ दिया है?ष्श्रीमती ड्रीमा लाल ने पांचवें वचन पर बोलते हुए कहा कि प्रभु ईसा मसीह ने कहा कि ष्मैं प्यासा हूँ।ष्श्री दीपक कंफर्ट ने छठे वचन पर बोलते हुए कहा कि प्रभु ईसा मसीह ने कहा कि ष्यह पूरा हो गया है।ष्रेवरेन डेनियल मसीह ने सातवें वचन पर बोलते हुए कहा कि प्रभु ईसा मसीह ने कहा कि ष्हे पिता, मैं अपनी आत्मा को तुम्हारे हाथों में सौंपता हूँ।

आज की प्रार्थना सभा में चर्च कमेटी के सदस्यों ने भी भाग लिया, जिनमें श्री विक्रम मोहन, विशाल मैकडॉनल, सुरेश डीन, रवि सिंह, अभिषेक, मोनू, ग्लैडिस मोहन, चीनू, शौर्य, विशाल और फ्रैंको शामिल थे।

# बसपा की बैठक में सरकार बनाने का लिया संकल्प



भगतपुर। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव कुकरझुड़ी एवं चतरपुर नायक में बहुजन समाज पार्टी की सेक्टर व बूथ कमेटियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन की मजबूती और आगामी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी गजेंद्र सिंह, विधानसभा प्रभारी शिव शंकर सागर, लोकेश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष शिवलाल सिंह, महासचिव धयान सिंह तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. रामपाल गौतम उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने मायावती के चार बार के शासनकाल की उपलब्धियों को विस्तार से बताया और कार्यकर्ताओं को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार में कानून व्यवस्था, सर्वजन हिताय की नीति और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई थी। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में बसपा की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ कार्य करेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि हर बूथ को मजबूत बनाकर ही जीत सुनिश्चित की जा सकती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की, बैठक में सेक्टर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, अमर सिंह एवं प्रधान हरकेश सिंह, मदन प्रधान, प्रधान अशोक सिंह,होराम सिंह, अतर सिंह, बालजीत, देवेंद्र सिंह, अशोक, सुरेंद्र, साजिद, बाजिद, मुनाजिर, हरीश पाल आदि उपस्थित रहे।

# भोजपुर में नाजायज चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** भोजपुर पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना भोजपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त मोहम्मद फैजान पुत्र अनवार हुसैन निवासी मोहल्ला फतेहपुरी, कस्बा भोजपुर को गिरफ्तार किया गया है।अभियुक्त के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ है। इस संबंध में थाना भोजपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।पुलिस ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।इस मामले में पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# चेन्नई ने पंजाब को जीतने के लिए 210 का टारगेट दिया

### आयुष म्हात्रे की फिफ्टी, सरफराज ने 32, दुबे ने 45 रन बनाए, वैशाख ने लिल 2 विकेट

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल के 7वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स को 210 रन का टारगेट दिया। चेपाक स्टेडियम में शुक्रवार को पीबीएसके ने बालिंग चुनी। सीएसके ने 5 विकेट खोकर 209 रन बनाए। आयुष म्हात्रे ने 73, शिवम दुबे ने 45 और सरफराज खान ने 32 रन बनाए।

विजयकुमार वैशाख को 2 विकेट मिले। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी सीएसके ने 5 विकेट खोकर 209 रन बनाए। शिवम दुबे ने आखिरी 2 गेंद पर 2 चौके लगाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने 45 रन बनाए। उनके सामने प्रशांत वीर 6 रन बनाकर नाटआउट लौटे। 19 ओवर में चेन्नई ने 9 विकेट के नुकसान पर 195 रन बना लिए। प्रशांत वीर और शिवम दुबे नाटआउट रहे। 17वें ओवर में चेन्नई ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल विजयकुमार वैशाख ने गुड लेंथ पर लेग कटर फेंकी। सरफराज बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन मिड आन पर नेहल वाधोरा के हाथों कैच हो गए। उन्होंने 12 गेंद पर 32 रन बनाए। चेन्नई ने 16वें ओवर में 150 रन पूरे कर लिए। सरफराज खान ने जैवियर बार्टलेट के खिलाफ छक्का लगाया और टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। शिवम दुबे भी पिच पर मौजूद रहे। 14वें ओवर में चेन्नई ने चौथा विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल मार्को यानसन ने गुड लेंथ पर इन स्विंगर फेंकी। गेंद कार्तिक शर्मा के पैड्स पर लगी। पीबीएसके ने पगबाधा आउट की अपील की, लेकिन अंपायर ने आउट नहीं दिया। कप्तान श्रेयस अज्यर ने रिव्यू लिया, रिप्ले में कार्तिक आउट नजर आए। वे 1 रन ही बना सके। यह मैच में यानसन का पहला ही विकेट रहा। 13वें ओवर में चेन्नई ने तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल विजयकुमार वैशाख ने ऑफ स्टंप के बाहर यार्कर फेंकी। आयुष म्हात्रे ने शाट खेला, लेकिन शार्ट थर्ड मैन पोजिशन पर युजवेंद्र चहल के हाथों कैच हो गए। म्हात्रे ने 73 रन बनाए। 12वें ओवर में चेन्नई ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बाल युजवेंद्र चहल ने लेग स्टंप की ओर गुड लेंथ पर फेंकी। ऋतुराज गायकवाड ने शाट खेला, लेकिन लान्ग लेग पोजिशन पर कैच हो गए। गायकवाड ने 28 रन बनाए। उन्होंने आयुष म्हात्रे के साथ 96 रन की पार्टनरशिप की।




# मेरे स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाने वाले लोग मुझसे जलते हैं: रहाणे

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 65 रनों के बड़े अंतर से हार झेलनी पड़ी है। आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के बाद यह उनकी लगातार दूसरी शिकस्त है। इन दोनों ही मैचों के बाद कप्तान अजिक्य रहाणे एक शब्द का बार-बार प्रयोग कर रहे हैं - 'टीम संतुलन'।

हालांकि एसआरएच के खिलाफ मिली हार ने साफ कर दिया है कि समस्या सिर्फ चोटिल गेंदबाजों तक सीमित नहीं है, बल्कि केकेआर के मध्यक्रम में भी कुछ समस्याएं हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रहाणे ने एसआरएच के खिलाफ मिली हार का एक प्रमुख कारण बीच के ओवरों में साझेदारी न बन पाना बताया। उन्होंने कहा, ष्आज की विकेट बल्लेबाजी के लिए मुफीद थी, लेकिन हमारी बल्लेबाजी में वह लय नजर नहीं आई। इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए हमें और बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत थी। बीच के ओवरों में हम साझेदारी नहीं कर सके, जबकि जरूरत यह थी कि कुछ बड़ी साझेदारियां हों और खेल को अंत तक ले जाया जाए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में भी केकेआर ने बीच के ओवरों में ही मोमेंटम गंवाया था। उस मैच में केकेआर ने 10 ओवर में 120 रन बना दिए थे, लेकिन अगले 10 ओवरों में टीम सिर्फ 102 रन ही जोड़ सकी।




एसआरएच के खिलाफ भी कहानी लगभग वही रही। शुरुआती पांच ओवर में 67 रन ठोकने के बावजूद टीम उस रफ्तार को बरकरार नहीं रख पाई। इस मैच में रहाणे ने खुद 10 गेंदों पर महज 8 रन बनाए, जिसके बाद उनके स्ट्राइक रेट पर सवाल उठना लाजमी था। हालांकि, आमतौर पर शांत रहने वाले रहाणे ने इस बार जवाब थोड़ा अलग तरीके से दिया। उन्होंने कहा कि 2023 के बाद से पावरप्ले में मेरा स्ट्राइक रेट बेहतरीन रहा है। (552 रन, 167-78 की स्ट्राइक रेट, 69 का औसत) जो लोग मेरे खेल या स्ट्राइक रेट पर बात कर रहे हैं।

### खेल विशेष

#### निकहत, प्रिया और प्रीति सेमीफाइनल में, भारत के तीन पदक पक्के

**उलानबटार, वार्ता।** मंगोलिया के उलानबटार में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के पांचवें दिन, निकहत जरीन, प्रिया और प्रीति पवार ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिससे भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं। भारतीय अभियान की अगुवाई करते हुए, निकहत जरीन महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टरफाइनल में पूरी तरह से हावी रहीं। उन्होंने अपने दबदबे भरे प्रदर्शन में पहले ही राउंड में आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) के आधार पर फिलीपींस की जियान बाग.हिन को हरा दिया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना अब तक की सबसे कठिन चुनौती से होगा, जब वे चीन की वू यू (पेरिस 2024 ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता) के खिलाफ रिग में उतरेंगी।

#### बॉल टैंपरिग के खिलाफ फखर जमां की अपील खारिज, दो मैचों का प्रतिबंध बरकरार

**लाहौर, वार्ता।** लाहौर कलंदर्स के बल्लेबाज फखर जमान 3 अप्रैल को मुल्तान सुल्तांस और 9 अप्रैल को इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले मैचों में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि पीएसएल टेक्निकल कमेटी ने मैच रेफरी रोशन महानामा द्वारा लगाए गए दो मैचों के प्रतिबंध को बरकरार रखा है। यह सजा गेंद की स्थिति में बदलाव (बॉल टैंपरिग) के कारण उन्हें दी गई थी। फखर ने इस फैसले के खिलाफ अपील की थी, जो पीएसएल के कोड ऑफ कंडक्ट के तहत उनका अधिकार है। महानामा ने 2026 सीजन में उनके पहले लेवल-3 अपराध के लिए अधिकतम सजा सुनाई थी। फखर ने इस आरोप को चुनौती दी थी, जिसकी सुनवाई के बाद यह फैसला लिया गया। पीएसएल के नियमों के अनुसार, पहली बार लेवल-3 अपराध के लिए खिलाड़ी को कम से कम एक मैच और अधिकतम दो मैचों का निलंबन दिया जा सकता है।

# रियल मैड्रिड को 6-0 से रौंदकर बार्सिलोना सेमीफाइनल में

**मैड्रिड, वार्ता।** एफसी बार्सिलोना ने गुरुवार को दूसरे लेग में अपने घरेलू मैदान पर रियल मैड्रिड को 6-0 से रौंदकर महिला चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कैंप नोउ में 60,000 से ज्यादा फैन्स ने बार्सिलोना का दबदबा देखा। यह मुकाबला पहले लेग में ही 6-2 की जीत के साथ लगभग तय हो चुका था, जो बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड के घरेलू मैदान पर हासिल की थी।

क्लब के लिए अपना 500वां मैच खेल रहीं अलेक्सिया पुटेलस ने आठवें मिनट में पहला गोल किया। उन्होंने यह गोल तब किया जब मीसा रोड्रिग ने इवा पाजोर के शुरुआती शॉट को रोक दिया था। इसके बाद पुटेलस ने 15वें मिनट में कैरोलिन ग्राहम हानसेन को उनके दो गोलों में से पहला गोल करने में मदद की। फिर 27वें मिनट में इरीन परेडेस ने एक कॉर्नर किक पर हेडर से गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। 34वें मिनट में विक्की लोपेध ने पाजोर को क्रॉस दिया, जिस पर पाजोर ने फार पोस्ट पर बार्सिलोना का चौथा गोल किया। इस तरह मेजबान टीम ने अपनी आक्रामक 'हाई प्रेस' रणनीति से रियल मैड्रिड को पूरी तरह से पछाड़ दिया। दूसरे हाफ के 10 मिनट बाद पुटेलस और ग्राहम हानसेन ने मिलकर पांचवां गोल किया।

# मुंबई के खिलाफ दिल्ली का लक्ष्य इतिहास बदलना

### दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस एक बार फिर शनिवार को आमने-सामने होंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक जानी-पहच.ानी कहानी की तरह, जो थोड़े-बहुत बदलावों के साथ खुद को दोहराती रहती है, दिल्ली कैपिटल्स एक बार फिर मुंबई इंडियंस के आमने-सामने होगी। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का यह शनिवार का दिन का मैच बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है, लेकिन साथ ही इसमें एकतरफा मुक.ाबले की झलक भी दिख सकती है, क्योंकि दोनों टीमें इस सीजन में अपनी दूसरी जीत की तलाश में हैं।

दिल्ली, लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट की जीत के बाद इस मैच में उतर रही है। इस जीत से टीम को हौसला तो मिला है, लेकिन उनकी बैटिंग लाइन-अप के ऊपरी क्रम में जो पुरानी चिंताएं बनी हुई हैं, वे अभी पूरी तरह से दूर नहीं हुई हैं। दूसरी ओर, मुंबई ने कोलकाता नाइट राइडर्स पर आसान जीत के साथ अपनी लय वापस पा ली है। उन्होंने सबको यह याद दिला दिया है कि इतिहास की तरह ही, अच्छी फॉर्म भी अक्सर जानी-पहचानी टीमों का ही साथ देती है। अक्षर पटेल की कप्तानी में, दिल्ली ने एक खास संतुलन दिखाया है, खासकर अपनी बॉलिंग और निचले मध्य क्रम में। हालांकि, उनका ऊपरी क्रम (टॉप ऑर्डर) अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है। केएल राहुल और पथुम निसांका-जो बड़े नाम हैं और जिनसे काफी उम्मीदें हैं-पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके चलते टीम को एक मजबूत आधार (प्लेटफॉर्म) बनाने के बजाय, मुश्किल हालात से निकालने वाले प्रदर्शनों पर निर्भर रहना पड़ा। समीर रिजवी के हालिया अर्धशतक ने टीम को कुछ हद तक राहत दी है। वहीं, नीतीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी भी मौके का इंतजार कर रहे हैं, ताकि पारी की जरूरत के हिंसाब से वे या तो पारी को संभाल सकें या फिर उसे मुश्किल से बाहर निकाल सकें। इसके विपरीत, उनकी बॉलिंग यूनिट ज्यादा आत्मविश्वास से भरी नजर आती है। लुंगी एनगिडी, मुकेश कुमार, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और टी- नटराजन की यह टीम तेज गेंदबाजी, स्पिन और विविधता का ऐसा मिश्रण पेश करती है, जो किसी भी मजबूत से मजबूत बैटिंग लाइन-अप को मुश्किल में डाल सकता है। एनगिडी की शुरुआती विकेट लेने की काबिलियत और कुलदीप का बीच के ओवरों में गेंद पर नियंत्रण-ए दोनों ही बातें यह तय कर सकती हैं कि मुंबई की बैटिंग को रोका जा सकेगा या फिर उसे खुलकर खेलने का मौका मिलेगा। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में, मुंबई एक ऐसे शांत आत्मविश्वास के साथ खेल रही है, जो अब उनकी आदत सी बन गई है। दिल्ली के खिलाफ उनका रिकॉर्ड-पिछले छह मुकाबलों में पांच जीत-महज एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह उस मनोवैज्ञानिक बढ़त की याद दिलाता है, जो समय के साथ और भी मजबूत होती गई है। उनकी बैटिंग लाइन-अप, जिसने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था, अभी भी उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। ऊपरी क्रम में, रयान रिकेटन और रोहित शर्मा की जोड़ी आक्रामकता और स्थिरता-दोनों का ही बेहतरीन तालमेल पेश करती है। ए दोनों ही खिलाड़ी बड़े स्कोर खड़ा करने या फिर बड़े लक्ष्यों का पीछा करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। मिडिल ऑर्डर, जिसमें सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या शामिल हैं, टीम को न सिर्फ अंदाज देता है, बल्कि गहराई भी देता है।

# वैभव सूर्यवंशी को रोकना होगी गुजरात की प्राथमिकता

**अहमदाबाद, वार्ता।** मात्र 15 साल की उम्र में अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचा रहे युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को रोकना गुजरात टाइटंस की पहली प्राथमिकता होगी जब उसका शनिवार को राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला होगा। अहमदाबाद ने कई शानदार मैच देखे हैं, लेकिन आईपीएल की हर शाम एक नई दुल्हन की तरह उम्मीद और एक पुराने जुआरी की तरह अनिश्चितता लेकर आती है।

शनिवार को, नरेंद्र मोदी स्टेडियम गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स की मेजबानी करेगा, ए दो टीमें हैं जिन्होंने अपने 2026 के अभियान की शुरुआत बहुत अलग-अलग तरीकों से की है, फिर भी वे यहां अपनी अहमियत और लय के लिए बराबर बेताब हैं। गुजरात थोड़ी लड़खड़ाती हुई उतरी, अपने शुरुआती मुकाबले में मामूली स्कोर बनाने के बाद लड़खड़ा गई थी, जिसे उसके गेंदबाज बचा नहीं सके। टॉप ऑर्डर पर एक जानी-पहचानी निर्भरता है - साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर - तीन नाम जो बराबर उम्मीद और दबाव दोनों रखते हैं। सुदर्शन, जो अपने पिछले सीजन में शानदार और प्रोडक्टिव रहे थे, अब सहजता की तलाश में हैं। गिल, जो ज्यादातर विरोधियों के खिलाफ भरोसेमंद हैं, राजस्थान के खिलाफ उनका औसत ठीक-ठाक है और उनसे आगे बढ़कर लीड करने की उम्मीद की जाएगी। बटलर, जो कभी टीम को बर्बाद करने वाले खिलाड़ी थे, आजकल ऐसे लग रहे हैं जैसे कोई बंद मैच को खोलने के बजाय खोई हुई चाबी ढूंढने की कोशिश कर रहा हो। मिडिल ऑर्डर, जैसा कि अक्सर कई मॉडर्न टीमों के साथ होता है, भरोसेमंद होने के बजाय ज्यादा सजावटी लगता है। वाशिगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स और शाहरुख खान भरोसे के बजाय ऑप्शन देते हैं। हालांकि, फिलिप्स की पहचान एक ऐसे खिलाड़ी की बनी हुई है जो शांत ओवर को शोरगुल वाले ओवर में बदल सकता है। इसके उलट, गुजरात की बॉलिंग ज्यादा सधी हुई दिखती है। राशिद खान उनके ताबीज बने हुए हैं।




# कोमालिका बारी और अर्जुन खारा ने जीते स्वर्ण पदक

**रायपुर, वार्ता।** पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन झारखंड की कोमालिका बारी ने अपने मिक्स्ड टीम खिताब के बाद महिला रिकर्व तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता, जबकि ओडिशा के अर्जुन खारा ने पुरुष रिकर्व वर्ग में स्वर्ण अपने नाम किया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद अंतिम दिन कर्नाटक को पदक तालिका के शीर्ष स्थान से हटाया नहीं जा सका और वह उद्घाटन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शीर्ष पर बना रहा।

टूर्नामेंट के इस संस्करण में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 3,800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा की। तीरंदा.जी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे, जबकि मल्लखंभ और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) खेलों के रूप में शामिल थे। इन 106 स्वर्ण पदकों में से कर्नाटक ने 23 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। ओडिशा 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और 57 पदकों के साथ 50 से अधिक पदक जीतने वाला एकमात्र दल बना। झारखंड 16 स्वर्ण, 8 रजत और 11 कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी जनजातीय समुदाय की खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर नौवां स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ का आखिरी पदक पुरुष फुटबॉल में रजत के रूप में आया, जब वे फाइनल में पश्चिम बंगाल से 0-1 से हार गए। ओवरऑल चैंपियन कर्नाटक ने पहले ही दिन से पदक तालिका में बढ़त बना ली थी, खासकर तैराकी में दबदबा बनाते हुए उन्होंने 15 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते। इसके अलावा एथलेटिक्स में 5 और कुश्ती में 3 स्वर्ण पदक जोड़कर उन्होंने सुनिश्चित किया कि ओडिशा और झारखंड उनसे आगे न निकल सकें। कर्नाटक के मणिकांत एल 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ खेलों के सबसे सफल खिलाड़ी रहे, जबकि उनके साथी धोनिश एन ने तैराकी में 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीते। महिला वर्ग में ओडिशा की तैराक अंजलि मुंडा ने 5 स्वर्ण पदक जीते, जबकि कर्नाटक की मेघांजलि ने 4 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। ओडिशा एकमात्र ऐसा दल रहा जिसने सभी छह खेल विधाओं में कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता, जिसमें एथलेटिक्स में 8 और तैराकी में 7 स्वर्ण शामिल हैं।

# कोमालिका बारी और अर्जुन खारा ने जीते स्वर्ण पदक

**रायपुर, वार्ता।** पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन झारखंड की कोमालिका बारी ने अपने मिक्स्ड टीम खिताब के बाद महिला रिकर्व तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता, जबकि ओडिशा के अर्जुन खारा ने पुरुष रिकर्व वर्ग में स्वर्ण अपने नाम किया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद अंतिम दिन कर्नाटक को पदक तालिका के शीर्ष स्थान से हटाया नहीं जा सका और वह उद्घाटन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शीर्ष पर बना रहा।

टूर्नामेंट के इस संस्करण में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 3,800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा की। तीरंदा.जी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे, जबकि मल्लखंभ और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) खेलों के रूप में शामिल थे। इन 106 स्वर्ण पदकों में से कर्नाटक ने 23 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। ओडिशा 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और 57 पदकों के साथ 50 से अधिक पदक जीतने वाला एकमात्र दल बना। झारखंड 16 स्वर्ण, 8 रजत और 11 कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी जनजातीय समुदाय की खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर नौवां स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ का आखिरी पदक पुरुष फुटबॉल में रजत के रूप में आया, जब वे फाइनल में पश्चिम बंगाल से 0-1 से हार गए। ओवरऑल चैंपियन कर्नाटक ने पहले ही दिन से पदक तालिका में बढ़त बना ली थी, खासकर तैराकी में दबदबा बनाते हुए उन्होंने 15 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते। इसके अलावा एथलेटिक्स में 5 और कुश्ती में 3 स्वर्ण पदक जोड़कर उन्होंने सुनिश्चित किया कि ओडिशा और झारखंड उनसे आगे न निकल सकें। कर्नाटक के मणिकांत एल 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ खेलों के सबसे सफल खिलाड़ी रहे, जबकि उनके साथी धोनिश एन ने तैराकी में 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीते। महिला वर्ग में ओडिशा की तैराक अंजलि मुंडा ने 5 स्वर्ण पदक जीते, जबकि कर्नाटक की मेघांजलि ने 4 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। ओडिशा एकमात्र ऐसा दल रहा जिसने सभी छह खेल विधाओं में कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता, जिसमें एथलेटिक्स में 8 और तैराकी में 7 स्वर्ण शामिल हैं।

### मेघालय ने 39वें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयारियां तेज कीं

**शिलांग, वार्ता।** खेल एवं युवा मामलों के आयुक्त और सचिव डा. विजय कुमार डी- ने बताया कि मेघालय सरकार ने 2027 में राज्य में आयोजित होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं और अब पूरे राज्य में टीमों को प्रशिक्षण की गतिविधियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। डा. कुमार डी- ने कहा कि मेघालय को खेलों की महाशक्ति बनाने के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा के दृष्टिकोण के अनुरूप, राज्य, खेल बुनियादी ढांचे, एथलीटों के विकास और युवाओं की भागीदारी में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है। डा. कुमार डी-ने बताया कि विभिन्न खेलों में टीमों की तैयारी और एथलीटों के विकास को बढ़ावा देने के लिए 27 राज्य खेल संघों को प्रथम चरण के रूप में 40 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि इस दृष्टिकोण के मूल में सरकार का भरोसे पर आधारित मॉडल है।

# रात में मछुआरे का काम करने वाले अब्दुल फताह लंबी ने कूद में जीता स्वर्ण पदक

**जगदलपुर, वार्ता।** अब्दुल फताह ज्यादातर रातों को समुद्र में होते हैं, जहां वे मछुआरे बनकर अपने परिवार की रोजी-रोटी कमाने में मदद करते हैं। जैसे ही सुबह होती है, वे सीधे ट्रेनिग ग्राउंड की ओर निकल पड़ते हैं और एक एक अलग सपने का पीछा करते हुए लक्षद्वीप को 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' 2026 में पहला पदक दिलाया।

कवरत्ती और कदमत द्वीपों के बीच स्थित, दूरदराज के अमीनी द्वीप जो लगभग 2-7 किमी लंबा और 1-2 किमी चौड़ा है, और जिसका कुल भू-क्षेत्रफल 2-60 वर्ग किमी है के 18 वर्षीय लॉन्ग जम्पर ने अब्दुल फताह ने जगदलपुर के क्रीड़ा परिसर मैदान में 7-03 मीटर की अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। यह इस छोटे से केंद्र शासित प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। केंद्र शासित प्रदेश के खेल अधिकारी अहमद जावेद हसन ने मुस्कुराते हुए कहा, ष्वह लक्षद्वीप के पहले ऐसे एथलीट हैं जिन्होंने 7 मीटर की दूरी पार की है और यह वाकई एक खास बात है। मछुआरे परिवार में जन्मे फताह भाई-बहनों में सबसे बड़े हैं और घर की बड़ी जिम्मेदारी संभालते हैं। 12वीं कक्षा पूरी करने के बाद, आर्थिक तंगी के कारण उन्हें अपनी पढ़ाई बीच में ही रोकनी पड़ी। इसके बजाय, उन्होंने अपने पिता के पारिवारिक व्यवसाय में हाथ बंटाने और खेल को अपने जुनून के तौर पर अपनाने का फैसला किया। फताह ने कहा कि कोई और चारा नहीं है, आपको चीजों में संतुलन बनाना ही पड़ता है। जब मैं स्कूल में था, तभी से मैं अपने पिता की मछली पकड़ने के काम में मदद करता आ रहा हूं। यही हमारी आमदनी का एकमात्र जरिया है। हमारे परिवार में छह लोग हैं। सुबह मैं अपनी ट्रेनिग के लिए जाता हूं, मेरे परिवार को इस बारे में पता है, भले ही वे इस खेल के बारे में बहुत कम समझते हों। दिलचस्प बात यह है कि एथलेटिक्स उनका पहला प्यार नहीं था। फताह शुरू में फुटबॉल खेलते थे, जैसा कि द्वीप के कई दूसरे युवा करते थे। हालांकि, कुछ साल पहले एक स्थानीय इंटर-आइलैंड प्रतियोगिता के दौरान उनकी यात्रा में एक अहम मोड़ आया। कोच मोहम्मद कासिम ने इस युवा की दौड़ने की जबरदस्त काबिलियत को पहचाना और उन्हें एथलेटिक्स में आने का सुझाव दिया। तब से, फताह ने लॉन्ग जंप और 100-मीटर स्प्रिंट में ट्रेनिग शुरू कर दी। लगभग उसी समय, अमिनी एथलेटिक्स एसोसिएशन का गठन होने लगा, जिससे इस क्षेत्र में खेलों के विकास को एक सही ढांचा मिला।



# सिविल लाइन्स क्षेत्र कांठ रोड पर दो पक्षों में हुआ झगड़ा सरेराह फायरिंग में युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब कांठ रोड स्थित प्रेम स्वीट्स के पास दो गुटों के बीच हुआ मामूली विवाद अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ती चली गई और मामला इतना बिगड़ गया कि सरेआम गोलीबारी शुरू हो गई।




अचानक चली गोलियों से पूरे इलाके में दहशत फैल गई और मौके पर भगदड़ जैसे हालात बन गए।इस फायरिंग की घटना में लकी सैनी नामक युवक को गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए घायल युवक को तुरंत उठाकर निजी अस्पताल कॉसमॉस में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार लकी की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और उसे लगातार निगरानी में रखा गया है।घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने 10 नामजद समेत कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा कि फरार आरो. पियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार दबिश दे रही हैं।पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि सभी हमलावरों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। साथ ही स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, जिससे घटना के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सके।

पुलिस का कहना है कि मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इलाके में फिलहाल शांति बनी हुई है, लेकिन एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# महानगर कांग्रेस की बैठक में संगठन मजबूती पर दिया गया जोर, नए पदाधिकारियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में शुक्रवार को चौमुखापुल स्थित महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस आरटीआई विभाग के नवनियुक्त जिला/महानगर अध्यक्ष मौ. आदिल एवं भारतीय परवेज इस्लाम का जोरदार स्वागत और सम्मान किया गया।बैठक में कई सामा. जिक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनमें प्रमुख रूप से समाजसेवी मोहम्मद सुब्हान और सिराज अली शामिल रहे, जिन्होंने महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामा।इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी को अभी से पूरी ताकत के साथ तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने बताया कि महानगर स्तर पर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा चुका है और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान है और कांग्रेस को एक मजबूत विकल्प के रूप में देख रही है।उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता त्रस्त है।



पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार कांग्रेस आगामी चुनावों में पूरी मजबूती और रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी।बैठक में नजाकत ठेकेदार, महफूज अली, अनुराग शर्मा, हकीम नाजिम, रिजवान रईस, जावेद अंसारी, पार्षद नदीम उद्दीन कातिब, पार्षद शमशेर अली, एडवोकेट फहीम, शहजाद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन की मजबूती और एकजुटता का संकल्प लिया गया।

## बिलारी समाचार

### हनुमान जयंती पर भजन संध्या का आयोजन श्रद्धालुओं ने लिया भक्ति का आनंद



**चन्दौसी।** जायट्स ग्रुप वुमेन शिखर चन्दौसी द्वारा हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में शिव मंदिर घटलेश्वर गेट पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं गणेश वंदना के साथ की गई। इसके बाद उपस्थित महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के सुंदर-सुंदर भजनों का रसास्वादन किया। भजन संध्या के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में हनुमान जी को लड्डू, बूंदी, केले व खीरे का प्रसाद अर्पित किया गया तथा मंदिर में उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। ग्रुप की अध्यक्ष नीतू रस्तोगी ने कहा कि हमें अपने सनातन धर्म के सभी त्योहारों को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाना चाहिए। वहीं शालिनी शर्मा ने कहा कि आज के समय में बच्चे धीरे-धीरे अपने सनातन धर्म से दूर होते जा रहे हैं, इसलिए उन्हें धार्मिक ज्ञान एवं मंत्रों का उच्चारण सिखाना आवश्यक है। उन्होंने परिवारों से समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर विमलेश सैनी, सुमन सैनी, शीनू शर्मा, वीना शर्मा, रेखा दीक्षित, सीमा अग्रवाल, नंदिनी अग्रवाल, सुजाता शर्मा, सुप्रीति गुप्ता तथा डायरेक्टर शिखा शर्मा सहित ग्रुप की अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### टीचर प्रीमियर लीग: राइजिंग स्टार ने सुपरनोवा को 6 विकेट से हराया



**चन्दौसी।** क्रीड़ा भारती जनपद सम्भल के तत्वावधान में आयोजित टीचर प्रीमियर लीग के छठे संस्करण का आठवां मैच सोमवार को पं. हनुमान सिंह ग्राउंड, चन्दौसी में सुपरनोवा और राइजिंग स्टार के बीच खेला गया। मैच में राइजिंग स्टार ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपरनोवा की टीम ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 131 रन बनाए। टीम की ओर से अनुज सिंह ने नाबाद 41 रन और मनोज ने 33 रनों का योगदान दिया। राइजिंग स्टार की ओर से मनीष वेनीवाल ने 2 विकेट लिए, जबकि अनुज और अंकित ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइजिंग स्टार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14.4 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और 6 विकेट से जीत दर्ज की। टीम की ओर से राजीव ने नाबाद 32 रन, संजय ने 25 रन, मनीष वेनीवाल ने 21 रन तथा अनिल कपूर ने नाबाद 21 रनों का योगदान दिया। मैच में मनीष वेनीवाल को मैन ऑफ द मैच, राजीव कुमार को इम्पैक्ट प्लेयर, अंकित मौर्य को बेस्ट बॉलर और अनुज देओल को बेस्ट बल्लेबाज चुना गया। मैच की अंपायरिंग कुश रावत और माथुर ने की, जबकि स्कोरिंग का कार्य अभिषेक राठौर ने संभाला। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष अनिल कपूर, महामंत्री डॉ. गौरव मिश्रा, कोषाध्यक्ष अशोक पाठक, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल, पुनीत शर्मा, अमित कुमार, खुशाल, हेमंत, राजीव और विजय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद सम्भल पुलिस की एंटी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिसकर्मियों ने चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े अधिकारों और समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभियान के तहत एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। उन्हें सरकार और पुलिस विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया और पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति-5.0 के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।



# आदीश कुमार जैन एडवोकेट बने मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स, ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय जन आवाज पार्टी ने आदीश कुमार जैन एडवोकेट को मुरादाबाद का जिलाध्यक्ष (प्रबुद्ध प्रकोष्ठ) नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली और कैम्प कार्यालय उत्तर प्रदेश से जारी एक पत्र में कहा गया है कि आदीश कुमार जैन एडवोकेट की नियुक्ति केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार की गई है। पार्टी को विश्वास है कि आदीश कुमार जैन अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और लगन के साथ करेंगे। उन्हें पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने, संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आम जनता की समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया गया है। आदीश कुमार जैन एडवोकेट की नियुक्ति पर पार्टी के महासचिव सुशील कुमार सिंह ने कहा कि यह पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आदीश कुमार जैन एडवोकेट को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# गुड फ्राइडे पर गूंजा श्रद्धा और प्रार्थना का स्वर, प्रभु यीशु के बलिदान को किया नमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में गुड फ्राइडे के पावन अवसर पर ईसाई समाज के लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को गहरी श्रद्धा और आस्था के साथ याद किया। इस मौके पर शहर के विभिन्न गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर प्रभु यीशु के त्याग और प्रेम के संद. श को आत्मसात करते नजर आए।सुबह से ही चर्चों में भक्तों का आना शुरू हो गया था। प्रार्थना सभाओं में धर्मगुरुओं ने प्रभु यीशु के जीवन, उनके कष्टों और मानवता के लिए दिए गए बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुड फ्राइडे हमें क्षमा, करुणा और त्याग का संदेश देता है, जिसे हर व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।विशेष रूप से फिलिप मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में आयोजित प्रार्थना सभा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यहां भजन, बाइबल पाठ और सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से प्रभु यीशु को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लोगों ने शांति और मानव कल्याण के लिए प्रार्थना की।इस दौरान चर्च परिसर में अत्यंत शांत और श्रद्धामय वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालु उपवास और प्रार्थना में लीन दिखाई दिए। गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसाई समुदाय ने प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देते हुए समाज में सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।



# संगठन अपनों पर मेहरबान, गैर हो रहे परेशान

## बिश्नोई समाज को जिला कार्यकारिणी में शामिल न करना बना चर्चा का विषय

**कांठ (शाह टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यकारणी घोषित किए जाने के उपरांत अब पार्टी सवालों के घेरे में आ चुकी है बिश्नोई समाज को जिला कार्यकारिणी में स्थान न मिलने को लेकर आज समाज में नाराजगी है समाज के युवाओं ने शुक्रवार की शाम को मंदिर में बैठक बुलाई है। बतादे की बिश्नोई समाज शुरू से ही भाजपा समर्थित माना जाता है और कुछ लोगों को छोड़कर इस समाज का वोट हमेशा भाजपा को मिलता रहा है समाज के लोग काफी समय से विधानसभा का टिकट दिए जाने के लिए मांग करते चले आ रहे हैं मगर पार्टी ने बिश्नोई समाज को टिकट न देकर कुछ पदों पर जरूर स्थान दिया था। समाज ने इस पर भी संतोष व्यक्त किया लेकिन एक दिन पहले जारी हुई जिले की सूची में शामिल एकमात्र राजन बिश्नोई को भी जगह न मिलते देख पार्टी के प्रति लोगों ने सवाल खड़े करने शुरू कर दिए युवाओं का कहना था कि आखिर बिश्नोई समाज के लोगों को जिला कार्यकारिणी में जगह न देने की क्या वजह हुई है। कुल मिलाकर पार्टी की कार्यवाही से समाज आहत है और युवाओं ने शुक्रवार की शाम को ही बिश्नोई मंदिर में एक मीटिंग बुलाई है।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में अर्नव सक्सेना ने पाई सफलता

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा सत्र 2026 के परिणाम में चन्दौसी के शक्तिनगर निवासी अर्नव सक्सेना ने सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में देशभर से लाखों अभ्यर्थियों ने भाग लिया था और परीक्षा वि भिन्न सैनिक स्कूल केंद्रों पर आयोजित की गई थी। अर्नव सक्सेना पुत्र वरुण कुमार सक्सेना ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। अर्नव के पिता वरुण सक्सेना राजस्व विभाग में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता पूर्वा रंजन बिसौली के एक विद्यालय में प्रधानाचार्या हैं। अर्नव की माता पूर्वा रंजन ने बताया कि उनके बेटे की शुरू से ही सैनिक स्कूल में पढ़ाई करने की इच्छा थी और उसने अपने लक्ष्य को पाने के लिए लगातार मेहनत की। आज उसकी इस सफलता से पूरा परिवार बेहद खुश है।

अर्नव ने सैनिक स्कूल घोराखाल (उत्तराखंड) को अपनी प्राथमिक पसंद के रूप में चुना था। उनके माता-पिता ने बताया कि अर्नव शुरू से ही पढ़ाई में मेहनती, अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहा है। अर्नव की इस उपलब्धि पर परिवार और क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# शराबी पति की हैवानियत: पत्नी का हाथ तोड़ा, घर का सामान भी जलाया

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मौलागढ़ निवासी एक युवक की नशे की लत ने उसे इस कदर हैवान बना दिया कि उसने अपनी ही पत्नी को बेरहमी से पीटकर उसका हाथ तोड़ दिया। इतना ही नहीं, उसने घर में रखी बाइक और कपड़ों को भी आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद पीडिघ्ता दहशत में जीवन व्यतीत कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाहिता महिला कई वर्षों से अपने पति योगेश पाल द्वारा लगातार प्रताडिघ्त की जा रही है। युवक को जुआ और शराब की बुरी लत है, जिसके कारण उसकी सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित हो चुकी है। आए दिन घरेलू विवाद के चलते वह पत्नी के साथ मारपीट करता है। बताया जाता है कि हाल ही में हुए विवाद के दौरान योगेश ने पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसका हाथ टूट गया और एक दांत भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ और उसने घर में खड़ी बाइक को आग लगा दी। साथ ही घर में रखे कपड़ों व अन्य सामान को भी आग के हवाले कर दिया। मोहल्ले के लोगों के अनुसार योगेश पाल लंबे समय से जुआ और सट्टा खेलने का आदी है। वह स्थान बदल-बदल कर जुए के अड्डे संचालित करता है और अवैध रूप से कमाए गए पैसे को शराब और अन्य नशे में उड़ा देता है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि युवक की संगत ठीक नहीं है, जिससे उसकी हरकतें लगातार बिगड़ती जा रही हैं। वहीं पीडिघ्ता ने दबी जुबान में बताया कि उसके पति के किसी अन्य महिला से संबंध भी हैं, जो पारिवारिक विवाद का एक बड़ा कारण है। हालांकि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया है, लेकिन गंभीर रूप से घायल महिला आज भी भय के साये में जी रही है। उसे आशंका है कि गलत संगत और नशे में डूबा उसका पति भविष्य में कोई बड़ा अनहोनी कदम उठा सकता है।



# नगलिया शाहपुर पहुंचे सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान

**बिलारी।** बुधवार को क्षेत्र के ग्राम नगलिया शाहपुर के परमानन्द पाल के मुर्गी फार्म हाउस में विद्युत लाइन से निकली चिंगारी गिरने के चलते हादसा हो गया था, जिसमें जानकारी के अनुसार 4500 चूजे, दाना, समेत काफी नुकसान हो गया था।

शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान पीड़ित परिवार से मिले और हादसे की पूरी जानकारी ली। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि वह उनके साथ है, हर संभव शासन प्रशासन से मदद दिलायी जाएगी। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने तत्काल चीफ इंजिनियर विद्युत और अधिशासी अभियंता मुरादाबाद को हादसे से अवगत कराया और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाये जाने की बात कही। इसके बाद सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को भी घटना से अवगत कराया और पीड़ित परिवार के यहां सपा प्रतिनिधिमंडल भेजकर मदद दिलाये जाने की मांग की। इस अवसर पर हाजी मौहम्मद उस्मान एडवोकेट, पूर्व प्रधान अमरेन्द्र चौधरी, ओमवीर प्रधान, रनवीर, जैन सिंह प्रधान, आले हसन, अमित कुमार, संजय, राहुल, दिनेश आदि मौजूद रहे।



# युवाओं को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में आगे आना चाहिए: से.नि. सीआरपीएफ इंस्पेक्टर हरस्वरूप पाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सेवानिवृत्त सीआरपीएफ इंस्पेक्टर हरस्वरूप पाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि देश की असली ताकत युवा हैं और यदि युवा सही दिशा में आगे बढ़ें, तो देश निरंतर प्रगति कर सकता है। हरस्वरूप पाल ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने 01 अप्रैल 1988 को सीआरपीएफ में सिपाही पद पर भर्ती ली थी। उनकी ट्रेनिंग बंगलौर में हुई, जिसके बाद उनकी पहली पोस्टिंग पंजाब के अमृतसर में हुई। उस समय पंजाब में उग्रवाद अपने चरम पर था। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस और जनता के सहयोग से वर्ष 1992 तक उग्रवाद पर काबू पाया गया। इसके बाद उनकी तैनाती कश्मीर में रही, जहां आतंकवाद और पत्थरबाजी बड़ी चुनौती थी। उन्होंने बताया कि कई युवाओं का ब्रेनवॉश कर उन्हें सुरक्षा बलों पर पत्थर फेंकने के लिए उकसाया जाता था। लेकिन सरकार और सुरक्षा बलों ने स्थानीय लोगों का विश्वास जीतने की दिशा में काम किया और युवाओं को पत्थरों के बजाय कलम और किताब उठाने के लिए प्रेरित किया। धारा 370 हटने के बाद कश्मीर में व्यापक बदलाव देखने को मिला। उन्होंने वर्ष 2019 के पुलवामा हमले को याद करते हुए कहा कि उस समय उनकी तैनाती कश्मीर में ही थी। उन्होंने स्वयं उन शहीद जवानों के पार्थिव शरीरों को तिरंगे में लिपटा देखा, जो अत्यंत भावुक और पीड़ादायक क्षण था। उन्होंने सवाल उठाया कि आतंकियों तक इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक कैसे पहुंचता है और बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाले विस्फोटकों का दुरुपयोग संभव है। वर्ष 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकियों ने सैलानियों से धर्म पूछकर हत्या की, क्योंकि उस क्षेत्र में सुरक्षा बलों की पर्याप्त मौजूदगी नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार आतंकियों को स्थानीय स्तर पर भी सहयोग मिल जाता है। हरस्वरूप पाल ने कहा कि भारत सरकार ने ऐसे हमलों का करारा जवाब दिया है और आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने बताया कि उनकी सेवानिवृत्ति पुणे से हुई।

अंत में उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारने का प्रयास करता है, लेकिन पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश जैसे कुछ देश भारत को कमजोर करने की कोशिश करते रहते हैं।



# टक्कर लगने से बाइक सवार पिता-पुत्र घायल

**कांठ (शाह टाइम्स)** टक्कर लगने से बाइक सवार पिता पुत्र घायल हो गए पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। गढी गांव निवासी फहद पुत्र नईम का कहना था कि 2 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे के करीब वह अपनी मोटरसाइकिल से 3 वर्ष के पुत्र फवाद के साथ सिकंद. राबाद से वापस आ रहा था जैसे ही गांव में कब्रिस्तान की पुलिया की तरफ मुड़ा वैसे ही पीछे की तरफ से आ रही एक मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी जिस पर तीन व्यक्ति सवार थे पीछे से टक्कर लगने से वह अपने बेटे के साथ बाइक समेत नीचे गिर गया।

जिसमें उसके और उसके बेटे के चोट आई मोटरसाइकिल भी छतिग्रस्त हुई पुलिस ने तहरीर मिलने पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# मेराजुद्दीन मक्खन शाह रहमत उल्लाह अलैह का उर्स मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मैराज उद्दीन मकखन शाह रहमत उल्लाह अलैह सूफी जव्वाद हुसैन अएहलेबैती सज्जादानशीन मुहल्ला किसरील, नया कुंआ, मुरादाबाद में माह रजब-उल-मुजर्रब के अनुष्ठान के लिए खानकाह पर श्रृद्धालुओं की तैयारी चल रही है। हिजरी-1447 के माह रजब-उल-मुजर्रब की तिथी 13, 14 और 15 जनवरी 2026 को दिनांक 3, 4 और 5 फरवरी 2026 को सुबह सात बजे से रात आठ बजे तक नजरों-नियाज का सिलसिला जारी रहेगा। सैकड़ो लोगों ने चादर पोशी कर दुआ मांगी है और सभी अकीदतमन्द मुरीदान शिरकत करके सवाब-ए-जारिया हासिल करने के लिए तैयार हैं। खानकाह पर श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और सभी लोग माह रजब-उल-मुजर्रब के अनुष्ठान में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं। इस अवसर पर मैराज उद्दीन मकखन शाह रहमत उल्लाह अलैह सूफी जव्वाद हुसैन अएहलेबैती सज्जादानशीन ने कहा कि माह रजब-उल-मुजर्रब एक पवित्र महीना है और इस महीने में की गई दुआएं अल्लाह के दरबार में स्वीकार होती हैं।

उन्होंने सभी श्रृद्धालुओं से अपील की है कि वे खानकाह पर आकर नजरों-नियाज का सिल. सिला जारी रखें और अपने जीवन में सुख-शांति की कामना करें।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 4 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# जरूरत है भरोसे की

मालदा की हालिया घटना और सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणियों ने पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर जनता के बीच बढ़ती नाराजगी, प्रशास. निक स्तर पर कमजोरियों के आरोप और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जाने की शिकायतों ने अविश्वास का माहौल और गहरा कर दिया है। मालदा के कालियाचक में घटी घटना, जिसमें उग्र भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को कई घंटों तक बंधक बनाकर रखा, यह दर्शाती है कि राज्य में हालात कितने तनावपूर्ण हो चुके हैं। लगातार विरोध-प्रदर्शन, सड़क जाम और प्रशासन के खिलाफ बढ़ती नाराजगी यह साफ संकेत देती है कि आम जनता के बीच स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर गहरी असंतुष्टि है। हालांकि किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथ में लेना उचित नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन इस घटना ने यह जरूर उजागर कर दिया है कि लोगों की चिंताओं को समय रहते सही तरीके से नहीं समझा गया। यह पूरी स्थिति प्रशासनिक विफलता की ओर भी इशारा करती है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आई कमजोरी के कारण ही न्यायपालिका को सख्त रुख अपनाना पड़ा। राज्य में लंबे समय से तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और पहले भी चुनावी कार्यों में लगे कर्मचारियों को असुरक्षा का सामना करना पड़ा है। यदि जिम्मेदार अधिकारी समय रहते हालात की गंभीरता को भांपने में असफल रहे, तो यह निश्चित रूप से उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है। चुनाव की घोषणा के बाद बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले भी प्रशासनिक स्थिरता को प्रभावित करने वाले कारकों में शामिल हैं। इस पूरे मामले में जनता की चिंताओं को समझना भी उतना ही जरूरी है। पहले जहां राज्य में लगभग 7.6 करोड़ मतदाता थे, वहीं पुनरीक्षण के बाद इसमें करीब 10 प्रतिशत की कमी सामने आई है। अंतिम सूची जारी होने के बाद लाखों मतदाताओं को विभिन्न कारणों से चिन्हित किया गया, जिनमें से बड़ी संख्या में आपत्तियों का निपटारा भी किया जा चुका है। इसके बावजूद नाम खारिज होने की दर काफी अधिक बताई जा रही है, जिससे लोगों में यह आशंका बढ़ी है कि कहीं योग्य मतदाता भी सूची से बाहर न हो जाएं। यही कारण है कि जनता के बीच अविश्वास का माहौल तेजी से गहराता जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने आश्वासन दिया है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित नहीं रहेगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट भी इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और उसने प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति जैसे कदम उठाए हैं, जो एक असाधारण पहल मानी जा रही है। इन परिस्थितियों में सबसे बड़ी आवश्यकता जनता और प्रशासन के बीच भरोसा बहाल करने की है। राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी भी यहां और बढ़ जाती है कि वे इस मुद्दे को केवल चुनावी लाभ-हानि के नजरिए से न देखें, बल्कि संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं को समझें।

## हमेशा महिला आरक्षण का समर्थन किया



कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच 16 अप्रैल से महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन पर चर्चा के लिए संसद की तीन दिवसीय बैठक बुलाना सरकार का एकतरफा निर्णय है और इस बैठक को लेकर विपक्ष को नजरअंदाज कर पूरी तरह से मनमानी की गई है, सरकार ने विपक्ष की मांग को दरकिनार करते हुए 16 अप्रैल से तीन दिन की संसद की बैठक बुलाई है, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि इस सत्र में महिला आरक्षण विधेयक के साथ-साथ परिसीमन का मुद्दा भी उठाया जा सकता है, परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अब तक कोई व्यापक चर्चा नहीं हुई है, कांग्रेस ने हमेशा महिला आरक्षण का समर्थन किया है।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# ईरान-अमेरिका युद्ध से दुनिया में महंगाई का लगा तड़का

**अमेरिका-ईरान तनाव से वैश्विक महंगाई के मुख्य कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आना है। संघर्ष के कारण आपूर्ति रुकने के डर से तेल के दाम 105 डॉलर के पार पहुंच गए हैं। इससे पेट्रोल-डीजल और ऊर्जा की कीमतें बढ़ रही हैं, जो हर तरह की महंगाई का मुख्य कारण है। होर्मुज जल डमरूमध्य के पास तनाव से समुद्री व्यापार प्रभावित हो रहा है।**






रोहिताश सिंह वर्मा

अमेरिका-ईरान और इजरायल युद्ध का आज 35 वां दिन है। इस बीच अमेरिका का कहना है कि ईरान ने अपना बहुत कुछ खो दिया है, जबकि ईरान ने अमे. रिका के दावों को झूठा बताया है, दोनों में से कौन झूठ बोल रहा हैं और कौन सच, ये तो वहां के लोगों और मीडिया से बेहतर और कोई नहीं जान सकता, लेकिन इसके बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारी महंगाई का संकट पैदा कर दिया है। दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हुए हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें 105 डालर प्रति बैरल के पार जाने से तेल संकट, परिवहन लागत में वृद्धि और आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। अमेरिका-ईरान तनाव से वैश्विक महंगाई के मुख्य कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आना है। संघर्ष के कारण आपूर्ति रुकने के डर से तेल के दाम 105 डॉलर के पार पहुंच गए हैं। इससे पेट्रोल-डीजल और ऊर्जा की कीमतें बढ़ रही हैं, जो हर तरह की महंगाई का मुख्य कारण है। होर्मुज जल डमरूमध्य के पास तनाव से समुद्री व्यापार प्रभावित हो रहा है।

इससे वस्तुओं की आवाजाही रुकने से खाद्य पदार्थों और अन्य कच्चे माल की लागत बढ़ रही है। युद्ध के डर से निवेशकों ने भारतीय सहित दुनिया भर के बाजारों से पैसा निकालना शुरू कर दिया है, जिससे आर्थिक अनिश्चितता बढ़ गई है। सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों के अमे. रिका से खफा होने और तनाव बढ़ने से तेल आपूर्ति का बड़ा संकट पैदा होने की आशंका है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा, उर्वरक आपूर्ति और व्यापार पर इसका सीधा और नकारात्मक असर पड़ने का खतरा है, जिससे देश में महंगाई दर बढ़ सकती है। भारतीय तेल बास्केट की कीमत मार्च में 113.49 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई है, जो पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक है। इससे पहले मार्च 2023 में यूक्रेन युद्ध के समय यह 112.87 डॉलर तक पहुंचा था, लेकिन बाद में कीमतों में नरमी आई थी। पिछले रविवार को हुई ओपेक देशों की बैठक में ऑयल उत्पादन बढ़ाने पर चर्चा की गई।

1 अप्रैल को भारतीय रिफाइनरियों के लिए कच्चे तेल की कीमत 120.84 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई, जबकि ब्रेंट क्रूड लगभग 107 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें फिलहाल 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी हुई हैं, जिससे दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है। आज शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमत में फिर से तेजी आई। बुधवार 1 अप्रैल से निजी ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी शेल इंडिया ने अपने आउटलेट्स पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है। इससे पहले नायरा एनर्जी ने भी तेल के दाम बढ़ा चुकी है। बेंगलुरु में शेल आउटलेट्स पर पेट्रोल की कीमतों में 7.41 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। अब सामान्य पेट्रोल की कीमत 119.85 और प्रीमियम पावर वेरिएंट की कीमत 129.85 प्रति लीटर हो गई है। डीजल की कीमतों में इससे भी अधिक 25.01 प्रति लीटर की भारी वृद्धि देखी गई है। सामान्य डीजल बढ़कर 123.52 और प्रीमियम डीजल 133.52 प्रति लीटर पर पहुंच गया है। हालांकि भारत सरकार की एजेंसियों ने अभी तक पेट्रोल व डीजल की कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। गौरतलब है कि दो हफ्ते पहले भी शेल ने कुछ फिलिंग स्टेशनों पर मामूली संशोधन करते हुए पेट्रोल में 2 से 2.50 प्रति लीटर और डीजल की कीमतों को 93.50 तक बढ़ाया था। शेल से पहले 27 मार्च को नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमशः 5 और 3 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। महाराष्ट्र में अब नायरा पंपों पर पेट्रोल 103.82 से बढ़कर 108.82 प्रति लीटर हो गया है, जबकि डीजल 90. 09 से बढ़कर 93.09 प्रति लीटर पर बिक रहा है। भारत का ऑयल बास्केट ओमान, दुबई (खट्टे ग्रेड) और ब्रेंट (मीठे ग्रेड) के औसत पर आधारित होता है। इसे पिछले वित्त वर्ष में प्रोसेस किए गए कच्चे तेल के अनुपात के अनुसार तय किया जाता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई जैसे प्रमुख उत्पादकों ने उत्पादन घटा दिया है। वहीं रूस का उत्पादन भी ड्रोन हमलों के कारण प्रभावित हुआ है। इस स्थिति को अब तक की सबसे बड़ी तेल आपूर्ति बाधा माना जा रहा है।

**एक अप्रैल को भारतीय रिफाइनरियों के लिए कच्चे तेल की कीमत 120.84 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई, जबकि ब्रेंट क्रूड लगभग 107 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें फिलहाल 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी हुई हैं, जिससे दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है। आज शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमत में पिफर से तेजी आई। बुधवार 1 अप्रैल से निजी ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी शेल इंडिया ने अपने आउटलेट्स पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है। इससे पहले नायरा एनर्जी ने भी तेल के दाम बढ़ा चुकी है। बेंगलुरु में शेल आउटलेट्स पर पेट्रोल की कीमतों में 7.41 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आर्थिक साम्राज्य और बालेन सरकार का शिकंजा

**पिछले दो दशक से इस शख्स की हैसियत इतनी थी कि यह न केवल गठबंधन दलों की सरकार बनाने बिगाड़ने की कुव्वत रखता था, संसद की राज्य व्यवस्था और सार्वजनिक लेखा समिति तक को प्रभावित करता था। दीपक भट्ट के खिलाफ वित्त मंत्रालय ने गोप. नीय जांच के आदेश दिए थे और जब उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा लिए गए तब दो अप्रेल को उसे काठमांडू के नक्शाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।**



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल की बालेन सरकार एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रही है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से खुली जंग के साथ सफेदपोश अपराधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बीच बालेन सरकार के वित्त मंत्री स्वर्णिम बाग्ले की काठमांडू में भारतीय राजदूत नवीन वास्तव से मुलाकात भी चर्चा में है। इस मुलाकात की चर्चा इसलिए भी मायने रखती है क्योंकि यह परंपरा से थोड़ा हटकर थी। परंपरा यह रही है कि जब भी नेपाल में सत्ता परिवर्तन होता है तो सर्वप्रथम भारतीय राजदूत से पहली मुलाकात विदेश मंत्री अथवा प्रधानमंत्री की होती थी।

यद्यपि कि भारतीय राजदूत और नेपाल के वित्त मंत्री की यह मुलाकात बेहद गोपनीय रही फिर भी जब बालेन सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त राजनेताओं और सफेदपोश अपराधियों पर लगाम कस रही है तो इस मुलाकात के तरह तरह के मायने निकाला जाना लाजिमी वह भी तब जब भ्रष्ट नेपाली नेताओं और भ्रष्ट अफसरों के तार भारत से जुड़े हुए हों। इस मुलाकात की एक बात यह भी हो सकती है कि चुनाव के बीच भारत ने नेपाल को भारतीय आठ सौ करोड़ की अनुदान राशि उपलब्ध कराई है,इस पर भी चर्चा संभव है। जहां तक बालेन सरकार के भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कसने की बात है तो वह केवल के पी शर्मा ओली ,रमेश लेखक, महेश बस्नेत और पूर्व उर्जा मंत्री की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। एमाले के अन्य नेता भी निशाने पर हैं। नेपाली कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा सहित इस पार्टी के अन्य नेता भी भ्रष्टाचार के आरा. ेप से घिरे हुए हैं। माओवादी केंद्र के अध्यक्ष पूर्व पीएम प्रचंड और पूर्व पीएम बाबू राम भट्टराई पर भी भ्रष्टाचार के आरोप है।

पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा सपत्नी अभी भारत में थे अब उनके थायलैंड में होने की चर्चा है शायद किसी बीमारी के इलाज के सिलसिले में। जाहिर भ्रष्टाचार में लिप्त नेपाली नेताओं का सुरक्षित ठिकाना भारत हो सकता है। भारतीय राजदूत और नेपाली वित्त मंत्री के मुलाकात में यह भी चर्चा का विषय हो सकता है। बालेन सरकार के भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में जिलाधिकारी स्तर के एकाध नेपाली अफसर भी सलाखों के पीछे हुए हैं। इसके बाद अभी मनी लांड्रिंग मामले में जो एक बड़े व्यवसाई की गिरफ्तारी हुई है, उससे व्यवसाय की आड़ में अवैध तरीके से धन अर्जन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इससे काठमांडू अथवा नेपाल में कहीं भी व्यवसाय की आड़ में लूट खसोट करने वाले सफेदपोशों में दहशत फैल गई है। गिरफ्तार किए गए दीपक भट्ट नाम के व्यवसाई का जो बैकग्राउंड सामने आया है वह काफी चौंकाने वाला है। और यह भी नेपाल जैसे छोटे देश में भी भ्रष्टाचार की जड़ें इतने गहरे तक है। नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा के चुनाव क्षेत्र डोडुलधुरा का रहने वाला दीपक भट्ट का संबंध नेपाली कांग्रेस के नेताओं के अलावा हर पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्रियों से काफी निकट के रहे हैं।

एक से बढ़कर एक काले कारनामों से लैस इस व्यवसाई की जब कुंडली खंगाली कई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इसमें एक तो यह भी कि डाक्टर बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे जब वे प्रधानमंत्री थे। बाबूराम भट्टराई से उसकी मुलाकात सत्ता रूढ़ दल के एक सांसद ने कराई थी जब वे नेपाली कांग्रेस में थे। डाक्टर बाबू राम भट्टराई बहुत ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहे लेकिन जितने दिन भी थे, सत्ता के गलियारे में दीपक भट्ट की तूती बोलती थी। दीपक भट्ट अपनी एक कंपनी के मार्फत बड़ा व्यवसायिक साम्राज्य खड़ा कर लिया था। इसी समय नेपाल पुलिस को हथियार सप्लाई की दलाली में भी इसके हाथ सने हुए पाए गए। 44 वर्षीय दीपक भट्ट काठमांडू के सानेपा क्षेत्र में रहता है। काठमांडू का यह क्षेत्र दिल्ली की लुटियंस जोन की तरह चर्चित राजनी. तिक गलियारा है। यहां राजनीतिक दलों के कार्यालय और नेताओं के आवास हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिक्षक, शोध और शिक्षा, सबका नया केंद्र बनेगी एनसीईआरटी

जब किसी देश की शिक्षा व्यवस्था करवट लेती है, तो बदलाव केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की दिशा और दशा दोनों बदल जाती हैं। भारत की शिक्षा यात्रा में 2026 का आरंभ ऐसा ही एक निर्णायक पड़ाव बन गया है। पिछले 6 दशकों से करोड़ों विद्यार्थियों को अपनी पुस्तकों के माध्यम से मार्ग दिखाने वाली एनसीईआरटी अब 'डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी' बनने जा रही है। अब वह केवल किताबें तैयार करने वाली संस्था नहीं रहेगी, बल्कि डिग्री प्रदान करेगी, शोध को बढ़ावा देगी, नए शिक्षकों का निर्माण करेगी और शिक्षा की नई नीतियों की आधारशिला रखेगी। यह बदलाव महज एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था को भीतर तक बदल देने वाली उस ऐतिहासिक क्रांति की शुरुआत है, जिसकी नींव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने रखी थी।

1961 में स्थापित एनसीईआरटी ने दशकों तक भारतीय विद्यालई शिक्षा की आधारशिला बनकर कार्य किया। देश के अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली पुस्तकें, पाठ्यक्रम और मूल्यांकन पद्धतियां इसी संस्था की दृष्टि से आकार लेती रहीं। इसकी किताबों ने गांव के छोटे विद्यालय से लेकर महानगरों के प्रतिष्ठित स्कूलों तक शिक्षा का एक समान आधार तैयार किया। लेकिन समय बदलने के साथ यह स्पष्ट हो गया कि केवल पाठ्यपुस्तकें तैयार कर देना पर्याप्त नहीं है। नई शिक्षा व्यवस्था को ऐसे विशेषज्ञों की जरूरत है, जो शिक्षा को गहराई से समझें, उस पर शोध करें और बदलते समय के अनुसार उसे नया स्वरूप दे सकें। यही सोच एनसीईआरटी को विद्यालई शिक्षा की सीमाओं से आगे बढ़ाकर उच्च शिक्षा के केंद्र में ले आई।

वर्ष 2023 में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली बार सार्वजनिक रूप से संकेत दिया था कि एनसीईआरटी को शोध और शिक्षक शिक्षा का राष्ट्रीय केंद्र बनाया जाएगा। लगभग 3 वर्षों की तैयारी, विशेषज्ञों की सिफारिशों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बाद अब यह निर्णय अंतिम रूप लेने जा रहा है। दिल्ली स्थित एनसीईआरटी मुख्यालय के साथ-साथ अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूर और शिलांग के क्षेत्रीय संस्थान भी इस नए स्वरूप का हिस्सा बनेंगे। इसका अर्थ केवल इतना नहीं कि एनसीईआरटी का दायरा बढ़ेगा, बल्कि यह कि देश के अलग-अलग हिस्सों में शिक्षा और शोध के नए केंद्र उभरेंगे। पहली बार विद्यालई शिक्षा और विश्वविद्यालई शोध एक ही मंच पर साथ दिखाई देंगे। डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने के बाद एनसीईआरटी को व्यापक शैक्षणिक अधिकार प्राप्त हो जाएंगे। अब वह स्वतंत्र रूप से डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर तक के पाठड्क्रम संचालित कर सकेगा। शिक्षा, मनोविज्ञान, बाल विकास, समावेशी शिक्षा, डिजिटल शिक्षण, बहुभाषी अध्ययन और शिक्षक-प्रशिक्षण जैसे विषयों में विशेष डिग्रियां दी जा सकेंगी। संस्था को अपने पाठड्क्रम स्वयं बनाने, शैक्षणिक ऋण बैंक प्रणाली लागू करने और राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचे में शामिल होने की स्वतंत्रता मिलेगी। इसके साथ ही विद. ेशी विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी, छात्र-शिक्षक आदान-प्रदान तथा नए परिसर खोलने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एनसीईआरटी का उद्देश्य लाभ कमाना नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाई तक पहुंचाना होगा। दशकों से भारतीय शिक्षा व्यवस्था दो हिस्सों में बंटी हुई दिखाई देती रही हैकृएक ओर स्कूल, दूसरी ओर विश्व. विद्यालय। विद्यालयों में पढ़ाई जाने वाली सामग्री और विश्वविद्यालयों में होने वाला शोध शायद ही कभी एक-दूसरे से जुड़ पाए। परिणामस्वरूप शोध पुस्तकालयों और रिपोर्टों तक सीमित रह गया, जबकि स्कूल पुराने ढर्रे पर चलते रहे। एनसीईआरटी का यह नया रूप अब इस दूरी को समाप्त करने वाला सशक्त सेतु बनेगा। जो विशेषज्ञ पाठ्यक्रम तैयार करेंगे, वही शिक्षक गढ़ेंगे और वही शिक्षा पर शोध भी करेंगे। इससे नई खोजें और नए विचार सीधे कक्षा तक पहुंचेंगे। बच्चों की पढ़ाई अधिक व्यावहारिक, वैज्ञानिक और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बन सकेगी। भारत की शिक्षा व्यवस्था में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक हमेशा से प्रशिक्षित और सक्षम शिक्षकों की कमी रही है। अनेक शिक्षक-प्रशिक्षण संस्थान आज भी पुराने पाठ्यक्रमों और पारंपरिक तरीकों तक सीमित हैं। ऐसे समय में एनसीईआरटी का यह नया स्वरूप शिक्षक-शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति ला सकता है। अब वह ऐसे पाठ्यक्रम प्रारंभ कर सकेगा, जिनमें डिजिटल शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा, समावेशी कक्षाएं और बहुभाषी अध्ययन जैसे आधुनिक विषय शामिल होंगे। क्षेत्रीय संस्थानों में पीजी और पीएचडी कार्यक्रम शुरू होने से युवा शोधकर्ताओं को विद्यालई शिक्षा की वास्तविक चुनौतियों पर काम करने का अवसर मिलेगा। उनके शोध के परिणाम सीधे पाठ्यक्रमों और शिक्षा नीतियों में दिखाई देंगे, जिससे शिक्षा अधिक जीवंत, प्रभावी और समयानुकूल बन सकेगी। हर बड़ा परिवर्तन अपने साथ चुनौतियां भी लाता है। एनसीईआरटी के सामने भी कई गंभीर प्रश्न हैं। कुछ शिक्षाविदों का मानना है कि यूजीसी के नियमों के अधीन आने से उसकी स्वतंत्र कार्यशैली प्रभावित हो सकती है। जिस संस्था की पहचान अब तक विद्यालई शिक्षा से रही है, उसके लिए विश्वविद्यालई ढांचे में ढलना आसान नहीं होगा। नए विभाग, प्रशिक्षित संकाय, शोध सुविधाएं, पर्याप्त बजट और प्रशासनिक सुधारों की आवश्यकता पड़ेगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उच्च शिक्षा की नई भूमिका निभाते हुए एनसीईआरटी अपनी मूल जिम्मेदारी, यानी स्कूल शिक्षा को मजबूत बनाने, से दूर न हो। यदि योजना, पारदर्शिता और गुणवत्ता पर बराबर ध्यान दिया गया, तो यही चुनौतियां उसकी सबसे बड़ी शक्ति बन सकती हैं। यदि यह परिवर्तन सफल हुआ, तो आने वाले समय में एनसीईआरटी केवल एक संस्था नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा का सबसे बड़ा केंद्र बन जाएगी। एक ओर देश का विद्यार्थी उसकी किताबों से पढ़ेगा, दूसरी ओर उसी संस्था का शोधकर्ता नई शिक्षा नीति तैयार करेगा और वही शिक्षक गढ़े जाएंगे, जो आने वाली पीढ़ियों को दिशा देंगे। यह ऐसा मॉडल होगा, जहां शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण एक-दूसरे से सीधे जुड़े होंगे। विकसित भारत का सपना केवल उद्योग, तकनीक और अर्थव्यवस्था से पूरा नहीं होगाय उसकी सबसे मजबूत आधारशिला शिक्षा ही बनेगी। एनसीईआरटी का यह नया स्वरूप उसी आधारशिला को अधिक मजबूत, व्यापक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है।






प्रो. आर.के. जैन

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### 'रैपिड सेंट्री' वायु रक्षा प्रणाली को तैनात करने पर बातचीत

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबा अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान कुवैत में ब्रिटेन की 'रैपिड सेंट्री' वायु रक्षा प्रणालियों की तैनाती को लेकर चर्चा की गई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने बताया कि स्टार्मर ने कुवैती तेल रिफाइनरी पर रात भर हुए ड्रोन हमले की निंदा की। दोनों नेता होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के प्रयासों पर मिलकर काम करने के लिए भी सहमत हुए।

### बंगलादेश में खसरे के प्रकोप से बढ़ रहे बच्चों के मौत के मामले

**ढाका।** बांगलादेश में खसरे का प्रकोप तेजी से बढ़ने से अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। देश के हर जिले में यह संक्रमण फैल चुका है और बच्चों की मौत के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 'ढाका ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल अब तक कम से कम 42 बच्चों की जान जा चुकी है। अगर जिला और निजी अस्पतालों के आंकड़े जोड़ें, तो यह संख्या 46 या उससे भी ज्यादा हो सकती है। पिछले 24 घंटों में ही संक्रमण के 685 नए मामले सामने आए हैं और चार बच्चों की मौत हुई है।

### स्विट्जरलैंड ने सौ से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को निकाला

**बर्न।** स्विट्जरलैंड ने शरण के कड़े नियमों के तहत पांच महीनों में 100 से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को निकाल दिया है। प्रवासन राज्य सचिवालय (एसईएम) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एक नवम्बर से पश्चिमी यूक्रेन के सात इलाकों से शरण मांगने वाले अब स्विट्जरलैंड में प्रोटेक्शन स्टेटस एस के लिए पात्र नहीं हैं। इस नए नियम के अनुसार, एसईएम ने फरवरी के आखिर तक 104 लोगों को यूक्रेन के लिए निकाल दिया। स्विट्जरलैंड की संघीय सभा अक्टूबर 2025 में उन लोगों को अस्थाई संरक्षण देने पर सहमत हुई थी, जिनका आखिरी घर यूक्रेन का कोई ऐसा इलाका था जो युद्ध क्षेत्र में है।

# अमेरिका को एक और यूरोपीय देश ने दिया झटका

## ऑस्ट्रिया ने ईरान से जुड़े सैन्य ऑपरेशनों के लिए अपने एयरस्पेस इस्तेमाल की अमेरिकी मांग ठुकराई



■ आस्ट्रिया ने पूरी तरह से अमेरिकी उड़ानों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है, बल्कि हर अनुरोध की समीक्षा तथ्यों के आधार पर की जा रही है

**वियना।** यूरोप के कई देशों ने अमेरिका के सैन्य अभियानों से दूरी बनानी शुरू कर दी है। इसमें सबसे नया नाम आस्ट्रिया का जुड़ गया है। जिसने ईरान से जुड़े सैन्य आपरेशनों के लिए अपने एयरस्पेस के इस्तेमाल की अमेरिकी मांग ठुकरा दी है।

आस्ट्रिया के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह फैसला देश के सख्त तटस्थता कानून के तहत लिया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से ब्राडकास्टर ओआरएफ ने पुष्टि की कि वाशिंगटन की ओर से कई अनुरोध आए थे, लेकिन हर मामले को विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर अलग-अलग आधार पर परखा जाएगा। हालांकि, आस्ट्रिया ने पूरी तरह से अमेरिकी उड़ानों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है, बल्कि हर अनुरोध की समीक्षा तथ्यों के आधार पर की जा रही है। यूरोप में यह रुख अकेला नहीं है। स्पेन, जो इस युद्ध का खुलकर विरोध कर रहा है, पहले ही अपने एयरस्पेस को संघर्ष में शामिल अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए बंद कर चुका है। वहीं इटली ने भी पिछले हफ्ते सिसिली स्थित अपने सैन्य अड्डे के इस्तेमाल की अनुमति अमेरिकी बमवर्षक विमानों को देने से इन्कार कर दिया था। यूरोपीय देशों के इन्कार से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी काफी खफा हैं। वो ट्रुथ के अलावा विभिन्न प्लेटफार्म्स पर खुलकर विरोध जता चुके हैं। कई मीडिया साक्षात्कार में खुले तौर पर नाटो और यूरोपीय देशों के खिलाफ राय जाहिर कर चुके हैं। लगभग हर दूसरे दिन वो ट्रुथ पर मदद न करने का तंज कसते हुए कह देते हैं कि अमेरिका याद रखेगा। जिस होर्मुज स्ट्रेट पर कब्जे का वो दावा करते थे अब उसे लेकर भी उन्होंने रुचि नहीं दिखाई है। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि अब उसकी जिम्मेदारी वो उठाएं, जिन्हें वहां से अपना सामान ले जाना है। हाल ही में डेली टेलीग्राफ को दिए एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने ईरान-इजरायल संघर्ष के दौरान नाटो सहयोगियों, खासकर ब्रिटेन और फ्रांस की ओर से सैन्य मदद न देने पर नाराजगी जताई। ट्रम्प ने नाटो को कागजी शेर करार दिया और अमेरिका के गठबंधन से बाहर निकलने की धमकी दी।



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आरएन रवि के साथ हाथ मिलाते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

### फ्रांस अकेले ही राफेल एफ-5 लड़ाकू विमान बनाने का खर्च वहन करेगा

**पेरिस।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ मतभेदों के कारण फ्रांस को अपने राफेल एफ5 लड़ाकू विमान परियोजना को अकेले ही वित्तपोषित करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। फ्रांसीसी समाचार पत्र 'ला ट्रिब्यून' की गुरुवार की रिपोर्ट में कहा गया कि फ्रांस के अनुरोध पर, यूएई पिछले साल के अंत तक लड़ाकू विमान के आधुनिकीकरण के लिए लगभग पांच अरब यूरो (5.4 अरब डॉलर) के कुल बजट में से 3.5 अरब यूरो की वित्तीय सहायता देने के लिए तैयार था।

# होर्मुज में ईरान-ओमान के साथ मिलकर करेगा खेल

## दोनों देशों का मुख्य उद्देश्य जहाजों के आने-जाने के रास्ते को आसान और सुरक्षित बनाना

**दुबई/तेल अवीव।** ईरान ने एक बड़ा दावा किया है। ईरान के राजनयिक काजेम गरीबाबादी ने बताया कि उनका देश ओमान के साथ मिलकर होर्मुज जलडमरूमधय की निंगरानी के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर रहा है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने इस खबर की जानकारी दी है। गरीबाबादी के अनुसार, इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य जहाजों के आने-जाने के रास्ते को आसान और सुरक्षित बनाना है। इसके साथ ही, इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों को बेहतर सेवाएं देना भी इस योजना का हिस्सा है। होर्मुज जलडमरूमधय फारस की खाड़ी का एक बहुत ही संकरा और व्यापार के लिए महत्वपूर्ण रास्ता है। पिछले कुछ समय में इस समुद्री क्षेत्र में जहाजों पर कई हमले हुए हैं। इन हमलों के पीछे ईरान का हाथ होने की बात कही जाती रही है। इसके अलावा ईरान पर आरोप भी लगे है कि ईरान इस संकरे रास्ते से गुजरने के बदले जहाजों से 20 लाख डालर तक की मांग करता है। जिसकी वजह से इस समुद्री मार्ग पर जहाजों की आवाजाही में काफी मुश्किलें पैदा हो गई हैं। फिलहाल यह साफ नहीं है कि ईरान के इस नए प्रस्ताव का असल में क्या मतलब होगा। ओमान ने अभी तक इस दावे को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है और न ही इसकी पुष्टि की है। भौगोलिक रूप से यह समुद्री रास्ता ईरान और ओमान की सीमाओं के भीतर आता है। इसके बावजूद इसे एक अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग माना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नियमों के मुताबिक, यहां से जहाजों को बिना किसी रुकावट के गुजरने की आजादी मिलनी चाहिए। ईरानी राजनयिक गरीबाबादी ने अपने बयान में यह भी कहा कि जब भी कोई आक्रामक कार्रवाई होती है, तो जहाजों के रास्ते में गंभीर समस्याएं आती हैं। उन्होंने आगे कहा, हम इस समय युद्ध की स्थिति में हैं। ऐसे में हम यह उम्मीद नहीं कर सकते कि शांति के समय वाले नियम युद्ध की स्थितियों में भी लागू होंगे। दूसरी ओर ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने को लेकर इजरायली जनता के समर्थन में 'लगातार गिरावट' आई है। एक नए सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है। तेल अवीव विश्वविद्यालय से संबद्ध थिक टैंक 'इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज' (आईएनएसएस) द्वारा गुरुवार को जारी सर्वेक्षण के अनुसार, ईरानी शासन को उखाड़ फेंकने तक अभियान जारी रखने के लिए सार्वजनिक समर्थन कम होता जा रहा है।



■ ईरान के खिलाफ जारी युद्ध के प्रति इजरायल में जनसमर्थन में आई गिरावट: सर्वेक्षण

### आईडीएफ ने ईरान से इजरायल की ओर मिसाइलें दागे जाने का पता लगाया

तेल अवीव। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा है कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइलों का पता लगाया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल के क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइलों की पहचान की। खतरे को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां सक्रिय हैं उल्लेखनीय है कि ईरान गत 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त सैन्य अभियान के जवाब में इजरायली क्षेत्रों और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहा है।

# ट्रम्प ने ईरान में तबाही मचाने की दी चेतावनी



■ कहा: अगर उनकी शर्तें नहीं मानी तो वह उनके नागरिक बुनियादी ढांचे-जैसे पुलों और विद्युत पावर प्लांट्स को निशाना बनाकर नष्ट कर देंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी दी है कि वह ईरान के और भी पुलों और बिजलीघरों को तबाह कर देंगे। उन्होंने ईरान से कहा है कि जो 'किया जाना चाहिए', उसे 'तेजी' से करे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उनकी शर्तें नहीं मानी तो वह उनके नागरिक बुनियादी ढांचे-जैसे पुलों और विद्युत पावर प्लांट्स को निशाना बनाकर तबाह कर देगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिकी सेना ने 'ईरान में अभी तक नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं की है' और कहा 'पहले पुल, फिर पावर प्लांट्स' को लक्ष्य बनाया जाएगा। उन्होंने लिखा कि अगला नंबर पुलों का है, फिर बिजलीघरों का! ईरान के नए शासन को पता है कि क्या किया जाना चाहिए और इसे तेजी से करना होगा। ट्रम्प की यह चेतावनी एक बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत अब ईरानी सैन्य ठिकानों के बजाय नागरिक सुविधाओं को निशाना बनाया जा रहा है। इसमें स्टील प्लांट, बिजलीघर और दवा कंपनियों पर हमले शामिल हैं।

# यूएन ने की भारतीय सैनिकों की सराहना

■ शांति रक्षक दल ने अफ्रीकी देश में दूर किया संकट, आम लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने दक्षिण सूडान में तैनात भारतीय शांति सैनिकों के प्रयासों की सराहना की है। इन सैनिकों ने पिछले साल बाढ़ से प्रभावित एक महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्ग को फिर से खोला है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि स्थानीय समुदायों की मदद करने में शांति मिशनों की भूमिका बहुत अहम है।

महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने न्यूयार्क में एक मीडिया वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण सूडान के मुश्किल समय में एक उम्मीद जगाने वाली खबर है। अपर नाइल राज्य में भारतीय इंजीनियरिंग यूनिट के सैनिकों ने मालाकाल-रेंक मुख्य सप्लाई मार्ग के एक बड़े हिस्से को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। यह रास्ता पिछले साल आई बाढ़ के बाद से पूरी तरह बंद था। उन्होंने कहा सैनिकों ने बाढ़ के पानी के बीच से जमीन को फिर से निकाला और सड़क का नया ढांचा तैयार किया। अब अकोका-किलो 20- पालोइच-रेंक के रास्ते एक नया मार्ग बन गया है। इससे इलाके में लोगों का आना-जाना सुरक्षित होगा। साथ ही, इस रास्ते से जरूरतमंद लोगों तक खाना और दवाइयां जैसी मानवीय सहायता पहुंचाना बहुत आसान हो जाएगा। दुजारिक ने कहा कि भारतीय सैनिकों की यह कोशिश दिखाती है कि शांति मिशन किस तरह स्थिरता बनाए रखने में मदद करते हैं। वे सबसे कठिन वातावरण में भी कमजोर नागरिकों तक जरूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र मिशन दक्षिण सूडान (यूएनएमआईएसएस) ने भी सोशल मीडिया पर इस सफलता की जानकारी साझा की है।

# जरीफ ने की अमेरिका के साथ शांति की अपील

**तेहरान।** ईरान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद जावेद जरीफ ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'लापरवाह आक्रमकता' का उल्लेख करते हुए उसके साथ शांति स्थापित करने की अपील की है। जरीफ ने कहा कि लंबी अवधि का संघर्ष केवल विनाश और अनिश्चितता को बढ़ाता है और स्थाई समाधान के लिए प्रत्यक्ष और वास्तविक बातचीत ही एकमात्र मार्ग है। उन्होंने सभी पक्षों से शांतिपूर्ण ढंग से विवाद सुलझाने और क्षेत्रीय तनाव को कम करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा है कि मौजूदा संघर्ष के किसी भी समाधान में ईरान के राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखना सबसे जरूरी है।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
फीस 100/- रूपये मात्र
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
J&J Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.